हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • बुधवार • 04.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 310 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### संतोष गंगवार बहरागोड़ा में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में हुए शामिल

# दीक्षांत शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों की शुरूआत है : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षांत केवल शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों की शुरूआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की वास्तविक निधि बताते हुए आह्वान किया कि वे अर्जित ज्ञान, मूल्य और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। वे मंगलवार को अरका जैन विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में उपाधिधारक विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।




राज्यपाल ने कहा कि हम झारखंड राज्य के राज्यपाल का पदभार ग्रहण के बाद से ही उच्च शिक्षा में सुधार के लिए प्रयत्नशील है। हम ग्रेडिंग सिस्टम में सुधार के लिए सतत प्रयासरत हैं। इस विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड मिलना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में सुधार के लिए कोई भी व्यक्ति सुझाव दे, तो सादर आमंत्रित है। उनकी इच्छा है कि झारखंड प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में सहभागी बनें। उन्होंने 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी योजनाओं को युवाओं के लिए नवाचार और उद्यमिता के अवसरों का माध्यम बताया।

राज्यपाल ने भारत की अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से तीसरा स्थान प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सैनिकों की वीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नया भारत है, जो शांति का पक्षधर है, लेकिन मानवता पर हमला होगा, तो यह देश चुप नहीं बैठेगा, क्योंकि दुश्मन को कुचलना भी जानता है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में 35-40 प्रतिशत छात्राओं की भागीदारी को सामाजिक जागरूकता और समरसता का सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को सिर्फ अकादमिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, कौशल विकास और नैतिकता से भी सज्जित करें। इस मौके पर उन्होंने जमशेदपुर की औद्योगिक परंपरा और टाटा समूह के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग, सेवा और सामाजिक दायित्वों का समन्वय ही सच्ची प्रगति का मार्ग है।

लोक सभा सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बहरागोड़ा प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक रहा है। आज यह क्षेत्र एक शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे झारखंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया।

उन्होंने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और युवाओं की सामर्थ्य पर विश्वास जताते हुए राज्य को एक आदर्श सामाजिक-आर्थिक मॉडल के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा सदस्य चम्पाई सोरेन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ईश्वरन अय्यर, शासी निकाय के सदस्य, अकादमिक परिषद्, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ सादगीपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया और संवाद किया। राज्यपाल के इस व्यवहार ने वहां उपस्थित सभी के हृदय को स्पर्श किया और अनेक लोगों ने उन्हें स्नेहपूर्वक 'पीपुल्स गवर्नर' की संज्ञा दी।

# आदिवासी संगठनों का आज 'झारखंड बंद'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड के प्रमुख आदिवासी संगठनों ने राज्यभर में मंगलवार को संपूर्ण बंद का एलान किया है। यह बंद आदिवासी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, जमीन विवाद और विकास योजनाओं से जुड़ी आपत्तियों के खिलाफ किया जा रहा है। संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप विवाद, लुगु बुरु, पारसनाथ पहाड़, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महदानी सरना स्थल जैसे मुद्दों को उठाते हुए विरोध की रणनीति बनाई है। संगठनों ने स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान सिर्फ आपातकालीन मेडिकल सेवाएं ही चालू रहेंगी। आम जनता से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था की समस्या न उत्पन्न हो। बंद समर्थकों का कहना है कि इन मुद्दों को लेकर पहले भी बंद बुलाया गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे में अब वे मजबूर होकर सड़कों पर उतर रहे हैं। जनता से अपील की गई है कि वे बंद के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, जिससे किसी भी टकराव या अफरा-तफरी की स्थिति से बचा जा सके।

**संगठनों की मुख्य मांगें हैं :**

- सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद का समाधान।
- मरांग बुरू, लुगु बुरु और पारसनाथ जैसे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा।
- मुधर हिल्स (पिठोरिया) और अन्य पारंपरिक स्थलों की रक्षा।
- तमाड़ और बेड़ो क्षेत्र के महदानी सरना स्थलों को बचाना।
- दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महदानी सरना स्थल का बचाव।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने की मुलाकात





**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात करने वाले अधिकारियों में उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम चंदन कुमार, उपायुक्त पलामू समीरा एस, उपायुक्त जामताड़ा रवि आनंद, उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज शामिल रहे। मुख्यमंत्री से पुलिस महानिरीक्षकप्रोविजन पटेल मयूर कन्हैया लाल, आईजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक चाईबासा अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम राकेश रंजन, एसपी हजारीबाग अंजनी अंजन, एसपी गोड्डा मुकेश कुमार, एसपी लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी, एसपी सिमडेगा मो. अर्शी, एसपी खूंटी मनीष टोप्पो ने भी शिष्टाचार मुलाकात की।

**एक नजर**

### आज होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद की अगली बैठक आज बुधवार, 4 जून को अपराह्न 4:00 बजे से आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में राज्य से जुड़े अहम प्रशासनिक, विकासात्मक और नीतिगत विषयों पर चर्चा की संभावना है। बैठक का एजेंडा विभागीय स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

### मोदी के छह जून को संभावित जम्मू दौरे के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी छह जून को संभावित जम्मू दौरे और बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक के उद्घाटन किये जाने की संभावना के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में, विशेष रूप से रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इससे पहले गत 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक को उद्घाटन खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक वीवीआईपी दौरे के बारे में अभी कुछ भी स्पष्ट रूप से जारी नहीं किया गया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है और उम्मीद है कि इस सप्ताहांत तक कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपने संभावित दौरे के दौरान दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खाद रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे तथा वह कटरा के खेल मैदान में सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित कर सकते हैं।

# असम में बाढ़ से 22 जिले प्रभावित, ब्रह्मपुत्र समेत 15 नदियां खतरे के निशान से ऊपर

एजेंसी

**गुवाहाटी :** लगातार बारिश से असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ब्रह्मपुत्र, सुबनसिरी, बुरीदिहिंग, धनसिरी, कपिली, बराक, रुकनी, धलेस्वरी, कटाखाल और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ से 22 जिले प्रभावित हैं। जिनमें लखीमपुर, नगांव, कछार, डिब्रूगढ़, माजुली, तिनसुकिया, शिवसागर, दरंग, गोलाघाट, कामरूप, मोरीगांव, होजाई, हैलाकांदी, धेमाजी, जोरहाट, शोणितपुर, बिस्वनाथ, कामरूप (एम), कार्बी आंगलोंग, कार्बी आंगलोंग वेस्ट, डिमा हसाओ और श्रीभूमि जिले शामिल हैं।




अब तक 1254 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। 5,15,039 लोग प्रभावित हुए हैं। 12,610.27 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई है। 65 राजस्व सर्कल प्रभावित हैं। 165 राहत शिविर और 157 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। 31,212 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं जबकि 1,54,177 लोग गैर-शिविर राहत केंद्रों से सहायता ले रहे हैं। होजाई में एक पुरुष की मौत की पुष्टि हुई है। हैलाकांदी और दिब्रूगढ़ से एक-एक पुरुष लापता हैं। कुल 4,67,851 पशु प्रभावित हैं जिसमें 1,56,253 बड़े, 1,06,216 छोटे और 2,05,382 पोल्ट्री। गोलाघाट में 2 बड़े पशु और लखीमपुर में 92 (65 बड़े, 27 छोटे) पशु बह गए। लखीमपुर में 84 कच्चे मकान पूरी तरह और 43 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। राहत व बचाव कार्यों में एसडीआरएफ, फायर एंड इमरजेंसी सर्विस, इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट, स्थानीय प्रशासन व लोग शामिल हैं। 122 मेडिकल टीमें और 50 नावें तैनात की गई हैं।

# देश में कोरोना संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत, सक्रिय मामलों की संख्या 4026 पहुंची

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गयी। अभी तक 2700 मरीजों को स्वास्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुयी है।

पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गयी। जिन पांच मरीजों की मौत हुई उनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के एक-एक, महाराष्ट्र के दो मरीज हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिये, या फिर मास्क का इस्तेमाल करने तथा कोरोना के नियमों का पालन करने को कहा है। कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1416 केरल में और उसके बाद 494 महाराष्ट्र में हैं। दिल्ली में 393 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 397, पश्चिम बंगाल में 372, कर्नाटक में 311, तमिलनाडु में 215, उत्तर प्रदेश में 138, राजस्थान में 75, हरियाणा में 44, आंध्र प्रदेश में 28, पुडुचेरी में 27, मध्य प्रदेश में 21, झारखंड, छत्तीसगढ और बिहार में 11-11, ओडिशा में 15, जम्मू-कश्मीर और पंजाब नौ-नौ, गोवा में आठ, असम में छह, सिक्किम और तेलंगाना में चार-चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड में तीन, मिजोरम में दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना के दो सक्रिय मामले हैं।

# पाकिस्तान के कराची में 216 कैदी जेल तोड़कर फरार भूकंप के झटकों ने बनाया 'बच निकलने का मौका'

एजेंसी

**कराची :** पाकिस्तान के कराची शहर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सोमवार रात को कराची की मलीर जेल में 216 कैदी जेल से फरार हो गए। यह घटना उस समय हुई जब भूकंप के झटकों के बाद जेल में अचानक अफरा-तफरी मच गई। पाकिस्तान में सोमवार रात भूकंप आया जिससे कराची और आसपास के इलाकों में डर और घबराहट फैल गई। सुरक्षा के लिहाज से जेल प्रशासन ने मलीर जेल में बंद कैदियों को बैरकों से बाहर मैदान में ला दिया। इस एहतियात के तहत करीब 700 से 1,000 कैदी एक साथ जेल के खुले हिस्से में जमा हो गए।




### कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों पर किया हमला, हथियार छीने

जैसे ही कैदी खुले मैदान में जमा हुए, कुछ कैदियों ने अचानक जेल के सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया। उन्होंने गाड्र्स से हथियार छीन लिए और जेल के अंदर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। इस हमले में जेल के कई गार्ड घायल हो गए। इस अफरा-तफरी में एक कैदी की मौत भी हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### मेन गेट तोड़कर भागे कैदी

हथियार छीनने के बाद कैदियों ने मुख्य गेट को जबरन खोल दिया और 216 कैदी भागने में कामयाब हो गए। सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लांजर ने पुष्टि की है कि कैदियों ने मुख्य दरवाजा तोड़कर जेल से फरार होने की साजिश को अंजाम दिया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो गए, जिनमें कैदी कराची की सड़कों पर भागते और घूमते दिखाई दे रहे हैं।

### जेलब्रेक के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की कार्रवाई शुरू


जेलब्रेक की इस बड़ी घटना के बाद कराची में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कराची पुलिस, रेंजर्स और एफसी (फ्रंटियर कॉर्प्स) ने मिलकर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। अब तक की गई कार्रवाई में मंगलवार सुबह तक 78 कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश तेजी से की जा रही है।

### शहरभर में लगे चेकपोस्ट और नाकेबंदी

इस घटना के बाद कराची में जगह-जगह चेकपॉइंट बनाए गए हैं। हाईवे और शहर के मुख्य रास्तों पर तलाशी अभियान चल रहा है, ताकि फरार कैदियों को पकड़ा जा सके। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। कराची के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी काशिफ अब्बासी ने जानकारी दी कि जेल से भागे 216 कैदियों में से कोई भी आतंकवादी या किसी गंभीर अपराध में आरोपी नहीं है। वे सामान्य आपराधिक मामलों के तहत जेल में थे।

यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इतनी बड़ी संख्या में कैदी जेल से भागे हों। 2013 में भी तालिबान ने डेरा इस्माइल खान जिले की जेल पर हमला कर 200 से ज्यादा कैदियों को छुड़ा लिया था। उस घटना के बाद देशभर की जेलों की सुरक्षा को कड़ा किया गया था। लेकिन इसके बावजूद कराची में दोबारा इतनी बड़ी चूक सामने आई है जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। कराची में मलीर जेल से 216 कैदियों का भागना पाकिस्तान की जेल सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 51.1 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद, विदेशी नागरिक गिरफ्तार



एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट की टीम ने मंगलवार को एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 करोड़ रुपये कीमत की कोकीन बरामद हुई है। उसने यह कोकीन अपने शरीर के अलग-अलग हिस्से में छिपा रखी थी। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम टीम कर रही है।

कस्टम सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उनकी एयर इंटेलीजेंस यूनिट को विदेश से ड्रग सहित तस्कर के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। जैसे ही संदिग्ध विदेशी एयरपोर्ट पर पहुंचा, तो उसे पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली। उस शख्स ने कमरबंद (ऑर्थो वेस्ट बेल्ट) और पैर के सहारे (काफ सपोर्टर) में कुल 5194 ग्राम कोकीन छिपा रखी थी। सफेद पाउडर जैसे दिखने वाले इस पदार्थ की फील्ड टेस्टिंग की गई, जिसमें यह कोकीन साबित हुई। इस कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 51.94 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बाद कस्टम टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर बरही पुलिस निकाला फ्लैग मार्च

**बरही :** बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज बरही पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का नेतृत्व बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल, जवान और अधिकारी मौजूद थे। यह फ्लैग मार्च बरही थाना परिसर से प्रारंभ होकर बरही चौक सहित चारों मुख्य मार्गों पर घूमते हुए पुनः थाना परिसर पर आकर संपन्न हुआ। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की और किसी भी तरह की अफवाह से बचने का आग्रह किया। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। बरही की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने भी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे पर्व को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। बकरीद पर्व के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर बरही प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है।

### पोकलेन मशीन की किस्त वसूली को लेकर मारपीट व छिनतई

**बरही :** सामंतो पेट्रोल पंप के निकट स्थित चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक और एक परिवार के बीच पोकलेन मशीन की किस्त वसूली को लेकर विवाद इस कदर बढ़ गया कि मामला मारपीट और छिनतई तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने बरही थाना में एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक राकेश सिंह ने बरही थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 198/25 में बताया कि गौरियाकरमा निवासी मो. अजमत अली और मो. कौसर अंसारी ने कंपनी से पोकलेन मशीन खरीदने के लिए 29,36,000 रुपये का ऋण लिया था। शुरूआत में कुछ किस्तें चुकाई गईं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से किस्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा था। प्रबंधक का आरोप है कि बकाया राशि की वसूली के लिए उन्हें और उनके तीन कर्मचारियों सुनील कुमार, दिलीप यादव और रूपेश कुमार को अजमत अली व कौसर अंसारी ने घर बुलाया और सुनसान जगह ले जाकर गाली-गलौज व मारपीट की। इसके अलावा अन्य जगहों से वसूली की गई 30,000 रुपये की राशि भी छीन ली गई। प्राथमिकी में मारपीट में सहयोग देने वाले मो. तौफीक अंसारी और एक अज्ञात व्यक्ति को भी नामजद किया गया है। इधर, मो. कौसर की पत्नी ने भी बरही थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 199/25 दर्ज कराई है।

### पुष्पा ने लिया कानून की पढ़ाई का संकल्प

**हजारीबाग :** सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अब शो एक प्रेरणादायक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पुष्पा करेगी कानून की पढ़ाई पूरी करने का सपना। इसी मोड़ पर प्रोफेसर राजवीर की एंट्री उनके सफर में नया रोमांच और भावनात्मक गहराई लेकर आती है। आगामी एपिसोड्स में, पुष्पा एक रिटायर्ड चपरासी घनश्याम की मदद करने की ठान लेती हैं, लेकिन उनकी योजना उल्टी पड़ जाती है। शो में भावनात्मक उथल-पुथल के बीच प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का कड़ा बयान – ₹कानून सिर्फ ताकतवरों के लिए होता है₹ – पुष्पा को झकझोर देता है। कॉलेज डिबेट में उनका टकराव और गहराता है, जहां पुष्पा की व्यावहारिक समझ को नजर अंदाज किया जाता है, लेकिन एक छात्र के समर्थन से शास्त्री के कठोर व्यवहार में दरार नजर आती है।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ एक दर्जन फरियादियों ने लगाया गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण, विद्यालय में नामांकरण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं।


**प्रमुख आवेदनों में**

कोर्रा लाखे से मोहम्मद फारूक ने बीपीएल के अंतर्गत अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करवाने हेतु आवेदन दिया। बहिमर कटकमसांडी से प्रियंका सिंह ने लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के संबंध में आवेदन दिए। हुडहुरू बाबा पथ, ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने के संबंध में आवेदन समर्पित किए गया। ग्राम बलौदर बड़कागांव, से हुरू महतो ने स्थल जाँच करवाने के संबंध में आवेदन समर्पित किये। कोलघट्टी से रंजना देवी ने बटवारा की गई भूमि पर रिश्तेदारों के द्वारा गृह निर्माण नहीं होने देने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन दिए। ग्राम भंडरा प्रखंड पदमा से, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी ने अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करने के संबंध में आवेदन देकर उपायुक्त से अपील की। चरही थाना क्षेत्र से निराला प्रसाद सिंह ने जमीन के सामने आवे तरीके से हो रहे अतिरिक्त कमल को रोकने के संबंध में उपायुक्त से समक्ष आवेदन समर्पित किया। ग्राम बेतलु प्रखंड केरेडारी से, घर बनाने के क्रम में रिश्तेदारों के द्वारा गाली-गलौज करने एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन दिए। ओकनी तेली टोला से, नमिता देवी ने अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अपनी बच्ची का नामांकन विद्यालय में करने के संबंध में उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। फूल कुमारी देवी ने गाँव के मुख्य मार्ग पर सड़क बनवाने हेतु आवेदन दिए। बनासो विष्णुगढ़ से निर्मल रजक ने विपक्षीगण द्वारा जमीन हड़पने एवं बाउंड्री वॉल तोड़कर रास्ता बनाने के सम्बंध में उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर गुहार लगाई।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## घाघरा डैम में नहाने के दौरान दो युवकों की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खिवई पंचायत स्थित घाघरा डैम में एक बड़ा हादसा हो गया। डैम में नहाने के दौरान पैर फिसलने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आशीष कुमार पासवान (निवासी बनादाग, कटकमदाग) और विशाल कुमार राम (निवासी बहेरी ओरिया, सदर) के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 25 से 26 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मैया सम्मान योजना के प्रचार-प्रसार के सिलसिले में घाघरा डैम क्षेत्र में पहुंचे थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वे डैम के किनारे कुछ समय के लिए रुके और नहाने लगे। इसी दौरान पैर फिसलने से पत्थर पर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेजा व्हाइट प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से डैम में सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हो सकें। प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है और परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।

## ग्रामीणों ने 13 दिनों के अथक प्रयास से 130 फीट नीचे से निकाले तीन शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर गांव में हुए कोयला खदान हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। जहां एनडीआरएफ ने हाथ खड़े कर दिए, वहां ग्रामीणों ने 13 दिन तक लगातार प्रयास कर वह कर दिखाया जो शायद किसी ने उम्मीद नहीं की थी। ये तस्वीरें हैं हजारीबाग के कंडाबेर गांव की, जहां 13 दिन पहले एक अवैध कोयला खदान ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। खावा नदी में अचानक आई बाढ़ ने तीन मजदूर ,प्रमोद साव, उमेश कुमार और नौशाद आलम को खदान में फंसा दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ ने चार दिनों तक पूरी ताकत झोंकी, लेकिन गहराई और पानी की वजह से वे असफल रहे। जब सरकारी सिस्टम थम गया, तब गांव वालों ने खुद मोर्चा संभाला। 13 दिनों तक ग्रामीणों ने न खुद आराम किया, न उम्मीद छोड़ी। जुगाड़ू टेक्नोलॉजी और आत्मबल के सहारे आखिरकार वे तीनों मजदूरों के शव 130 फीट गहराई से निकालने में सफल रहे। शव निकलते ही गांव में मातम पसर गया। 13 दिनों से जिन घरों में चूल्हा नहीं जला था, वहां अब सिर्फ रुदन सुनाई दे रहा है। गांव के हर कोने में बस एक ही चर्चा है कि तीन बेटे अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। फिलहाल तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां इनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। परिजनों की मांग है कि उन्हें आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिया जाए और मृतकों की पत्नियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, ताकि वे अपने जीवन को दोबारा पटरी पर ला सकें। वही देखना होगा कि प्रशासन अवैध बंद पड़े खदानों व माइंसों को स्थाई रूप से बंद कब करती है।

## चौपारण थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** थाना परिसर में ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। संचालन प्रखंड गुरु संभू नारायण सिंह कर रहे थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का संकल्प लिया। अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि त्यौहार खुशी और उल्लास का प्रतीक होता है। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर त्यौहार मनाए। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि प्रतिबंधित मांस अपने से दूर रखें ताकि समाज में सौहार्दपूर्ण बना रहे। कुबार्नी का मांस अपने गांव में ही बांटे ताकि बाहर किसी को गलत संदेह न हो। कुबार्नी के बाद वेस्ट मटेरियल को सेफ्टी से मिट्टी में दबा दे इधर-उधर ना फेक। सबसे महत्वपूर्ण बात हर गांव में व्हाट्सएप ग्रुप होती है, इसलिए आप अपने ग्रुप एडमिन को बकरीद की त्यौहार जब तक खत्म नहीं हो जाती। तब तक ग्रुप को ओनली कैन एडमिन कर दे। ताकि कोई भी व्यक्ति किसी तरह का विवादित फोटो पोस्ट ना डाल सके। कहा कि त्यौहार में सामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं ऐसे लोगों से सतर्क रहना जरूरी है अफवाह या भ्रामक सूचना से सावधान रहे। प्रशासन हर स्तर पर पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। इसके साथ थाना प्रभारी ने अपने पंचायत वासियों को आग्रह करते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 9 बजे तक अदा करने की कोशिश करे। मौके पर अभिमन्यु प्रसाद भगत, रेवाली पासवान, अनीश अंसारी, जहांगीर अंसारी, मुख्तार आलम, विजय कुमार, विकास कुमार यादव, सनाउल्लाह अंसारी, सौकत अली, जमाल अंसारी, गुलबहार अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## वन विभाग ने मुडिया रक्षित वन से अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर किया जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुड़िया जंगल में अवैध बालू खनन की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार को तीन बालू लदे ट्रैक्टरों को जप्त किया गया। यह कार्रवाई गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।वनरक्षी जैनेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय वन संरक्षक डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि मुड़िया जंगल क्षेत्र से बालू लदे तीन ट्रैक्टर जल्द ही निकलने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने चौपारण पुलिस की मदद से तत्काल एक विशेष छापामारी दल गठित किया और मुड़िया जंगल क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैक्टरों को मौके पर ही पकड़ लिया। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को चौपारण कार्यालय लाया गया है, जहां वन अधिनियम की धाराओं के तहत वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्रवाई में वनरक्षी जैनेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अयूब अंसारी, चौपारण थाना पुलिसकर्मी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल थे। गौरतलब है कि गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र झारखंड राज्य का एक संरक्षित वन क्षेत्र है, जिसे 1976 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 18 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया था। यह क्षेत्र न केवल जैव विविधता से समृद्ध है, बल्कि यहां वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने की दृष्टि से कोई भी खनन, वनोपज संग्रह, या यांत्रिक गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# हजारीबाग में नकली पनीर का गोरखधंधा बेनकाब, 200 रुपये में मौत का सौद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग में नकली पनीर का गोरख धंधा खूब चल रहा है जब से जिला प्रशासन में 4000 किलो नकली पनीर जप्त किया है लोगों के होश उड़ गए हैं कि वह जो पनीर का सेवन कर रहे थे वह असली है या नकली ऐसे में बाजार भी प्रभावित हुआ है तो दूसरी ओर अब जिला प्रशासन व्यापक रूप से नकली पनीर के खिलाफ अभियान चलाने जा रही है जिसमें हर एक दुकान से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा हजारीबाग उपायुक्त शशि कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य के साथ अगर जिले में किसी भी तरह का खिलवाड़ होता तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हजारीबाग के समाज सेवी मनोज गुप्ता का भी कहना है कि नकली पनीर का खेल हजारीबाग में कोई नया नहीं है झंडा चौक से लेकर डेली मार्केट बड़ा बाजार सुरेश कॉलोनी यह सभी नकली पनीर का मंडी है जहां खुलेआम नकली पनीर बिकता है जिला प्रशासन ने जब से कार्रवाई की है तो लोगों में जागरूकता तो जरूर हुआ है लेकिन स्वास्थ्य के साथ जिस तरह से हजारीबाग में खिलवाड़ किया जा रहा है इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर आम जनता दोषी है क्योंकि आम जनता बेहद कम मूल्य में पनीर खरीदना पसंद करते हैं। हजारीबाग के चिकित्सक निखिल आनन्द का भी कहना है कि नकली पनीर खाने से लीवर के साथ-साथ पेट में भी प्रॉब्लम हो सकता है अगर लगातार नकली पनीर का सेवन किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है क्योंकि इसमें केमिकल के साथ-साथ वैसे सामान का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। वही दूध पनीर के स्थानीय उत्पादक काली गोप कहते हैं की असली पनीर का दाम 450 से 500 रुपये किलो पड़ता है लेकिन जो नकली पनीर बाजार में उपलब्ध है वो 200 से लेकर 260 रुपये तक आसानी से मिल जाता है स्थानीय छोटे उत्पादक भी चाहते हैं कि नकली पनीर का गोरखधंधा जल्द से जल्द बंद हो।

## संक्षिप्त खबरें

### साप्ताहिक टीकाकरण सुदृढ़ीकरण बैठक का हुआ आयोजन



**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एक साप्ताहिक टीकाकरण सुदृढ़ीकरण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने की। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने निर्देशित किया कि सभी एएनएम और सीएचओ निर्धारित टीकाकरण स्थल पर समय पर पहुंचें ताकि टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। साथ ही, टीकाकरण से पूर्व ड्यू लिस्ट जो बच्चों को टीका लगना है, उनकी सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि किसी भी बच्चे का टीकाकरण छूट न पाए। उपाधीक्षक ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके। बैठक का उद्देश्य टीकाकरण अभियान को अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाना था, जिससे समुदाय में स्वास्थ्य सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। बैठक में डॉ मयंक प्रताप सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, बीडीएम मोजाहिर अहसन, एचएम सुधांशु शिखर, एमपीडब्लू संतोष एवं उपेंद्र कुमार दास शामिल थे।

### मांडू विधायक का महिलाओं ने किया विरोध



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को मांडू विधायक तिवारी महतो के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया था। आयोजन से ठीक पहले लगभग 100 की संख्या में महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय गेट से प्रखंड कार्यालय तक रैली निकालकर मांडू विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। नारेबाजी के दौरान मांडू विधायक मुदार्बाद, असामाजिक लोगों को संरक्षण देना बंद करो,गैर मजरूआ जमीन में दखल अंदाजी बंद करो, असामाजिक तत्वों को संरक्षण देना बंद करो , गरीब जनता को परेशान करना बंद करो, तिवारी महतो हाय -हाय मांडू विधायक तिवारी महतो मुदार्बाद, आजसू पार्टी मुदार्बाद समेत पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष के विरोध में नारे लगे।

### धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है : शेफाली गुप्ता



**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखण्ड के ग्राम रोमी में आयोजित मां सर्व सिद्धिदात्री देवी मंडप का जीर्णोद्धार सह शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता का एहसास हुआ। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर अध्यक्ष अजय राणा, सचिव सुरज यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, बिरू राणा, सुबोध कुमार, सुरेश साव सहित बड़ी संख्या में जलयात्री एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हजारीबाग खासमहल की रिज्यूम भूमि से अतिक्रमण हटाया गया, निर्माण कार्य पर रोक

**हजारीबाग :** सदर अंचलाधिकारी मयंक भूषण और मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर के नेतृत्व में मंगलवार को हजारीबाग जिले के मौजा ओरिया में प्रशासनिक कार्रवाई की गई। यहां खास महल की रिज्यूम जमीन पर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य को रोकते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया।प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को रोका और जमीन को खाली कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण कानूनन अवैध है और इस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से स्थानीय प्रशासन ने एक सख्त संदेश दिया है कि सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पटेल इंटर महाविद्यालय, मासीपीढ़ी का इंटर परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हजारीबाग :** झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के परिणामों में पटेल इंटर महाविद्यालय, मासीपीढ़ी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 सफलता दर दर्ज की, जिनमें 70 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं छात्रा आकांक्षा कुमारी ने 418 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सुभाष कुमार ने 408 अंक, अफसाना प्रवीण एवं रितेश कुमार ने 405 अंक, रिया कुमारी ने 392 अंक तथा मो० कामरान ने 389 अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। निदेशक डॉ. सचिदानंद कुमार, सचिव चितरंजन कुमार तथा प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमारा संस्थान निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित है।महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने भी विद्यार्थियों को इस सराहनीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और आने वाले वर्षों में इसी प्रकार के परिणामों की आशा व्यक्त की।

## एक नजर

### झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत मौसम हुआ सुहाना



**रांची:** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में मंगलवार की दोपहर के बाद हुई झमाझम बारिश से लोगों को प्रचंड गर्मी से काफी राहत मिली। बारिश होने से मौसम भी काफी सुहाना हो गया। बारिश के बाद तापमान में छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और यह 35 डिग्री से गिरकर 29 डिग्री पहुंच गया। इसके पूर्व सुबह से कडी धूप रही। इससे लोगों भारी गर्मी का एहसास हुआ। लेकिन दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और कुछ देरी में ही बूंदों के रूप में बरसने लगे। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। हालांकि बारिश के बाद मौसम बिल्कुल साफ हो गया, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। उल्लेखनीय है कि झारखंड के सभी जिलों में इन दिनों तापमान में काफी वृद्धि हुई है और मौसम आग उगल रहा है। कई जिलों में तापमान लगभग 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है।

### कौशल विकास की दिशा में निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी : अरवा



**रांची :** टाटीसिल्वे में स्थित झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 80 छात्रों ने बेसिक कंप्यूटर एंड इंटरनेट विद फोटोशॉप कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने युवाओं को कौशल विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता के साथ-साथ अनुशासन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने संस्थान में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और छात्रों की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने किया।

### हातमा मौजा में भगवान शिव-पार्वती का पट घुमाया गया, झूमे भक्तं

**रांची:** हातमा मौजा क्षेत्र में मंगलवार को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सैकड़ों भोक्ताओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के पवित्र पट को लेकर करमटोली और नगाड़ा टोली के घर-घर भ्रमण किया। इस परंपरा ने श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। गुरुजी गोस्वामी ने बताया कि 7 और 8 जून को मंडा पूजा का आयोजन होगा, जिसमें 300 से अधिक भोक्ता भाग लेंगे। सुबह होते ही सभी भोक्ता पारंपरिक वेशभूषा में पैरों में घुंघरू, हाथों में बेथ और सिर पर पगड़ी बांधे शिव बूढा मंदिर में एकत्र हुए। मंदिर परिसर में पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई और ढाक की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके बाद शिव-पार्वती के प्रतीकात्मक पट को लेकर श्रद्धालु मोहल्लों की ओर रवाना हुए। पट के घरों में प्रवेश करते ही पूरे वातावरण में जैसे ऊर्जा का संचार हो गया। भक्तों ने पट को पवित्र जल से स्नान कराया और सिंदूर, अरवा चावल, पुष्प व अगरबत्तियों से आरती उतारी। पट पर अर्पित जल को घर के छप्पर पर छिड़का गया। जैसे ही यह जल नीचे गिरा, घर की महिलाएं उसे अपने आंचल में समेटती नजर आईं।

# पुलिसकर्मियों पर हमला, थाना प्रभारी सहित पुलिस जवान घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्राम सभा में लापुंग थाना के पुलिसकर्मियों पर हमला करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक राम ने बताया कि लापुंग में जमीन विवाद को लेकर चल रहे ग्राम सभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्राम सभा में पहुचे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया। इस



हमले में थाना प्रभारी को सिर में चोट लगी है। जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। घायल थाना प्रभारी का लापुंग में ही प्रारंभिक इलाज करवा कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है । ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद है। पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को कुछ बाहर से आए लोग भड़का रहे हैं। इस बीच डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने घायल थाना प्रभारी से अस्पताल में मुलाकात की और स्वास्थ्य का जानकारी ली। एसएसपी ने डॉक्टर से बातचीत कर घायल थाना प्रभारी और जवान का बेहतर इलाज करने का अनुरोध किया। मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## बालू माफियाओं ने खबर कवर कर रहे पत्रकार पर किया हमला



**रांची :** राजधानी में बालू माफियाओं के हौसले दिन प्रतिदन बुलंद होते जा रहे हैं। वे आये दिन लोगों को निशाना बना रहे हैं। सोमवार की देर रात भी बालू माफियाओं ने अवैध बालू लदे वाहन की खबर कवर कर रहे टीवी पत्रकार विजय गोप पर हमला किया है। विजय गोप ने मंगलवार को इस संबंध में बताया कि उन्होंने पिठोरिया थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। थाना में दर्ज अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि 2 जून की रात करीब 11 बजे, उन्हें सूचना मिली कि पिठोरिया चौक से रांची जाने वाले रास्ते पर ग्रामीणों ने एक अवैध बालू लदे हाइवा को रोका है। सूचना मिलने के बाद रिपोर्टिंग करने के उद्देश्य से वे अपने एक पत्रकार साथी के साथ मौके पर पहुंचे।

## सेल यूनिट रांची ने रॉकमेंस ब्लू को 111 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ए.ऊर. सुपर डिवीजन क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में सेल यूनिट रांची क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेकन ग्राउंड पर रॉकमेंस ब्लू को 111 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, सेल यूनिट ने 44.2 ओवर में 210 रन बनाए। टीम के लिए उत्तम कुमार (58 रन, 62 गेंद) और मोहित कुमार (58 रन, 63 गेंद) ने अर्धशतक लगाकर मजबूत नींव रखी। जवाब में रॉकमेंस ब्लू की टीम दबाव में आकर सिर्फ 99 रन पर 23.3 ओवर में ऑलआउट हो गई। हालांकि नितीश यादव ने 36 रनों की पारी खेली, पर टीम के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। गेंदबाजी में मैंन ऑफ द मैच पंकज यादव ने 4 विकेट मात्र 21 रन देकर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं प्रशांत सुमन ने 6 ओवर में 3 मेडन, 4 रन और 2 विकेट लेकर रॉकमेंस ब्लू की कमर तोड़ दी। विकाश कुमार ने भी 2 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ सेल यूनिट रांची आत्मविश्वास के साथ फाइनल में पहुंच गई है, जबकि रॉकमेंस ब्लू का सफर यहीं समाप्त हो गया।

## मालवा और झारखंड चेंबर साथ मिलकर करेंगे काम : गट्टानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के आमंत्रण पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने साथ मिलकर काम करने की बात कही। चेंबर अध्यक्ष ने मंगलवार को बताया कि इंदौर प्रवास के दौरान बाईलैटरल मीटिंग में शामिल होकर उन्होंने झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच व्यापारिक अवसर के निर्माण और उद्योग जगत को सशक्त बनाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। चेंबर अध्यक्ष ने झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर के बीच एक ज्वाईंट वर्किंग ग्रुप बनाने का प्रस्ताव दिया। ताकि, संयुक्त प्रयास से



पारस्परिक निवेश, क्रॉस इंवेस्टमेंट, बिजनेस डेलिगेशन और इंडस्ट्रीयल पार्टनरशीप को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य की मौजूदा योजनाओं और नीतियों का लाभ उद्यमियों को दिलाने में संयुक्त प्रयास किया जा सके। चेंबर अध्यक्ष ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इकोनॉमिक प्रॉसपैरिटी का रास्ता आपसी सहयोग में निहित है। झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर एक साथ मिलकर पूर्वी भारत और मध्य भारत के लिए कैटलिस्ट ऑफ ग्रोथ के रूप में काम कर सकते हैं। चेंबर अध्यक्ष ने झारखंड में फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल समेत कई सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर बल देते हुए संतोष व्यक्त किया कि औद्योगिक विकास के उत्थान में हमारी सरकार मददगार है।

## रैंप बनाकर आदिवासियों की संस्कृाति पर हुआ कुठाराघात : डॉ आशा लकड़ा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने मंगलवार को सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के समीप सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर के दो पिलर के बीच 12 मीटर का गैप है और रैंप की लंबाई 300 मीटर है। रैंप के आगे-पीछे काफी जगह है। डॉ आशा लकड़ा ने अधिकारियों को से नई तकनीक का उपयोग कर रैंप के नजदीक ऊंचाई बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रैंप को हटाकर पिलर का निर्माण कराने और सरना स्थल के समीप ऊंचाई बढ़ाने को कहा। ताकि सरहुल की शोभायात्रा में शामिल आदिवासी समाज के लोगों को केंद्रीय सरना स्थल के परिसर तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**अधिकारियों को नजर नहीं आया सरना स्थल**

उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर का डीपीआर बनाते समय जिन अधिकारियों ने स्थल जांच किया और शोध किया, उन्हें रैंप के आगे-पीछे क्या है, इस पर ध्यान देना चाहिए था। लेकिन उन्हें सिर्फ रेलवे लाइन का क्रासिंग रैंप के आगे स्थित पेट्रोल पंप पर ही ध्यान गया। संबंधित अधिकारियों को आदिवासी समाज का केंद्रीय सरना स्थल नजर ही नहीं आया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरना स्थल आदिवासियों का सांस्कृतिक स्थल है। उसका संरक्षण करना चाहिए था। सरहुल आदिवासी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है। इस त्योहार में लाखों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल होकर केंद्रीय सरना स्थल पहुंचते हैं। डीपीआर बनाते समय संबंधित अधिकारियों ने केंद्रीय सरना स्थल के सामने रैंप का डिजाइन तैयार कर आादिवासियों के सांस्कृतिक धरोहर पर कुठाराघात किया है। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि आादिवासी समाज के सांस्कृतिक धरोहर को बचाए। ताकि आदिवासियों की संस्कृतति का संरक्षण हो और वह सुरक्षित रहे।

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन के लिए ट्रायल सात को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य अंडर-15 बालक फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और बालिका फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम के चयन ट्रायल का आयोजन होगा। सात जून को होनेवाला ट्रायल रांची के मोरहाबादी स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र मोरहाबादी में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 2010, 2011 जन्मतिथि वाले खिलाड़ी भाग ले पाएंगे (एवं 2012 जन्म तिथि वाले खिलाड़ियों को मेडिकल सर्टिफिकेट, पैरेंटल सर्टिफिकेट) वाले प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन को लेकर ट्रायल में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद से जारी जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र की मूल और छाया प्रति एवं अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा। ये है खिलाड़ियों का भार वर्ग अंडर -15 के लिए बालक फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन के लिए 1-38 किलोग्राम, 2-41 किलोग्राम, 3-44 किलोग्राम, 4-48 किलोग्राम, 5-52 किलोग्राम, 6-57 किलोग्राम, 7-62 किलोग्राम, 8-68 किलोग्राम,9-75 किलोग्राम और 10-85 किलोग्राम शामिल है। बालिका फ्रीस्टाइल के लिए 1-33 किलोग्राम, 2-36 किलोग्राम, 3-39 किलोग्राम, 4-42 किलोग्राम, 5-46 किलोग्राम, 6-50 किलोग्राम, 7-54 किलोग्राम, 8-58 किलोग्राम, 9-62 किलोग्राम और 10-66 किलोग्राम शामिल है।

## नरेन्द्र मोदी सरकार विकसित भारत के लिए संकल्पित, हेमंत सरकार विकास विरोधी : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को "विकसित भारत का अमृत काल,सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, सभी जिलों की आयोजन समिति सहित विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष ,पदाधिकारी और सोशल मीडिया के प्रमुख शामिल रहे। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुये प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश




की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष खरा उतर रही है। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर किया है। मरांडी ने कहा कि एक तरफ भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के अमृत काल में सेवा ,सुशासन और गरीब कल्याण के साथ अपने 11वें वर्ष को पूरा कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ हेमंत सोरेन की सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी लूट ,भ्रष्टाचार,अपराध से ऊपर नहीं उठ पा रही है। हेमंत सरकार पूरी तरह विकास विरोधी ,जन विरोधी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों को लेकर राज्य की जनता तक जाएगी, तो दूसरी ओर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नाकामियों को उजागर करेगी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और कार्यक्रम एक दूसरे के पूरक हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला को धरातल पर उतारने के लिए पार्टी कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने 5 जून से लेकर 30 जून तक पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 5 जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता वृक्षारोपण अभियान शुरू करेंगे, जो 15 अगस्त तक चलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पलामू डीसी सहित कई आईएएस सीएम से मिलें



**रांची :** पलामू की डीसी समीरा एस ने मंगलवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने कई जिले के डीसी पहुचे थे, सभी ने एक-एक कर मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट थी। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले झारखंड सरकार ने कई जिलों के डीसी का तबदला करते हुए नए डीसी की पदस्थापना की थी। सभी नए डीसी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।

### प्रदेश राजद के प्रवक्ता का पैसा लेकर आरोपित फरार, आठ दिनों बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**रांची:** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज ने मंगलवार को एसएसपी को पत्र लिख कर शिकायत की है कि आठ दिनों के बाद भी आवेदन देने के बाद बरियातू थाना की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि मकान में पुटटी और डेंटिंग-पेंटिंग के नाम पर 74 हजार पांच सौ रुपये की ठगी की गई है । उन्होंने कहा कि उन्होंने इस संबंध में 25 मई को बरियातू थाने में आरोपितों बबलू आलम, मुस्तफा अंसारी का दामाद आसिफ अंसारी के विरूद्ध मामला दर्ज करने का आवेदन दिया था, लेकिन आरोपितों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि आरोपितों को उन्होंने बरियातू स्थित जनता फ्लैट की डेटिंग-पेंटिंग करने के एवज में पैसे दिए थे। डॉ मनोज ने बताया कि उन्होंने थाने में साक्ष्य भी उपलब्ध कराया है, लेकिन आरोपितों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और वे आराम से घूम रहे हैं। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### 156वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 156 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। शंकर सुवन केसरी नंदन तेज प्रताप महा जग वंदन के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । शिवेंद्र प्रताप सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपमंत्री अनिल नारनौली शिवेंद्र प्रताप सिंह वंदना धवल श्वेता देवीशा सिंह अंकित सिंह कृष्णा अग्रवाल हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके अपनाए प्रशासन : नायक

**रांची :** उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने लापुंग में पुलिस-आदिवासी समाज के बीच झड़प होने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही और गहरा दुख और चिंता व्यक्त करते हुए आगे कहा कि रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में 3 जून 2025 को एक ग्रामसभा के दौरान जमीन विवाद को लेकर पुलिस और आदिवासी समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इस घटना में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सहित कई पुलिसकर्मियों और आदिवासी समुदाय के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हम इस हिंसक घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। श्री नायक ने आदिवासीयो के संस्कृतिक रुप से जुड़े हुए जमीन विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके अपनाए जाने चाहिए। यह अत्यंत खेदजनक है कि स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच टकराव हुआ। मंच का मानना है कि आदिवासी समुदाय के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संवाद और सहमति ही एकमात्र रास्ता है।

### झारखंड बंद की पूर्व संध्या पर आदिवासी संगठनों ने मशाल जुलूस निकाला, किया विरोध प्रदर्शन



**रांची :** सिरम टोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर आज मंगलवार शाम जयपाल सिंह मुंडा मैदान से मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में शामिल लोग पैदल मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचे। मशाल थामे लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि अब और अन्याय नहीं सहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने एलान किया कि 4 जून को झारखंड बंद रहेगा, जिसमें राज्यभर के आदिवासी समुदाय अपना भागीदारी करेंगे। आरोप लगाया कि हेमंत सरकार न केवल उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े सिरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि आदिवासी जमीन भी छीनी जा रही है। आदिवासी संगठनों ने राज्य के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को भी मुद्दा बनाते हुए कहा कि यहां शिक्षक नहीं हैं, सुविधाएं नहीं हैं।

## एक नजर

### बालीडीह के शामबली पेट्रोल पंप मैनेजर पर असमाजिक तत्वों द्वारा हमला

**बोकारो :** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा स्थित शामबली पेट्रोल पंप पर मैनेजर संजय कुमार पाठक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना की शुरूआत तब हुई जब मैनेजर ने एक गाड़ी के ड्राइवर से अपनी गाड़ी को सही तरीके से पार्क करने को कहा, ताकि पेट्रोल पंप पर आने-जाने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो। इसके बाद ड्राइवर और उसका साथी मैनेजर से बहस करने लगे और बाद में लड़ाई छिड़ गई। मैनेजर ने इसकी लिखित शिकायत बालीडीह ओपी थाना में दर्ज कराई। जब मैनेजर थाना से लौटकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे, तो कई लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पूरी घटना को सीसीटीवी कैमरे में कैद कर लिया गया।

### स्टील सिटी स्टेशन पर यात्री की मदद, आरपीएफ ने खोया हुआ बटुआ वापस दिलाया

**बोकारो :** स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर प्लेट फॉर्म नंबर 2 की जांच के दौरान क्यूआरटी टीम के सीटी हेमराज मीना ने एक यात्री को संकट की स्थिति में देखा। ड्यूटी पर तैनात क्यूआरटी टीम और रेलवे स्टाफ के पूछने पर यात्री ने अपना नाम अरित्रा मुखर्जी (पुत्र अजय कुमार मुखर्जी) बताया, जो चिरा चास, वास्तु विहार-2, थाना- चास, बोकारो स्टील सिटी, जिला-बोकारो (झारखंड) के निवासी हैं। अरित्रा ने बताया कि उन्होंने आज ट्रेन संख्या 18013 (हावड़ा बोकारो एक्सप्रेस) के कोच संख्या बी/4 में हावड़ा से बोकारो तक की यात्रा की। यात्रा के बाद वह गलती से अपना काला बटुआ कोच में ही भूल गए। बटुए में उनके मूल्यवान दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी और लगभग 2000 रुपये नकद राशि थी। जब अरित्रा बटुआ लेने वापस आए तो पाया कि कोच सीलबंद हो चुका है। इस पर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने एसआई अरुणा उरांव को मामले की सूचना दी। एसआई अरुणा उरांव के अनुरोध पर बीकेएससी के सी एंड डब्ल्यू स्टाफ ने कोच खोला और आरपीएफ स्टाफ ने तलाशी ली। तलाशी के दौरान अरित्रा का बटुआ सुरक्षित बरामद कर लिया गया और उन्हें वापस कर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने यात्री की सहायता करने और उनके मूल्यवान सामान को सुरक्षित वापस करने के लिए अपनी सक्रियता और सहयोग की सराहना की।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर बोकारो में मोटर साइकिल रैली

**बोकारो :** तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता बढाने हेतु मोटर साईकिल रैली निकाला गया। आज को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डा अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, बोकारो की अध्यक्षता में आमजनमानस में तम्बाकू के दुष्परिणाम व कोटपा-2003 के मुख्य प्रावधानो विशेष कर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 के थीम विषय पर मोटर साईकल रैली का शुभारम्भ पत्थरकटटा चौक से राम मन्दिर होत हुये हवाई अडडा से वापस पत्थरकटटा तक निकाला गया। सिविल सर्जन बोकारो द्वारा सभी लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोटर साईकल रैली का मुख्य उददेश्य बोकारो के युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगता कराना है। सिविल सर्जन ने बताया कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (जीवाईटीएस 2019) के अनुसार झारखण्ड में 13 से 15 आयुवर्ग के 5.1 प्रतिशत स्कूली छात्र किसी न किसी रूप से तम्बाकू का सेवन करते हैं। और यह बच्चे ज्यादातर अपने दोस्त के प्रेरित करने पर तम्बाकू का सेवन करते हैं। जिनको जागरूक करने के लिये बोकारो जिला मे स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, रैली, मोटर साईकल रैली आदि का आयोजन समय समय पर किया जाता है।

# पुलिस ने 14.73 लाख की साइबर ठगी का किया खुलासा, तीन आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो साइबर अपराध थाना ने एक बड़ी साइबर ठगी का खुलासा करते हुए इंदौर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तम कुमार सिन्हा से 1 दिसंबर 2024 को आयुषी जैन, अंश जैन एवं अन्य साइबर अपराधियों ने स्टॉक मार्केट में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कुल 14,73,000 की ठगी की थी। आरोपियों ने "मेटा ट्रेडर 5" एवं "मेटा ट्रेडर 5 प्रो" जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग कर फर्जी निवेश योजना के माध्यम से ठगी को अंजाम दिया। इस मामले में साइबर अपराध थाना, बोकारो कांड संख्या 10/2025 दिनांक 28.03.2025 के तहत इठर की धारा



111/318(4)/336(3)/338 एवं आईटी एक्ट की धारा 66(इ)/66(उ)/86(ऊ) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इंदौर से गौरव जुनी उर्फ गौरव पांचाल आशीष यादव उर्फ सूरज उम्र करीब 23 वर्ष पिता सुनील जुनी पता-08, सुलखाखेड़ी, इंदिरा नगर थाना- मल्हारगंज वर्तमान पता मकान सं-280 अरिहंत नगर, गोमटगिरी जामुरी रोड हपसी रोड थाना- गांधीनगर जिला-इंदौर (मध्य प्रदेश), निहाल सोनोने उम्र करीब वर्ष पिता- प्रभाशंकर उर्फ प्रभाकर सोनोने उर्फ प्रभाकर मधुकर सोनोने पता 521, लाला का बगीचा पो- वल्लभनगर जिला-इंदौर वर्तमान पता-भूरी टेकरी थाना-कनाडिया जिला-इंदौर (मध्यप्रदेश) और पारस मरमत उम्र करीब 23 वर्ष पिता रमेश मरमत पता मकान सं-69, अमर टेकरी, तेजाजी मंदिर के पास थाना-तुकोगंज जिला-इंदौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया। इनके पास से 14,33,080 नकद, पैसे गिनने की मशीन, डेली हाजिरी रजिस्टर, तीन मोबाइल, 16 बैंकों के एटीएम व क्रेडिट कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस एवं एक आरसी बुक बरामद की गई। एसपी ने बताया कि साइबर अपराध से सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं आमजन को किसी भी ऑनलाइन निवेश योजना में बिना जांच के पैसा निवेश नहीं करना चाहिए। छापेमारी दल में पु0अ0नि0 गौरव गोयल (अनुसंधानकर्ता), पु0अ0नि0 प्रमोद कुमार पंडित, पु0अ0नि0 संत कुमार मेहता, आ0/448 रमेश वर्मा (तकनीकी सहायक), आ0/230 इंतकाम खान, आ0/565 रितेश कुमार (तकनीकी सहायक), आ0/37 अवध कुमार (तकनीकी सहायक), आ0/559 भागीरथ कुमार (तकनीकी सहायक), आ0/164 बिरसा कच्छप शामिल रहे।

## नित्यानंद मंडल ने इंटर साइंस में स्कूल टॉपर व जिला थर्ड टॉपर को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** इंटर साइंस में 464 नंबर लाकर संयुक्त रूप से स्कूल टॉपर व जिला थर्ड टॉपर बनने पर मंगलवार को कोला कुसमा निवासी भगत मंडल की पुत्री रिया कुमारी को भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने मिठाई खिलाकर, पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर नित्यानंद मंडल ने कहा कि रिया ने अपने निरंतर परिश्रम से शानदार सफलता प्राप्त किया है। आगे की परीक्षाओं में रिया के सफल होकर उज्जवल भविष्य की मैं कामना करता हूं, रिया की सफलता की प्रेरणा दूसरे विद्यार्थियों को मिलेगी। बता दे रिया उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल, कोला कुशमा से अपनी शिक्षा पूरी की है स्कूल टॉपर एवं जिला थर्ड टॉपर बनने पर रिया का पूरा परिवार खुश है। रिया के पिता पेपर हॉकर हैं उनके भी उपस्थित लोगों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। रिया को सम्मानित करने एवं प्रोत्साहन करने में वार्ड नंबर 23 के निवर्तमान पार्षद पुष्पा देवी, पप्पू सिंह, रंजन सिंह, हीरेन मंडल, सिद्दीक अंसारी , राहुल मंडल एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर अवैध वसूली की शिकायत पर संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा का दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी गेट का दौरा किया। यह दौरा हाल ही में नियुक्त पार्किंग ठेकेदार द्वारा टोटो चालकों से अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर किया गया। चालकों ने बताया कि केवल रास्ते से गुजरने या यात्रियों को उतारने के दौरान भी जबरन वसूली की जा रही है।

बैभव सिन्हा के साथ प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संघ के संस्थापक मुन्ना कुशवाहा तथा अन्य पदाधिकारीगण भी मौके पर उपस्थित थे। संघ के प्रतिनिधियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पार्किंग ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी कि वह इस प्रकार की अवैध वसूली और जबरदस्ती बंद करे, अन्यथा संघ कानूनी कार्रवाई



के लिए बाध्य होगा। बैभव सिन्हा ने रेलवे अधिकारियों से भी बातचीत कर नामित पार्किंग क्षेत्र की स्पष्टता, पार्किंग ढांचे में सुधार तथा मासिक पार्किंग शुल्क में कटौती की मांग रखी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हेतु संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक से भेंट करेगा। संघ टोटो चालकों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाएगा। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजू वर्मा, प्रदेश महासचिव शैलेश कुमार,मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, रवि साहू, सचिन, मासूम अंसारी, संजय साहू ,सुनील साहू,अमन अंसारी सहित दर्जनों टोटो चालक उपस्थित थे।

## अप्रेंटिस संघ की हुई बैठक, 1500 अप्रेंटिस छात्रों की नियोजन की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** टू टैंक गार्डन में आज संध्या 4 बजे विस्थापित अप्रेंटिस संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकपूर ने की, जबकि संचालन का जिम्मा प्रफुल महतो ने संभाला। बैठक में मुख्य रूप से अप्रेंटिस छात्रों की मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। संघ ने प्रबंधन के समक्ष अपनी मुख्य मांगें रखीं, जिनमें शामिल हैं: 1500 अप्रेंटिस छात्रों को नियोजित किया जाए। पूर्व की तरह अप्रेंटिस की उम्र सीमा 45 वर्ष कर दी जाए। जब तक नियोजन नहीं होती, तब तक प्लांट में वैकल्पिक तौर पर बहाल किया जाए, जिसमें आवास, मेडिकल और 60 साल तक रोजगार की स्वीकृति शामिल हो। पूर्व की तरह पुनः 4ई ग्रेड को चालू किया जाए। 85 की वेकेंसी को स्किल टेस्ट कराकर नियोजित किया जाए। बैठक में संघ ने प्रबंधन को आगाह किया कि यदि समय रहते इन मांगों पर ठोस पहल नहीं की गई, तो शहीद प्रेम प्रसाद को याद करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में दुर्गाचरण महतो, अमोद महतो, राजकुमार, सुनील महतो, किशोर, अभिषेक कुमार, शंभु महतो, प्रदीप सोरेन, राहुल गोस्वामी, जिलानी, सुमनकुमारी, संगीता कुमारी, शबाना कुमारी, अजय कुमार, मिथलेश रजवार, शशिकांत, राजू गोप, धनंजय हंसदा, मौसम अंसारी, प्रताप सिंह, मंजूर अंसारी, अशोक महतो, ज्ञानी महतो, राजेश दास, सचिन सोरेन, राजेश, फयाज अंसारी, कपिल, सुभाष नापित, गौतम प्रजापति आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। संघ ने अपनी मांगों को लेकर आगे भी प्रबंधन पर दबाव बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## ओसियन एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने किया कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर 9 क्लब के प्रांगण में 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, आज ओसियन एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक ओम प्रकाश ने इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर बोकारो जिला कबड्डी संघ के महासचिव मनोज कुमार शर्मा के सौजन्य से मुफ्त में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक आयोजित हो रहा है और इसमें विशेष रूप से गरीब तबके के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे और बच्चियां मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के प्राचीन खेल कबड्डी को जीवंत और सर्वसुलभ



बनाए रखना है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में बड़ी संख्या में बच्चे इस खेल में भाग लेते हैं, जिससे उनमें आपसी भाईचारा, मेलमिलाप और शारीरिक मजबूती आती है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने बच्चों को इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में अपने साथियों को भी शामिल कराने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। शिविर के आयोजक श्री मनोज कुमार शर्मा के इस प्रयास की सभी ने भरपूर सराहना की।

## रोटरी क्लब चास ने व्यवसायिक उत्कृष्ट पुरस्कारों का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में पेशे की प्रकृति के अनुरूप समाज को दिए गए उनके योगदान और सहायता के लिए व्यावसायिक उत्कृष्ट पुरस्कारों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के माध्यम से समाज हित में सहभागी बने दर्जनों लोग सम्मानित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो विधायक श्वेता सिंह के हाथों उन्हें पुरस्कृत किया गया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे और बेहतर परिणाम दे सके। पूर्व अध्यक्ष पूजा



बैद ने एक पौधा देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने संबोधन में कहा है कि रोटरी क्लब चास सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट मिसाल कायम कर रहा है । श्वेता सिंह ने कहा कि सम्मानित व्यक्ति और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को और अच्छे से तरीके से करने का प्रयास करता है । श्वेता सिंह ने कहा कि ऐसे लोग समाज में प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं । संस्था के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ पारख ने वोकेशनल अवार्ड की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार के लिए सेवा भावना ही रोटरी का मुख्य स्रोत है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष क्लब द्वारा प्रतिष्ठित व्यवसायिक पुरस्कार दिए जाते हैं। मुकेश ने सम्मानित जनों से आगे भी रोटरी को सहयोग देने की अपेक्षा की। पूर्व अध्यक्ष बिनय सिंह ने एक स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। पत्रकारों की तरफ से रजत नाथ एवं रामप्रवेश सिंह ने भी अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन श्वेता रस्तोगी एवं मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह एवं श्रमिक नेता संग्राम सिंह की शादी की सालगिरह के अवसर पर केक भी काटा गया।धन्यवाद ज्ञापन संजय बैद ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस अवसर पर कुमार अमरदीप, बिनय सिंह, मनोज चौधरी, डिंपल कौर, रितु अग्रवाल, ललिता चोपड़ा ,अर्चना सिंह, प्रेम शंकर सिंह, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, चनप्रीत सिंह, आरती पारख, सिद्धार्थ पारख, श्वेता रस्तोगी संजय बैद आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रख्यात वैज्ञानिक अभिषेक स्वर्णकार के पिता का निधन, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर



**धनबाद :** कतरास के निवासी व प्रख्यात वैज्ञानिक अभिषेक स्वर्णकार के पिता का सोमवार के देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और धनबाद सदर अस्पताल में हफ्ते में दो बार डायलिसिस के लिए जाते थे। उनका डायलिसिस कराने की जिम्मेदारी उनके भतीजे स्वयं स्वर्ण निभा रहे थे। 3 जून की रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ले ली। उनके निधन की खबर जैसे ही कतरास और आस-पास के इलाकों में फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही उनके पुत्र की निर्मम हत्या मोहाली में हुई थी, जिससे पूरा परिवार पहले ही गहरे सदमे में था। अब एक और व्यक्तिगत क्षति ने इस परिवार को टूट कर रख दिया है। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार शाम उनके निवास स्थान से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, राजनीतिक नेता एवं स्थानीय नागरिकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा,यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे कतरास की क्षति है। हम सब उनके दुख में बराबर के भागीदार हैं। स्व. स्वर्णकार एक सरल, सहृदय और धर्मनिष्ठ व्यक्ति थे। उनका पूरा जीवन परिवार और समाज की सेवा में समर्पित रहा।

### मजदूरो से जुड़े 22 सूत्री मांगो को लेकर बीजेकेएमएस ने क्षेत्रीय प्रबंधन से की वार्ता



**धनबाद :** बिहार जनता खान मजदूर संघ द्वारा 22 सूत्री मांगों पर कतरास क्षेत्रीय कार्यालय के सभाकक्ष में गहमा गहमी के साथ वार्ता हुई,महामंत्री रणविजय सिंह ने कहा कि प्रबंधन ने मजदूरो से जुड़े 22 सूत्री मांगों ओर सहमति जताई है,साथ ही उन्होंने कहा कि बीसीसीएल का विस्थापन नीति मजदूरो के लिये चिंता का विषय है,जिसमे फेलबदल की आवश्यकता है,साथ ही पद्दोन्नति, जर्जर आवास मरमती, पानी, बिजली, शौचालय,संडे कटौती,डीजल चोरी,आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी सहित 22 सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। जिसमे प्रबंधन ने अविलंब समाधान का आशवासन दिया। वार्ता के प्रमोशन, आवास मरमत, संडे कटौती सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक वार्ता हुई।वार्ता में महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल,संजय सिंह,उमंग ठक्कर,संजय चौधरी,परियोजना पदाधिकारी मोहन मुरारी,मुकुंद रवानी व संघ की ओर से बीजेकेएमएस के महामंत्री रणविजय सिंह,केंद्रीय प्रतिनिधि रमेश सिंह,कतरास क्षेत्रीय सचिव छोटु सिंह,सत्येन्द्र सिंह,कृष्णा सिंह,शिव नारायण सिंह,बीरेंद्र सिंह,मनोज सिंह, मुकेश राय,पंचू सिंह,महेश साव, बृज बिहारी सिंह, संजय ठाकुर,आर एन दुबे,अमन कुमार,राजेश सिंह, अशोक चौहान,चट्टान,राजकुमार मल्लाह,चुनमुन सिंह, शंकर दयाल चौहान, राजेन्द्र महतो महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बोकारो :** हरला थाना परिसर में आज संध्या 4 बजे बकरीद पर्व को मद्देनजर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति, सौहार्द, आपसी प्रेम, भाईचारे और सहयोग के साथ बकरीद पर्व को सफलतापूर्वक मनाना था। इसके साथ ही विधि व्यवस्था और शांति बहाल रखने की दिशा में भी चर्चा की गई। इस बैठक में थाना के पदाधिकारी सब इंस्पेक्टर संजय राय, सुरेश यादव, रवि, मुजामिल, धनंजय कुमार, स०अ० नि सुरेश रविदास सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। वहीं शांति समिति के सदस्यों में बुधनारायण यादव, राम शिहसान शर्मा, मुखिया, सरपंच, हाजी, सदर तथा थाना क्षेत्र के अन्य गणमान्य, प्रबुद्ध और प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हुए। बैठक में सभी ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि बकरीद पर्व को पूर्ण शांति, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति नहीं होने दी जाएगी और सभी धर्मों के लोग आपसी सहयोग से त्योहार का आनंद लेंगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और समिति सदस्यों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी से सहयोग की अपील की।

### नानी के अंतिम संस्कार में गए दो भाई नदी में डूबे, एक की मौत



**धनबाद :** धनबाद जिले के सुदामडीह थाना क्षेत्र के बिरसा पुल के समीप मंगलवार को नहाने के दौरान दामोदर नदी में दो युवक डूब गए। इनमें से एक युवक लक्की चौहान को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया। वहीं उसके भाई राजकुमार चौहान की मौत हो गई। लक्की चौहान अपने भाई राजकुमार चौहान के साथ झरिया के सहाना पहाड़ी से अपनी नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोहलबनी घाट आया था। अंतिम संस्कार के बाद दोनों भाई नदी में नहाने उतरे। पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोनों डूबने लगे। एक युवक को स्थानीय लोगों ने तो बचा लिया लेकिन दूसरा युवक लापता हो गया। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने पास के थाना को दी। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से लापता युवक की तलाश शुरू की गई। कई घंटे की खोजबीन के बाद गोताखोरों ने राजकुमार का शव नदी से बरामद कर लिया। गौरतलब है कि इसी स्थान पर दो दिन पहले भी दो युवकों की डूबने से मौत हो गई थी।

# पुलिस ने 126 किलो गांजा किया बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बतलाया की उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक ब्लु रंग का हुंडई वर्ना कार रजि०नं०-ओडी जीरो 28-8748 जिसमें अवैध गांजा लोड कर बिरमित्रापुर से सिमडेगा कि ओर लाया जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के संबंध में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सिमडेगा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू जोराम चेकपोस्ट के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के क्रम में सूचना के आधार पर हुंडई वर्ना कार को आगे रुकने का इशारा किया गया किन्तु कार तेजी से आगे बढ़ गयी जिसका पीछा किया गया पीछा करते देख कार चालक कार को गड़गड़ बहार पुलिया के पास के खड़ा कर उसमें सवार अन्य दो लोगों के साथ उतरकर जंगल झाड़ी के तरफ भाग गया। छापामारी टीम के द्वारा भागे गये लोगों को घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन जंगल झाड़ी का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। तत्पश्चात कार में कुछ आपत्तीजनक सामान लोड दिखाई दिया जिसे स्थानीय अंचलाधिकारी टी०टांगर को सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया गया। अंचलाधिकारी टी०टांगर के घटनास्थल पर पहुँचने के पश्चात कार की तलाशी ली गयी और तलाशी के क्रम में खाकी रंग के प्लास्टिक से लपेटा हुआ 78 पैकेट गांजा एक सौ छब्बीस किलो चार सौ ग्राम पाया गया, जिसे विधिवत अंचलाधिकारी के उपस्थिति जप्ती सूची बनाकर जब्त किया गया है। इस संबंध में टी०टांगर थाना कांड संख्या अंकित किया गया।



**बरामद सामान**

(1) ब्लु रंग का हुंडई वर्ना कार रजि० नं.ओडी 02बीएक्स-8748

(2) खाकी रंग का प्लास्टिक से लपेटा हुआ गाँजा 78 पैकेट जिसका कुल वजन 126.4 किलोग्राम ।

(3) दार्जिंग टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग -143 ब्राह्मनी बाईपास एन्ड टु राजमुण्डा, दिनाँक - 02.06.25. समय -10.18.51 पूर्वाहन का रसीद।

छापामारी दल के सदस्य : अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रणविजय सिंह सिमडेगा,इंस्पेक्टर भिखारी राम पु०अ०नि० रमेश कुमार झा, थाना प्रभारी, टी०टांगर थाना,पुअनि किशोर कुजूर, टी०टांगर थाना, टी०टांगर थाना के सशस्त बल उपस्थित थे।

## एक नजर

### चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में एक रेल यात्री घायल

**सिल्ली :** सोनाहातू थाना क्षेत्र अंतर्गत उल्लीडीह गांव निवासी जीतमोहन कोईरी(55) सोमवार के दिन संध्या लगभग 6 बजे सिल्ली स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में घायल हो गए। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन से रांची से सिल्ली आ रहा था और वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था एवं सिल्ली स्टेशन में ट्रेन रुकी और वह उतरने से चूक गया। इसी क्रम में ट्रेन चल पड़ी और वह जल्दबाजी में उतरने की कोशिश किया परंतु उसका संतुलन बिगड़ जाने के कारण वह गिरकर घायल हो गया और उसकी पैर में चोट आ गई। अन्य यात्रियों की मदद से उसे उसी ट्रेन में चढ़ाकर मुरी इलाज हेतु लाया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल मुरी के एएसआई संतोष कुमार अपने अन्य पुलिसकर्मियों एवं स्वास्थ्य इकाई की टीम को लेकर पहुंचे। प्राथमिक चिकित्सा करने के बाद उसे तुरंत उचित चिकित्सा हेतु सिंगपुर नर्सिंग होम में स्थानांतरित किया गया। सूचना मिलते ही घायल के परिजन भी पहुंचे और रेलवे सुरक्षा बल मुरी के पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्य इकाई के कर्मचारियों को दयालु सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### छात्रों ने टीएसआरडी कार्यालय में किया शैक्षणिक भ्रमण

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कटीन स्थित वीणापानी विद्या मंदिर के दर्जनों छात्रों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने माचा स्थित टी एस आर डी के कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट कार्यालय की रूपाली बक्शी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक पोषण, समाजिक कार्य,किताबी ज्ञान के बाहर मिलने वाली शैक्षणिक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।शैक्षणिक भ्रमण में पहुंचे वीणा पानी विद्या मंदिर के छात्रों को समय का महत्व बताते के लिए एक दिवाल घड़ी टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट की तरफ उपहार स्वरूप भेंट किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर विश्वनाथ त्रिपाठी ने बताया कि छात्र छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ वास्तविक जीवन के सभी प्रकार के क्रियाकलापों की जानकारी देने की कोशिश किया जा रहा हैं। डायरेक्टर वीणा पानी विद्या मंदिर विश्वनाथ त्रिपाठी, विशेष अतिथि कौशिक मिश्रा, शिक्षक अमिताभ त्रिपाठी, मुनमुन, रीता, अनिमेष, अमित, पुष्पा, प्रियंका, नीरज, आशीष, त्रिदेव, विष्णु, अंकिता, कमल, राकेश, गणपति, सिद्धार्थ, शेखर, आयुष्मान,मोनिका, अनीषा सीमा, राजेन आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण जरूरी : मृदुला कच्छप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची स्वस्थ पोषण से स्वस्थ महिला और गांव का निर्माण होता है। गांवों के स्वस्थ बनाने में बेहतर पोषण बहुत जरूरी है। इस दिशा में सभी के सहयोग से सफलता मिलेगी। पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल दिवस अच्छे प्रथाओं को बढ़ावा देने में कारगर होगा। उक्त बातें डॉ मृदुला कच्छप ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन फॉउंडेशन और शालिनी अस्पताल के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। यह कार्यक्रम सिलवई पंचायत भवन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म, उम्रआधारित शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, कुपोषण, शरीर में खून की कमी और उसके बचाव के बारे में बताया गया। गर्भवती महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर जपाईगो की डॉ साक्षी कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, रोग की रोकथाम और समग्र कल्याण के लिए पोषण के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देना है ताकि व्यक्तियों को स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस अवसर पर मुखिया नूतन पाहन ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर पहल की गयी है।

## मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता लाने के लिए बैठक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने की। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में वक्ताओं ने नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, परिणाम तथा रोकथाम के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि नशा उन्मूलन के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर प्रयास करना होंगा ताकि समाज को नशा मुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने बताया कि जिले के 94 पंचायतों में नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा स्थानीय भाषाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही एलईडी वाहन जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव प्रचार किया जाएगा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ समन्वय बनाकर समाज को नशा मुक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने बताया कि जिले के 94 पंचायतों में नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा स्थानीय भाषाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही एलईडी वाहन जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव प्रचार किया जाएगा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता फैलायी जाएगी। यह कार्यक्रम नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु एक सकारात्मक एवं सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रशिक्षण से प्रेरित होकर मास्टर ट्रेनर्स आम जनता तक नशा विरोधी संदेश पहुंचाने के लिए अब सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अंत में उप विकास आयुक्त दद्वारा नशामुक्त भारत एवं नशामुक्त झारखंड बनाने के लिए शपथ दिलायी गयी।



## डीएवी महात्मा आनंद पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** हिंडाल्को मूरी द्वारा आयोजित पर्यावरण विषय क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, मूरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और ज्ञानवर्धन हेतु आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की टीम ने अपने ज्ञान, त्वरित उत्तर क्षमता और टीम वर्क से सभी को प्रभावित किया। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल प्रतिभागियों आहाना मंडल, नमन राज शर्मा, आदित्य कुशवाहा और अर्नब मंडल शामिल है। विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। गौरतलब है कि विद्यालय में 11वीं कक्षा हेतु वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय विषय क्षेत्र में नामांकन जारी है। इच्छुक छात्र नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

## कार्तिक चन्द्र महतो ने टूटे नहर का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली 3 जून को सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने उरांव गाड़ा नदी से निकले लोटा किता नहर का निरीक्षण किया, और बताया कि नहर कई जगह से टूटा हुआ है, एवं जगह जगह पर मिट्टी भरा हुआ है, पूरे नहर में घास और झाड़ियाँ है। इस नहर से लोटा, धुंधाजरा, किता, चपाटांड़, हेरलाबेड़ा, गारापार, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, खेदाडीह, धधकीडीह, बड़कीटांड, पूरबकुल्ही इत्यादि गांवों की खेती नहर टूटने से बाधित होगी। नहर की स्थिति बहुत खराब है। नहर निरीक्षण के मौके पर सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, मलिन महतो, रूपेश चंद्र महतो ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 107 जनवितरण प्रणाली की दुकानों में से महज 20 दुकान तक ही जून और जुलाई का पहुंचा अनाज

**सरिया(गिरिडीह) :** जिले के उपायुक्त के निर्देश पर बीते 31 जुलाई तक सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों तक जून और जुलाई का अनाज शत प्रतिशत पहुंचा देना था। और इसका वितरण का कार्य जून के महीने में विभागीय आदेश के अनुसार शुरू कर दिया जाना चाहिए था। लेकिन सरिया प्रखंड में कुछ अलग ही स्थिति इन दिनों देखने को मिल रहा है। प्रखंड में कुल 107 जनवितरण प्रणाली की दुकान है और रविवार तक महज 20 दुकानों तक ही जून और जुलाई का अनाज पहुंच पाया है। ऐसे में कार्डधारियों के बीच कैसे खाद्यान्न का वितरण हो पाएगा यह चिंता का विषय है। इसे लेकर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियन के प्रखंड अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी पीड़ा जाहिर किया है। इसके पीछे मुख्य कारण सरिया में प्रखंड में लचर डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को जिम्मेवार बताया है। उन्होंने कहा कि सरिया में डोर स्टेप का जो काम संभाले है उसके पास ना पर्याप्त मात्रा में गाड़ी है और जो गाड़ी है ना ही उसका आर सी, इंसोरेंस, फिटनेस ,रोड टेक्स, फिटनेस सभी फेल है मानो जिस गाड़ी को परिवहन विभाग ने नाकार दिया है उस जर्जर गाड़ियों का उपयोग सरिया प्रखंड में डोर स्टेप डिलीवरी में उपयोग में लाया जा रहा है। ऐसे में समय पर कैसे खाद्यान्न जनवितरण प्रणाली की दुकान तक पहुंच पाएगा। ऐसी परिस्थिति में अक्सर कार्डधारी और डीलर के बीच संशय की स्थिति बनी रहती है। वहीं आगे कहा कि विभागीय नियम के अनुसार डीएसडी के ठेकेदार को डीलर के दुकान तक खाद्यान्न पहुंचा कर देना है। और अनाज उतारने का खर्च भी उसी को लेकिन सरिया प्रखंड में संवेदक की दादागिरी के अनुसार लेबर से अनाज उतारने का खर्च डीलर को ही देना पड़ता है जो गलत है। वही वही संबंध में सरिया प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉक्टर अनूप कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार तक सरिया प्रखंड के 70 डीलरों के यहां जून माह का खाद्यान्न पहुंचा दिया गया है। वहीं डीएसडी संवेदक के द्वारा अनाज उतारने के बदले डीलरों से पैसे की उगाही की जा रही है तो इसकी लिखित शिकायत देने के बाद आगे की कार्रवाई संवेदक के विरुद्ध किया जाएगा।

### नदी में डूबने से बच्चे की हुई मौत, घटना के बाद पहुंचे पूर्व विधायक

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया के राजदाह धाम स्थित बराकर नदी में नहाने के क्रम में बीते दिनों एक युवक की मौत की घटना के बाद मंगलवार को बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह राजदाह धाम पहुंचे। इस दौरान घटनास्थल का मुयाना के बाद तपस्वी मोनी बाबा राजदाह समिति के सदस्यों से इसकी जानकारी लिए तत्पश्चात उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते कुछ महीना के अंदर राजदाह में स्नान के दौरान दो-दो घटनाएं घटित हो चुकी है। इसे लेकर कमेटी के सदस्यों और पदाधिकारी को बताया गया कि जिस स्थान पर हमेशा खतरा बना रहता है ,और नदी गहरा है और पानी का बहाव तेज है जहां स्नान करने पर हमेशा खतरा बना रहता है वैसे स्थान को डेंजर जोन और उक्त स्थल के चारों ओर ब्रैकेटिंग व सूचना बोर्ड लगाने का बात कही गई। ताकि इस प्रकार की अन्य घटना का शिकार कोई अन्य लोग नहीं हो सके। जिस कमिटी के लोगों ने कहा कि घटना स्थल के इर्द गिर्द पूर्व में लाल झंडा, बैरियर, सूचना बोर्ड आदि लगाया गया है। इन्होंने आम लोगों से आग्रह भी किए कि जिस स्थान पर कमिटी के द्वारा डेंजर जॉन से संबंधित बोर्ड लगाया गया हैं वैसे स्थान पर घूमने या स्नान करने के लिए नहीं जाय। इस दौरान तपस्वी मौनी बाबा कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भारती, सचिव राजकुमार वर्मा समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### निर्जला एकादशी की तैयारी पूरी,दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की उमड़ेगी भीड़

**सरिया :** आगामी 6 जून को निर्जला एकादशी के मौके पर सरिया के प्रसिद्ध तीर्थस्थल राजदाहधाम में प्रतिवर्ष लाखों की भीड उमडती है। जिसे लेकर तपस्वी मौनी बाबा राजदाहधाम समिति ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार को समिति के अध्यक्ष सुरेश भारती व सचिव राजकुमार वर्मा समेत अन्य सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर तैयारी के बाबत विस्तृत जानकारी दी गई । इन्होंने कहा कि इसबार लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड आयेगी। इस मौके पर प्रत्येक वर्ष सरिया प्रखंड के अलावा बिरनी, बगोदर, डुमरी, राजधनवार, जमुआ के अलावा हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह बिहार के जमुई आदि इलाके से लाखों लोग पहुंचते है। इसे देखते हुए इसके लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी है। साथ ही लाईट, साउंड की समुचित व्यवस्था है। पूरे मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गयें हैं जिससे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। समिति के सदस्यों के साथ साथ सरिया प्रशासन का भी सहयोग रहेगा। मंदिर परिसर के साथ साथ उत्तरवाहिनी बराकर नदी तट की साफ सफाई व सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। दुकानदारों से अपील की गई है कि वे निर्जला एकादशी के दिन बेचने वाले सामान को 5 मई को ही ले आयें क्योंकि 6 मई को निर्जला एकादशी के दिन होनेवाले भीडभाड को देखते हुए उसदिन सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बड़े व चारपहिया वाहन के चालकों व मालिकों से आग्रह किया गया है कि वे मंदिर परिसर से आधे किलोमीटर दूर बरगद पेड मैदान के पास ही वाहन लगायें, भीड़भाड़ में वाहन ना लायें। वहीं दोपहिया वाहनों के लिए मंदिर परिसर से बाहर ग्रामीणों के द्वारा पार्किंग व देखरेख की व्यवस्था करने की अपील की गई है।

## कुकडू में प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप सह रोजगार मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकडू:** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप सह रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुकडू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, जॉब्स एवं स्कील के जिला प्रबंधक मदन कुमार नायडू, स्कील के जिला समन्वयक रोहित राज, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार दुबे, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (इएफ) चंदन रविदास और डीआईसी फैजानुल्लाह अली उपस्थित थे। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। अब्बे वेस्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तीन माह की सिलाई और छह माह की होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण, जबकि शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्रदान करने को लेकर दोनों संस्थानों के सेंटर मैनेजर ने अपने-अपने संस्थानों से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। यह आयोजन युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
पता – ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन–835204
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक – दिनांक –

आम सूचना

नगर पंचायत, बुण्डू के वार्ड 08 में नवनिर्मित वेंडर मार्केट के कुल 26 शटर वाले दुकानों का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 10–06–2025 दिन मंगलवार समय अपराह्न 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत बुण्डू परिसर मे किया जा रहा है। आवंटन प्रक्रिया मे शामिल होने वाले कुल 35 डाकवक्ताओं को कार्यालय द्वारा निर्गत टोकन के साथ डाक मे शामिल होने हेतु आमंत्रित किया जाता है|

खुली डाक की तिथि : 10–06–2025
डाक प्रारम्भ होने का समय : अपराह्न 11:00 बजे
डाक सम्पन्न होने का स्थान : कार्यालय नगर पंचायत बुण्डू परिसर

नोट : – कार्यालय द्वारा निर्गत टोकन लाना अनिवार्य है |

आओ मिलकर पर्यावरण, बचाये, अपना जीवन बेहतर बनाएं।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 354209 (Urban Development) 25-26 (D)



JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
CIN No. U40108JH2013SGC001702
ELECTRIC SUPPLY CIRCIE, KODERMA
E-mail:- ese.esc.koderma@gmail.com,Pin- 825409

e-TENDER NOTICE

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:-

| Sl. No. | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 44/PR/ JBVNL/ 25-26 | Construction of drain and PCC approach path at 33/11 KV PSS SAI under ESC, Koderma | 9,88,520/- | 19800/- | 1476/- GST included | 02 Months. |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 06.06.2025 at 11.00 AM to 27.06.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for uploading of e-tender | 27.06.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money and no blood relation Affidavit. | 28.06.2025 upto 15.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 30.06.2025 at 13.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer and address for communication | Electrical Superintending Engineer, Electric Supply Circle, Koderma |

1.e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2.Demand Draft from any (scheduled commercial) bank towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of *Accounts Officer*, Electric Supply Circle, Koderma payable at Jhumri Telaiya
3.The tenders will be received through electronic tendering mode only. No postal transaction will be entertained. Demand draft will be submitted physically in office up to scheduled date and time.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
ELECTRIC SUPPLY CIRCIE, Koderma

PR 354197 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

# आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक जरूरी

आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश पाकिस्तान की असलीयत को उजागर करने के लिए भारत ने बड़े रणनीतिक स्तर पर कार्य किया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान केवल तीन ऐसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा, जो उसे पहले से ही समर्थन कर रहे थे। वहीं, भारत ने इससे आगे बढ़कर वैश्विक समुदाय के समक्ष पाकिस्तान को आतंकियों को संरक्षण देने वाला देश बताने में कोई संकोच नहीं किया। भारत ने विश्व के तमाम देशों में अपने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत का पक्ष रखकर यह बताने का प्रयास किया है कि आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। इसके विपरीत भारत की ओर से केवल जवाबी कार्रवाई ही की गई है, जिसका भारत को पूरा अधिकार है। भारत के प्रतिनिधिमंडलों की ओर से इस सच को दुनिया को बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया गया, बल्कि आतंकवाद पर प्रहार किया गया। इसी बात पर भारत को विश्व समुदाय का समर्थन भी मिल रहा है। सबसे कास बात यह है पाकिस्तान में जहां अपनी ही सरकार विपक्ष के निशाने पर है, वहीं भारत सरकार ने अपने प्रतिनिधिमंडलों में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही विपक्ष के कई प्रभावी नेताओं को शामिल किया है। यही नेता विश्व के देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं। इससे स्वाभाविक रूप से विश्व बिरादरी से पाकिस्तान पर अलग-थलग होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है। यह बात सही है कि पाकिस्तान में आश्रय और संरक्षण प्राप्त करने वाले आतंकी आकाओं को आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए वित्त पोषण प्राप्त होता रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंक को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि आतंकवादियों को जब तक वित्त पोषित कया जाता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाने वालों पर अंकुश लगाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सबसे पहले उसके वित्त पोषण पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। यहां यह कहना बहुत आवश्यक है कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाकर समर्थन पाने का प्रयास कर रहा है, वहीं भारत की ओर से पाकिस्तान को अलग-थलग करने का ठोस प्रयास भी किया जा रहा है। जिसमें भारत का बहुत हद तक सफलता भी मिल रही है। आज के समय में पाकिस्तान इस बात को नकारने का साहस नहीं कर सकता कि उसके देश में आतंकवादी संगठन सक्रिय नहीं हैं। क्योंकि यह तथ्य विश्व के सामने उजागर हो चुका है। आज भी पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा, लश्कर ए ओमर, जैश ए मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह ए सहाबा, हिजबुल मुजाहिदीन आदि पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। कई मामलों में आईएसआई से इन्हें सक्रिय प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी मिलते हैं। इतना ही नहीं कई बार सेना और सरकार का भी खुला संरक्षण भी इनको मिलता रहा है। पाकिस्तान सरकार की मानें तो उसके यहां 20 से अधिक आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस संख्या को 150 से अधिक तक बताता है। अमेरिकी स्टेट डिमार्टमेंट के मुताबिक यह संख्या 70 से अधिक है। वैश्विक समुदाय के दबाव में पाकिस्तान कई बार आतंकी समूहों के विरोध में कार्रवाई करने की बात करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और राज्य सरकारों की ओर से आतंकी संगठनों को खाद पानी प्राप्त होता रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद की जड़ें बहुत ही गहरी हैं। विश्व बिरादरी को पाकिस्तान की वास्तविकता बताने के लिए भारत की ओर से ठोस रणनीति बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है, जहां पाकिस्तान सरकार को अपने ही देश के विपक्षी दलों के कोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत सरकार के साथ विपक्ष के सांसदों ने पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सामूहिक वैश्विक अभियान चलाया है। इससे पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पाकिस्तान एक बार फिर से ग्रे सूची में ना आ जाए। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की तसवीर यही चित्र प्रदर्शित कर रही है। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान में अब इतना साहस नहीं है कि वह विश्व के आर्थिक प्रतिबंधों को झेल सके।

## सूडोकु नवताल- 7450

✶ ✡ ✡ ✡ ✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7449 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# भारत में कोरोना की नई लहर और चुनौतियां

**डॉ. अंसार अहमद**

कोरोना (कोविड-19) की नई लहर भारतीय स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक गंभीर परीक्षा है। हालांकि टीकाकरण, जांच, और जनसंचार के स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति हुई है, फिर भी अवसंरचनात्मक कमिया, असमान पहुंच और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां अभी बनी हुई हैं। यदि अतीत से मिले सबक को अपनाते हुए निरंतर निवेश और ठोस रणनीति को अपनाएं तो भारत न केवल वर्तमान संकट से निपट सकता है बल्कि एक समावेशी, लचीले और भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य तंत्र की स्थापना भी कर सकता है।

एसएआरएस-सीओवी-2 वायरस से फैली कोविड-19 महामारी वैश्विक स्तर पर भारी तबाही मचा चुकी है। मई 2025 तक भारत में 4.5 करोड़ से अधिक पुष्टि किए गए मामले और 5.33 लाख से अधिक आधिकारिक रूप से दर्ज की गई मौतें हो चुकी हैं। अब नए वेरिएंट्स के साथ कोविड-19 की एक नई लहर ने भारतीय स्वास्थ्य तंत्र को एक बार फिर गंभीर दबाव में ला खड़ा किया है। भारत में कोविड-19 का पहला मरीज 30 जनवरी 2020 को सामने आया था। वुहान (चीन) से लौटे तीन मेडिकल छात्रों में वायरस की पुष्टि हुई थी। इसके बाद विभिन्न वेरिएंट्स, जैसे बी.1.617 (डेल्टा) और बी.1.1.7 (अल्फा) ने खासकर 2021 की दूसरी लहर के दौरान व्यापक तबाही मचाई।

मई 2025 में सोशल मीडिया रिपोर्ट्स और सरकारी अलर्ट के अनुसार, जेएन.1 जैसे नए वेरिएंट्स की उपस्थिति ने स्वास्थ्य तंत्र को फिर से सतर्क कर दिया है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और भारतीय एसएआरएस-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) ने जीनोमिक निगरानी तेज कर दी है। अस्पतालों में गंभीर श्वसन रोग और फ्लू जैसे लक्षणों वाले मरीजों पर बारीक नजर रखी जा रही है। हालांकि इस लहर में अस्पताल में भर्ती और मृत्यु दर अपेक्षाकृत कम है, फिर भी मास्क पहनने की सलाह और सतर्क निगरानी इस वायरस के लगातार खतरे की पुष्टि करती है।

इस लहर के उभरने के प्रमुख कारणों में वेरिएंट्स की जेनेटिक परिवर्तनशीलता है। एसएआरएस-कोव-2 की निरंतर उत्परिवर्तन क्षमता ने मौजूदा वैक्सीन और उपचारों की प्रभावशीलता को कम कर दिया है। आईएनएसएसीओजी लगातार नए वेरिएंट्स की पहचान में जुटा है, लेकिन 1.3 अरब की आबादी में समग्र जीनोमिक निगरानी करना एक जटिल चुनौती बना हुआ है। दूसरा टीकाकरण की अपनी सीमा है। भारत ने अब तक अरबों वैक्सीन डोज वितरित की हैं, लेकिन बूस्टर खुराक की कम दर और ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित पहुंच से प्रतिरक्षा क्षमता कम हो गई है, जिससे पुनः संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इसके सामाजिक औरआर्थिक कारक भी हैं। पिछली लहरों से क्षतिग्रस्त अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, और अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं ने जनता की भेद्यता को और बढ़ाया है, जिससे नई स्वास्थ्य पहलों की सफलता सीमित होती जा रही है।

भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। इनमें स्वास्थ्य अवसंरचना पर बोझ का बढ़ना है। 2021 की दूसरी लहर ने भारतीय स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरियों को उजागर किया है। ऑक्सीजन, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की भारी कमी सामने आई। सरकार ने 600 से अधिक विशेष कोविड-19 केंद्र स्थापित किए और रेलवे कोच को आइसोलेशन वार्ड में परिवर्तित किया, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं आज भी अपर्याप्त हैं। भारत में डॉक्टर से मरीज का अनुपात 1:1700 है और कई ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक स्टाफ की भारी कमी है। जांच और निगरानी की सीमाएं भी हैं। 2020 के मध्य तक भारत में लगभग 49 लाख नमूनों की जांच की जा चुकी थी, लेकिन राज्यों के बीच जांच क्षमता में असमानता बनी रही। बिहार जैसे राज्यों में जांच दर दिल्ली की तुलना में बहुत कम रही। जीनोमिक निगरानी के बावजूद, त्वरित निदान और एकत्रित परीक्षण जैसी रणनीतियों की आवश्यकता बनी हुई है ताकि संक्रमण पर समय रहते काबू पाया जा सके।

स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा और थकावट से सब परिचित हैं। स्वास्थ्यकर्मी कोविड-19 की सबसे अग्रिम पंक्ति में रहे हैं। वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, कुल मामलों में से 4-12 प्रतिशत मामले स्वास्थ्यकर्मियों में दर्ज हुए और 2020 तक भारत में 90 से अधिक डॉक्टर अपनी जान गंवा चुके थे। हालांकि रोजाना छह लाख पीपीई किट का उत्पादन शुरू हुआ, फिर भी गुणवत्ता और वितरण संबंधी समस्याएं बनी रहीं। स्वास्थ्यकर्मियों की शारीरिक और मानसिक थकावट स्वास्थ्य प्रणाली की लचीलापन क्षमता के लिए खतरा है। सामाजिक और व्यवहारिक अवरोध की दिक्कतें अलग हैं। शहरी इलाकों की घनी आबादी और अस्वच्छ परिस्थितियां सामाजिक दूरी का पालन करना मुश्किल बना देती हैं। 2020 का लॉकडाउन प्रवास, बेरोजगारी, और खाद्य संकट का कारण बना। गलत जानकारी और सामाजिक कलंक ने लोगों को जांच या उपचार से हतोत्साहित किया। जागरुकता अभियान शुरू किए गए, लेकिन व्यवहार में बदलाव धीमा और असमान रहा।

भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया, जिसमें सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित कोविशील्ड प्रमुख रही। हालांकि बूस्टर डोज की कम दर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच की समस्या आज भी बरकरार है। आईसीएमआर ने आरटी-पीसीआर किट को मंजूरी दी और रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट शुरू किए। एकत्रित परीक्षण और स्व-परीक्षण किट जैसे उपाय संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में सहायक हो सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और पोस्ट-कोविड देखभाल पर जोर दिया। हालिया दिशा-निर्देशों में सतर्कता और संतुलन की रणनीति को प्रमुखता दी गई है। 2021 के बजट में वन हेल्थ कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जो मनुष्य, पशु और पर्यावरण की संयुक्त स्वास्थ्य दृष्टिकोण को महत्व देता है। इसके लिए नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी ने एक विशेष केंद्र की स्थापना की है।

हालांकि कुछ महत्वपूर्ण कमियां अब भी मौजूद हैं। मसलन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में जूनोटिक महामारियों की आशंका को समुचित रूप से शामिल नहीं किया गया। टीबी नियंत्रण और टीकाकरण कार्यक्रमों पर असर पड़ा, जैसे कि 2019 से 2020 के बीच टीबी के मामलों में 24 फीसद की गिरावट आई। कोरोना महामारी ने लैंगिक असमानता को और गहराया। महिलाओं को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा और देखभाल का बोझ भी अधिक पड़ा।

### सबक और आगे की राह

स्वास्थ्य बजट को जीडीपी के न्यूनतम 2.5 फीसद तक बढ़ाना समय की मांग है। डिजिटल तकनीक और विकेंद्रीकृत मॉडल अपनाकर प्रतिक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उच्च गुणवत्ता वाले पीपीई, पर्याप्त स्टाफिंग और मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं दी जानी चाहिए। पारदर्शी संदेशों और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर आधारित अभियानों से गलतफहमियां दूर की जा सकती हैं। आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक पद्धतियों को रोकथाम में सम्मिलित कर सामुदायिक प्रतिरक्षा को मजबूत किया जा सकता है। वैक्सीन वितरण और वेरिएंट निगरानी में अंतरराष्ट्रीय सहयोग भारत की तैयारी को सुदृढ़ कर सकता है।

**(लेखक, नीमा यूनानी फोरम, दिल्ली के महासचिव हैं।)**

# पाक भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

**ललित गर्ग**

भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें।

भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी।

भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं।

भारत- पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था। ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं, राजनीतिक महत्वाकांक्षा का बेहूदा प्रदर्शन है।

भारत अभी भी पाक लिये सख्त बना हुआ है, क्योंकि उसकी भूलें अक्षम्य है। भारत की पाक के खिलाफ सख्त कार्रवाइयों में मुख्य हैं सबसे प्रमुख सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, चूंकि पाक सिंचाई संबंधी आवश्यकता के लिए एक बड़ी हद तक सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है, इसलिए भारत के फैसले से उसे बड़ा झटका लगना स्वाभाविक है। पाक की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही भारत ने पाक के साथ तमाम व्यापारिक रिश्ते समाप्त कर दिये हैं। जिससे पाक की अर्थ-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भारत की ऐसी जवाबी कार्रवाइयों से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद पाक सुधरने को तैयार नहीं है। पाक की दुनियाभर में तीव्र भर्त्सना और निन्दा हो रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले रेजिस्टेंस फोर्स की लानत-मलानत ही हुई, पाक की किसी भी बात को तवज्जो नहीं दी गयी, बल्कि उसे फटकार लगी। पाक का टूटना बिखरना खयाली पुलाव नहीं, बल्कि यह उसके आतंकी षडयंत्रों की नियति है।

पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से यह एक सोची-समझी आतंकी साजिश थी। इसका मकसद सांप्रदायिक तनाव को भड़काना और कश्मीर में फल-फूल रहे पर्यटन को नुकसान पहुंचाना था। वहां शांतिपूर्ण चुनाव होने एवं चुनी हुई सरकार का सफलतापूर्वक चलना भी पाक के लिये नागवार गुजर रहा था। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अथक प्रयासों से आ रही शांति एवं समृद्धि के दम पर हालात सामान्य होते जा रहे थे। उसे पाक आका एवं आतंकी छिन्न-भिन्न करना चाहते थे। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 25 मई को स्काई न्यूज पर साक्षात्कार में आतंकी ढांचे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, हम तीन दशकों से आतंक को पालना-पोसने का गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन के लिए करते आए हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी आतंकी ढांचे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक अतीत रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि आतंक पाक का अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी है। यह उसकी मौजूदा नीति है, इसी के तहत पाक समय-समय पर भारत की शांति को क्षत-विक्षत करने की कुचेष्ठा करता रहा है।

अपनी कार्रवाई में भारत ने नागरिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन आतंकी ढांचे पर सटीक एवं प्रभावी प्रहार किया। अपनी विश्वसनीयता के लिए भारत ने साक्ष्य भी प्रस्तुत किए कि यह कोई खुफिया अभियान न होकर एकदम खुली चेतावनी थी। भारत अब भी अपनी बात पर कायम है कि अगर पाक शांति चाहता है, पडोसी धर्म को निभाना चाहता है तो पहले उसे अपने यहां आतंकी ढांचा समाप्त करना होगा। आतंक के साथ न वार्ता हो सकती है और न व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। भारत का रुख एकदम स्पष्ट है और अब पाक को तय करना है कि वह क्या चाहता है। भारत पाक और चीन की कुचालों को समझता है, इसीलिये रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की भी जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा। इन्हीं जरूरतों को देखते हुए भारत अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने में जुटा है। लेकिन भारत युद्ध नहीं चाहता, शांति एवं अमन ही उसका लक्ष्य है। भारत ने वैसे भी ह्यनो फर्स्ट यूजह्व की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं।

# आरक्षण : पीढ़ीगत विशेषाधिकार या वास्तविक न्याय?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

आरक्षण भारतीय समाज में सदियों से व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने और वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। लेकिन समय के साथ यह एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनता जा रहा है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं। आर्थिक आधार और समय-समय पर समीक्षा की अनिवार्यता इस व्यवस्था को और अधिक न्यायसंगत बना सकती है। यदि हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो आरक्षण नीति में सुधार और पुनर्गठन की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे।

भारत में आरक्षण का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील और विवादास्पद विषय रहा है। यह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और ऐतिहासिक उत्पीड़न के निवारण का एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। परंतु जैसे-जैसे समय बीतता गया, आरक्षण की अवधारणा अपने मूल उद्देश्यों से भटकती प्रतीत होती है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी. आर. गवई का बयान इस बहस को एक नई दिशा में ले जाता है, जिसमें उन्होंने कहा कि संपन्न लोगों को आरक्षण से बाहर करने का निर्णय संसद को करना चाहिए। उनका यह कथन कई सवाल खड़े करता है - क्या आरक्षण का वास्तविक लाभ उस वर्ग तक पहुंच रहा है जिसके लिए यह बनाया गया था? क्या यह व्यवस्था अब सुधार और पुनर्विचार की मांग करती है?

आरक्षण का आरंभ भारतीय समाज में व्याप्त गहरी सामाजिक असमानताओं को समाप्त करने और सदियों से वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से हुआ था। यह एक ऐसा साधन था जिससे सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर कर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण को एक अस्थायी उपाय के रूप में प्रस्तुत किया था, ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को न्याय और अवसर मिल सके। उनका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहां जातीय भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न का कोई स्थान न हो। यह केवल सरकारी नौकरियों और शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समग्र सामाजिक सुधार की दिशा में एक साहसिक कदम था। लेकिन, धीरे-धीरे यह व्यवस्था उन परिवारों के लिए एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनती जा रही है जो पहले ही सशक्त हो चुके हैं। न्यायमूर्ति गवई का यह कहना कि जब एक व्यक्ति IAS या IPS बन जाता है, तो उसके बच्चे उसी समाज की कठिनाइयों का सामना नहीं करते हैं, एक महत्वपूर्ण सत्य की ओर इशारा करता है। एक अधिकारी का परिवार उच्च शिक्षा, बेहतर जीवनशैली और संसाधनों तक सहज पहुंच के कारण वास्तविक वंचितों से कोसों दूर हो जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी सेवाओं में ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र, उच्च शिक्षा संस्थानों और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन परिवारों को लगातार आरक्षण का लाभ मिलना न्यायसंगत है?

आरक्षण का प्रमुख उद्देश्य केवल जातीय भेदभाव को समाप्त करना ही नहीं था, बल्कि आर्थिक असमानता को भी दूर करना था। परंतु आज आरक्षण का आधार अधिकतर जातीय पहचान पर आधारित है, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति भी एक महत्वपूर्ण कारक होनी चाहिए। संपन्न वर्गों को आरक्षण से बाहर करने की बात करना इस दिशा में एक आवश्यक कदम हो सकता है, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। यह दृष्टिकोण न केवल संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में वास्तविक समता और न्याय की भावना को भी बढ़ावा देगा।

आरक्षण की व्यवस्था कई बार राजनीतिक लाभ और वोट बैंक की राजनीति का शिकार हो जाती है। इससे वास्तविक जरूरतमंद तबके पीछे छूट जाते हैं। इसके अतिरिक्त, आरक्षित वर्गों में भी एक प्रकार का वर्ग विभाजन उभरने लगा है, जहां कुछ परिवार लगातार इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, जबकि अन्य अब भी हाशिये पर हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आरक्षण के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक तनाव और अन्याय की भावना को भी बढ़ाती है।

अब समय आ गया है कि संसद इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे। यह तय करना होगा कि क्या आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक सीमित रहना चाहिए जो वास्तविक रूप से वंचित और पिछड़े हैं। यह बदलाव सामाजिक न्याय की उस मूल भावना के अनुकूल होगा जिसके लिए आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई थी। यह निर्णय केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली की मांग करता है जो समय-समय पर आरक्षण की प्रासंगिकता की समीक्षा कर सके।

आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक सीमित किया जाए। आर्थिक आधार को शामिल कर जातिगत और आर्थिक पिछड़ेपन का समुचित आकलन किया जाए। संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण से बाहर रखा जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचे। आरक्षण की समीक्षा एक निश्चित अवधि पर की जाए ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की पहचान हो सके। शिक्षा और रोजगार में समावेशी नीतियों को बढ़ावा दिया जाए ताकि सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। आरक्षण की प्रभावशीलता पर समय-समय पर पारदर्शी शोध और सर्वेक्षण किए जाएं ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की स्थिति का आकलन हो सके। क्षेत्रीय और ग्रामीण स्तर पर शिक्षा और कौशल विकास में सुधार लाया जाए ताकि वंचित वर्गों की वास्तविक क्षमता को निखारा जा सके।

## दैनिक पंचांग

**4 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.01 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 08.15 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.31 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.54 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 17.08 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.24 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.29 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.16 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.49 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मेष | 02.19 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.59 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 155 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 23.55 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 03.36 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 08.29 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 10.52 बजे तदनन्तर कौलव 23.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872365
**जूलियन दिन** 2460830.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 07
**विशेष** महेश नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 12 वर्षीय बच्चों का शव कमरे से संदिग्ध हालत में हुआ बरामद



**जयनगर :** जिले के जयनगर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 12 वर्षीय बच्चे का शव उसके कमरे से संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। मामला जयनगर स्टेट बैंक के समीप का है। मृतक की पहचान अजीम खान के लगभग 12 वर्षीय पुत्र अली खान के रूप में हुई। घटना तब घटी जब घर के सभी पुरुष कलीम खान को इलाज के लिए बाहर ले कर गए थे।ओर बच्चे अपने कमरे के सोफा पर गिरा हुआ मिला। जब बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह, एस आई प्रतीत टोपनो पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव परिजनों को आज सौंप दिया गया।

### निर्विरोध राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने अमर कुमार

**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड में मंगलवार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। जिसमें राजद के सभी कार्यकर्ता गायत्री आश्रम नरायडीह में उपस्थित हुए। जिसके बाद राजद के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। जिसमें गायत्री आश्रम नरायडीह में निर्विरोध राजद के प्रखंड अध्यक्ष हुआ। जिसमें ईटाय पंचायत के मुखिया अमर कुमार उर्फ अमित यादव को सर्वसम्मति से निर्विरोध राजद के प्रखंड अध्यक्ष चुन लिया गया। वही अमर कुमार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर राजद कार्यकर्ता ने लोगों के बीच मिठाई बटाकर खुशियिका इजहार किया।

### विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग



**कोडरमा :** झारखंड प्रांत के लातेहार में जल्द ही विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत दिनांक 02 जून 2025 से 08 जून 2025 तक होने जा रही है। इस प्रशिक्षण में कोडरमा जिला से 17 सदस्यों की टोली बेटियों ने लातेहार की ओर प्रस्थान किया है। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति झारखंड प्रांत की सह प्रमुख योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण वर्ग बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने, आत्मरक्षा की कला सिखाने और राष्ट्र सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां देश के हर कोने में सेवा कर रही हैं और आने वाले समय में और भी मजबूत होंगी। इस विशेष प्रशिक्षण में अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र, धर्म, और संस्कार का ज्ञान प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने वाली बेटियों में शामिल हैं: दीपा, रानी, कृति, सुमन, मोदी, सुधा, अंजलि, विभा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिवानी कुमारी, श्वेता कुमारी, अंशु शर्मा, टिंकल कुमारी, अंकिता कुमारी, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, फूल कुमारी, लीला कुमारी, राखी कुमारी, और प्रिया भरखा कुमारी।

# बकरीद के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की



टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में गस्ती कर अवैध शराब एवं नशीला पदार्थ बेचने वाले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने शांति समिति के सदस्यों से बकरीद पर्व को लेकर जानकारियां ली गई साथ ही उन्होंने पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया गया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्रगति लाने का दिया गया निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रत्येक ग्राम में कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस सभी संस्थानों में मनाने का आग्रह किया गया।बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, सभी कनीय अभियंता करण कुमार मेहरा पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक एवं प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के छात्रों का जेईई एडवांस्ड में शानदार सफलता







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, कोडरमा के तीन होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रियांशु कुमार, आयुष राज और हिमांशु पंत ने प्रतिष्ठित आईआईटी में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। विद्यालय प्रशासन ने इन छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है।

स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और इस सफलता को उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, निदेशक डॉ. वी. सिंह,चेयरमैन एलएमसी अजय सहगल, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. प्रबीर हाजरा, विद्यालय के प्रबंधक एम.के. सिन्हा, तथा प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय ने इन उपलब्धियों को पूरे कोडरमा ज़िले के लिए गर्व की बात बताया और कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देगी।

## डोमचांच थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच :** जिले के डोमचांच थाना में दिन मंगलवार को समय 4:00 बजे बकरीद पर्व को लेकर थाना प्रभारी ओम प्रकाश के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से अंचल अधिकारी रविंद्र पांडेय मौजूद थे। शांति समिति बैठक को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी रविंद्र पांडेय ने कहा कि बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।खासकर सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का भड़काऊ व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग ना करे इसके साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी के के द्वारा किसी हाल में भी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचा जाए इसका ख्याल रखें आमजन। वहीं थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने शांति समिति बैठक



को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो भी दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है उसका अनुपालन क्षेत्र वासी करें तथा अगर किसी प्रकार का सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किसी के द्वारा डाला जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इस पर को क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण तरीका से मनाई यही पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर अवर पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार पाठक, कन्हैया राम, सहायक अवर पुलिस निरीक्षक रमेश मरांडी, रामजीत मुंडा, महेंद्र वर्मा, राजेंद्र यादव राजेश सिंह, बैजनाथ मेहता नंदकिशोर मेहता सुरेश विश्वकर्मा, इरशाद अंसारी, परवेज खान सलीम मिया, मुकेश राम कार्तिक दास, परवेज आलम संजय खटीक के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर, तीन लोग घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** जिले के जयनगर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 12 वर्षीय बच्चे का शव उसके कमरे से संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। मामला जयनगर स्टेट बैंक के समीप का है। मृतक की पहचान अजीम खान के लगभग 12 वर्षीय पुत्र अली खान के रूप में हुई। घटना तब घटी जब घर के सभी पुरुष कलीम खान को इलाज के लिए बाहर ले कर गए थे।ओर बच्चे अपने कमरे के सोफा पर गिरा हुआ मिला। जब बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह, एस आई प्रतीत टोपनो पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव परिजनों को आज सौंप दिया गया।

# बकरीद में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृति भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहार को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात व निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को संपन्न कराया जा सके। उपायुक्त



ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाये रखने के निर्देश दिया है। उन्होंने अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को ईद-उल-जोहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक करने के निर्देश दिया। पुलिस विभाग को पर्व के दौरान शहर के समस्त चौक-चौराहों व महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने विधि व्यवस्था से संबंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे में जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलंब सूचना देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि बकरीद के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। पर्व के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपस्थितिः- बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक अजय गोंड, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया/नगर पंचायत कोडरमा, सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एजेकेएसएस के पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित पीओ से की मुलाकात



**घाटो :** झारखंड उत्खनन परियोजना में नवपदस्थापित परियोजना पदाधिकारी एमके पांडेय और मजदूर ट्रेड यूनियन अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस ) के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ परिचय बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में चर्चा के दौरान मजदूरों का प्रमोशन सी.ए. एम. सी. की अद्यतन स्थिति माइंस विस्तार करने हेतु जमीन एवं रैयतो को नौकरी व मुआवजा एवं अन्य विषयों पर बात हुई। पांडेय ने कहा कि मजदूर, विस्थापित, श्रमिक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय बनाकर झारखंड उत्खनन परियोजना उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे एवं परियोजना का विस्तारीकरण किया जाएगा। साथ हीं परियोजना में कार्यरत मजदूरों के मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर मदन महतो, परमेश्वर महतो, राजकुमार साव, मनोज कुमार महतो, जयप्रकाश महतो, संतोष कुमार, कामेश्वर महतो, अशोक महतो, संजय धोबी, मो. जाकिर, मो. रफीक, राम प्रसाद रजवार, जलेश्वर महतो, निर्मल भुइयां, संजय कुमार महतो, मनीष पांडेय समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थें।

### श्री श्री 1008 भगवान कार्तिके पुनःप्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकल गई कलश यात्रा



**कुजू :** श्री श्री 1008 भगवान कार्तिके पुन:प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शिव मंदिर कुजू कोलियरी मंदिर के प्रांगण से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो सहित क्षेत्र के गण मान्य लोग और सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु भगवान चैतन्य महाप्रभु के चरण पहाड़ी धाम नदी तट पर पहुंचे। जहां विद्वान पंडितो द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ 251 महिलाओं ने कलश में पवित्र जल भरकर मंदिर परिसर पहुंचे और जल भरे कलश को यज्ञ शाला में स्थापित किया गया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष पप्पू सिंह, सचिव आदित्य कुमार सिंह, सुरजदेव सिंह, तेजनाथ महतो, श्याम सिंह ,राम सिंह, सरोजानंद झा, नंदकिशोर यादव, पवन सिंह, धर्मराज पंडित, शिवनाथ प्रसाद मेहता, अशोक कुमार ,फुलेश्वर साव, दीपक कुमार झा, उपेंद्र झा, सिद्धार्थ सिंह, मोंटी प्रजापति , सुबोध चंद्रवंशी, शंकर करमाली, अनुज सिंह , सूरज सिंह, रणजीत राम ,नंदकिशोर यादव, भोला ठाकुर, शंकर ठाकुर, जयपाल करमाली, मुखिया ललिता देवी ,रेखा देवी, नीलू कुमारी ,बबीता देवी ,मीना देवी, कालो देवी ,सरिता देवी, मंजू देवी ,कंचन देवी ,सरस्वती देवी सहित काफी संख्या में लोग कलश यात्रा में शामिल हुए।

### दामोदर पुल निर्माण को लेकर फूटा जनाक्रोश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आज सैकड़ों लोगों ने दामोदर पुल पर एकत्र होकर झारखंड सरकार और सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने श्हेमंत सोरेन शर्म करो, पुराने पुल की मरम्मती करो, नया पुल बनाओ, भ्रष्टाचारियों की सरकार मुदार्बाद जैसे नारों से सरकार को आड़े हाथों लिया। इसके बाद लोगों ने गमछा बिछाकर प्रतीकात्मक रूप से सरकार के लिए भिक्षा मांगी और जो भी राशि लोगों ने दी 10-20 उसे सरकार को धिक्कारते हुए एकत्र किया गया, जो कुल 155 हुआ और उसे झारखंड सरकार के कोष में भेज दिया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय ने कहा कि सरकार पूरी तरह बेपरवाह और भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। पुल की मरम्मत और नए निर्माण के लिए हम लोकतांत्रिक माध्यमों से सरकार तक अपनी बात पहुंचाने में असमर्थ हो चुके हैं। सीसीएल कई बार कह चुका है कि वह फंड देने को तैयार है, लेकिन राज्य सरकार न एनओसी दे रही है, न एस्टीमेट भेज रही है। जनवरी से संबंधित फाइल आईसीडी के चीफ इंजीनियर के पास लंबित है, और वह पद भी खाली पड़ा है। ऐसे में पुल का निर्माण नहीं होना सरकार की नाकामी का प्रतीक है। यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी, जो फिलहाल कोयला चोरी, बालू माफिया और ट्रांसफर-पोस्टिंग में व्यस्त है। पांडेय ने यह भी कहा कि यदि सरकार एक दिन का कोयले की एंट्री दे दे तो उससे पुल का निर्माण हो सकता है। मजबूरन हमें यह कदम उठाना पड़ा है, और आगे भी हम भुरकुंडा रिवर साइड, गिद्दी, रैलीगढ़ा, बांसुरी कॉलोनी समेत विभिन्न स्थानों पर इसी प्रकार भिक्षाटन कर सरकार को नींद से जगाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से गुड्डू यादव, करुण सिंह, ब्रजकिशोर पाठक, चंदन सिंह, श्याम सुंदर पांडेय, रविंद्र सिंह, पिंकू झा, ठाकुरदास महतो, संजय ओझा, अनिल सिंह, कैफी आजमी, दीपक झा, संतोष झा, रामसेवक महली, सुरेंद्र महतो, भरत पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस कमेटी की सौंदा डी पार्टी कार्यालय में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** लक्ष्य संगठन सृजन वर्ष कार्यक्रम को लेकर सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल एवं संचालन अनिल सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक मंडल, पंचायत एवं बुथ स्तर पर संगठन सृजन एवं नव निर्माण करने को लेकर चर्चा हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पतरातु प्रखंड सहित बड़कागांव विधानसभा में पुनः अपने अस्तित्व को हर हाल मे बहाल करेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पहले ही प्रखंड कार्यकारिणी एवं मंडल कमेटियां भंग की जा चुकी है। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार कर प्रस्ताव जिला एवं प्रदेश को भेजा जा चुका है। अभी पांच मंडल कमिटियों का गठन अगले एक सप्ताह में करने का लक्ष्य रखा गया। जिसके पश्चात पुनः पंचायत कमिटियों का गठन विस्तार प्रदेश प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्धारित समय अवधि में कर लिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, चमन लाल, प्रेम विश्वकर्मा, अनिल सिंह, डॉ. केके शर्मा, अमर यादव, लखन राम, राजकिशोर सिंह, इकबाल हुसैन, प्रकाश दास, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थें।

एक नजर

## मकान मालिक को बुरी तरह मार कर किया घायल, थाना में दिया आवेदन



**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति और उनके परिवार को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुलीपाड़ा कृष्णा नगर निवासी स्वर्ग गणेश पासवान का पुत्र सुनील कुमार पासवान ने बताया कि मेरे घर में भाड़ा पर रंजीत राम, संजय राम, और उनका पूरा परिवार रहता है। आगे उन्होंने बताया कि मकान खाली करवाने को लेकर उन लोगों से वाद-विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। पीड़ित सुनील कुमार पासवान ने बताया कि रणजीत राम, संजय राम, संजय राम की पत्नी मीरा देवी ने मिलकर बुरी तरह मार कर घायल कर दिया संजय राम ने बंदूक के बट से मार कर सर में सुनील कुमार पासवान को बुरी तरह जख्मी कर दिया। उन लोगों ने उक्त पीड़ित के पत्नी पार्वती देवी और उनके बच्चे को भी मार कर घायल कर दिया है और जान से करने का भी धमकी दिया है। वहीं हो हल्ला होने के कारण पड़ोसी ने बीच बचाव किया। उक्त घायल नगर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है नगर थाना ने शिकायत दर्ज कर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया है। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त घायल का इलाज किया। नगर थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## एक युवक पेड़ से गिरकर हुआ घायल, इलाजरत

**साहिबगंज** : तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुन के पेड़ से गिरने से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सकरीगली भोजल टोला निवासी राज ब्रिज सिंह का 25 वर्षीय पुत्र छोटू सिंह सुबह 7:00 बजे जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था, तोड़ने के दौरान पैर फिसल कर 20 फिट के ऊंचाई से जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त घायल का इलाज किया।

## पुलिस ने महिला पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीते दिनों 29 मई को महिला पर चाकू व कुल्हाड़ी से हमला करके गंभीर रूप से घायल करने वाले दूसरे आरोपी देवा पहाड़िया उर्फ लुक्कू पहाड़िया पिता छोटा दुला पहाड़िया को मंगलवार को उसके घर कोमो गोड़ा जेटके कुम्हार जोरी से गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई जहां मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वही मामले को लेकर एएसआई सुधीर कुमार तिवारी ने बताया कि इसके पहले भी बोरियो पुलिस ने बीते 1 जून को एक आरोपी सुंदरा पहाड़िया उर्फ सुंदरन पहाड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आगे उन्होंने बताया कि आरोपी युवकों ने साग तोड़ने के लिए खेत गई महिला सुरजी पहाड़ीन को पैसे के लेनदेन में बुरी तरह से चाकू व कुल्हाड़ी से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जहां इस मारपीट मामले को लेकर महिला के परिजनों ने बोरियो थाना में केस दर्ज कराई थी।

# युवा पीढ़ी राष्ट्र की असली पूंजी हैं : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि बहरागोड़ा क्षेत्र बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है, यहां की प्रतिभाओं ने शिक्षा, कला और सामाजिक सेवा के माध्यम से देश-विदेश में झारखंड का गौरव बढ़ाया है। राज्यपाल मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में आशीर्वाद संस्था की ओर से आयोजित ह्यप्रतिभा सम्मान समारोह' में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह ह्यप्रतिभा सम्मान समारोहह्न केवल पुरस्कार वितरण का अवसर नहीं है, बल्कि यह परिश्रम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों का उत्सव है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा पीढ़ी होती है। जब विद्यार्थी कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, शिक्षक समाज निर्माण में योगदान देते हैं और नागरिक जनसेवा में योगदान देते हैं, तो यही हमारे राष्ट्र की सच्ची नींव बनाते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि यह समाज को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में प्राथमिकता दें तथा अपने ज्ञान और ऊर्जा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में करें। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराना भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से स्थानीय समस्याओं का समाधान निकालें, विशेषकर अपने क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता उच्च शिक्षा की मजबूत नींव बनाती है और सशक्त आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य स्कूली शिक्षा की मजबूती पर निर्भर है। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त बहरागोड़ा में स्थित विभिन्न विद्यालयों को भी सम्मानित किया। लोक सभा सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बहरागोड़ा प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक रहा है। आज यह क्षेत्र एक शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे झारखंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्यपाल की उपस्थिति को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद बताया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल उच्च शिक्षा के विकास के लिए सदैव चिंतित रहते हैं और इसमें सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। उच्च शिक्षा के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता सर्वविदित है। इस अवसर पर राज्यपाल ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ सादगीपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया और संवाद किया। राज्यपाल के इस व्यवहार ने वहां उपस्थित सभी के हृदय को स्पर्श किया और अनेक लोगों ने उन्हें स्नेहपूर्वक 'पीपुल्स गवर्नर' की संज्ञा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पुलिस ने समदा नाला सकरी गली से आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने लंबे समय से आर्म्स एक्ट के पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी रामकृष्ण यादव पिता जमुना यादव को समदा नाला सकरीगली से मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी का मेडिकल जांच किया जिसके बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उधर मामले को लेकर थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि बीते दिनों 12 मार्च 2022 को गिरफ्तार आरोपी के द्वारा गंगा नदी में चलने वाले जहाज पर फायरिंग करने का आरोप के तहत केस दर्ज कराई गई थी जिसमें यह फरार चल रहा था।

## सेल के सहायक महाप्रबंधक एनके विश्वास को दी गई भावभीनी विदाई

**पश्चिम सिंहभूम** : पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित सेल के मेघाहातुबुरु खंड में सहायक महाप्रबंधक पद पर कार्यरत एनके विश्वास को झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की ओर से एक भावुक समारोह के माध्यम से विदाई दी गई। अपने कार्यकाल के अंतिम दिन कार्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विश्वास मंगलवार से औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हो गए।

## एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/हिरणपुर** : ज़िले के हिरणपुर प्रखंड परिसर में मंगलवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री टुडु दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पंचायत के मुखिया, किसान एवं बीपीओ टिंकल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को आम बागवानी के लिए प्रेरित किया गया। ताकि वे अधिक से अधिक आम बागवानी कर अपनी जीविका का साधन अपना सकें। मेला में विगत वर्षों के बागवानी के किसानों ने अपनी बागवानी के उपज का स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी लगाई। जहां पर लोगों ने आम खरीदा। वहीं महिला किसानों ने अपने आम बागवानी से जुड़े अनुभवों को भी बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने ग्रामीणों को आम की बागवानी के लिए प्रेरित किया जिससे वे अधिक से अधिक आम बागवानी लगाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इसलिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इस योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि आम बागवानी का लाभ उठाकर कई ग्रामीण स्वावलंबी बन रहें हैं। इसलिए अधिक से अधिक ग्रामीण इस योजना का लाभ जरूर उठायें। उनके उत्पादनों के लिए बाजार की व्यवस्था भी की जाएगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अचल अधिकारी ने किसान कोरोलिना किस्कु, सोनामुनी हेम्ब्रम, निरंजन भंडारी एवं मिठून साह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## विधायक प्रतिनिधि ने जनता की समस्याओं का किया समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा** : प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों और विजय कुमार, सुनंदा देवी, रितेश भगत, साईनूर बीबी, गुलेजान बीवी, जानकी मंगल, फातेमा बीबी इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में अम्बेदकर आवास, अबुआ आवास, संबंधित शिकायत, पेंशन संबंधित शिकायत, मैया सम्मान योजना संबंधित शिकायत, राशन कार्ड न बनने की शिकायत, जाति, आय, निवास, से संबंधित शिकायत, पेयजल संबंधित शिकायत, आधार अपडेट से संबंधित, बैंक संबंधित शिकायत, भूमि विवाद, अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की। बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना। सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से नाला में स्लैब लगाने संबंधित समस्या से अवगत कराया। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आवेदन को अनुशंसा करके कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा को भेज कर जल्द से जल्द वार्ड संख्या 10 में नाला में स्लैब की समस्या को निदान करने का निर्देश दिया। उसके उपरांत विधायक प्रतिनिधि बरकत खान आवास संबंधित समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास से मिलकर आवास से संबंधित समस्या का निदान करवाया। बरकत खान ने बताया लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है, उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए। बरकत खान ने बताया कि हमलोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं एवं कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है तो पदाधिकारी को हमलोग निर्देशित कर देते हैं कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाए।

## पुलिस ने 2.976 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा** : साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेलडांगा ग्राम से गांजा के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर मंगलवार को बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाहर से आकर एक आदमी अवैध गांजा बेच रहा है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के आदेशानुसार एक एसआईटी टीम गठन कर बेलडांगा ग्राम में छापामारी की गई। छापामारी में पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़कर उससे पुछताछ किया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम जमीरुल इस्लाम, साकिन पुराना पलासबोना, थाना कोटालपोखर जिला साहिबगंज बताया। उसका तलाशी लिया गया तो उसके पास के बैंग से करीब 2.976 किलोग्राम अवैध गांजा एवं एक नाप तौल डिजिटल मशीन, बिना नम्बर का होंडा एसपी 125 मोटरसाईकिल, एक ओप्पो कम्पनी का स्मार्ट मोबाईल फोन एवं नकद सात सौ रुपया बरामद किया। जप्त गांजा का उसके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बरहरवा थाना में मामले में कांड संख्या दर्ज किया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खण्डेलवाल, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, सअनि सुबोध कुमार यादव, सअनि हेमन्त कुमार यादव, सअनि सिदाम रविदास, सअनि रंजय कुमार यादव, आरक्षी काली उरॉव एवं प्रकाश मुर्मू शामिल थे।

# कार्य में तेजी लाएं और बाधाओं का शीघ्र समाधान करें : डॉ. रामटेके

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समाहरणालय सभागार, साहेबगंज में जल जीवन मिशन के अंतर्गत साहेबगंज- गोड्डा- दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन केन्द्रीय टीम (कॉन्स) के द्वारा किया गया। इस समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता डॉ. मिलिंद रामटेके (आईएएस), संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। इस अवसर पर चंदन बनर्जी, तकनीकी पदाधिकारी, डीसी हेमंत सती, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहेबगंज के सहायक अभियंता, तथा कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में डॉ. रामटेके ने योजना की वर्तमान प्रगति का विस्तृत जायजा लिया और पदाधिकारियों से बारीकी से रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनता को मिलने वाले लाभों के बारे में गहराई से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन के उद्देश्य को हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में समयबद्ध ढंग से कार्य किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि साहेबगंज- गोड्डा- दुमका मेगा जलापूर्ति योजना के तहत कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने एवं जलापूर्ति की दिशा में ठोस कार्य हो चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर तकनीकी एवं भौगोलिक चुनौतियों के कारण प्रगति धीमी रही है। इस पर डॉ. रामटेके ने निर्देश दिया कि अवरोधों की शीघ्र पहचान कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी साहेबगंज ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूर्ण तत्परता से योजना को सफल बनाने हेतु कार्यरत है और हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। बैठक में सहभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और समस्याओं पर चर्चा की। अंत में, डॉ. रामटेके ने सभी पदाधिकारयो से अपेक्षा की कि वे समन्वय स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक के उपरांत केंद्रीय टीम के द्वारा प्रखण्ड तालझारी, बोरियो एवं राजमहल के इंटेक वेल, ईएसआर, यूजीआर, डब्ल्यूटीपीका स्थलीय निरीक्षण किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## हाइवा की चपेट में आने से एक युवक घायल



**साहिबगंज**: मिर्जाचौकी थाना खनन चेक नाका के पास मंगलवार को एक बालक हाइवा (जेएच 04 एल 1854) के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार लाल बथानी सरपंच टोला निवासी अब्बू ताहिर का 12 वर्षीय पुत्र मो. तौफीक सुबह में अपने परिजनों के साथ मोटरसाइकिल से पीरपैंती प्यालापुर हटिया बकरा को लेकर बेचने के लिए जा रहा था। जहां मिजाचौकी खनन चेक नाका के पास रास्ते में तेज रफ्तार हाइवा ने उक्त बालक तौफीक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी होकर बीच सड़क पर गिरकर मूर्छित हो गया। हादसे में बालक का कमर से नीचे का हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया है। परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त घायल बालक का प्राथमिक इलाज करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हाइवा चालक घटना के बाद फरार हो गया। उधर गुस्साए ग्रामीणों ने घटना के बाद घंटों हाइवा को रोके रखा। जानकारी मिलने पर मिजाचौकी थाना एवं पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराते हुए परिजनों को उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पुलिस ने युक्त हाइवा को जब्त कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एक बालक को धारदार हथियारों से वार कर किया घायल, रेफर



**साहिबगंज**: नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ पूर्वी फाटक निवासी रमेश यादव का 10 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार को धारदार हथियार व लाठी डंडे से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बड़े भाई अनिकेश कुमार यादव ने बताया कि सुबह 9:00 बजे दूध लेकर रास्ते में अपने छोटे भाई अनिकेत कुमार के साथ जा रहे थे, वहीं पीछे से पप्पू यादव, पंकज यादव, अंगद यादव, चपड़ा, और एक अन्य युवक सब मिलकर मेरे भाई अनिकेत कुमार के ऊपर पीछे से सर पर तलवार और लाठी डंडे से वार कर बुरी तरह घायल कर वहां से फरार हो गया। जहां उक्त किशोर जख्मी हालत में सड़क पर गिरकर मूर्छित हो गया। वहीं बड़े भाई ने अपने छोटे भाई का जान बचाने के लिए बीच बचाव किया जिससे वह भी जख्मी हो गया है। वहीं बड़े भाई ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मालदा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश शोभा यात्रा निकली



**साहिबगंज**: श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की मंगलमय कलश शोभायात्रा आज सुबह 8:00 बजे कथा स्थल अंबाडिया गंगोत्री टोली डेरा मठिया से निकल कर जो तालबन्ना, रेलवे स्टेशन होते हुए मुक्तेश्वर बिजली घाट मंदिर पहुंची। जहां गंगा तट पर पहुंचकर पूजा अर्चना करके सभी आजमान संकल्प करके कलश धारी के साथ जल भरकर के पुन: कथा स्थल ले जाया गया। घोड़ा, रथ, गाजे बाजे के साथ 551 कन्याएं और सम्मानित बड़े बुजुर्ग और तमाम भक्त जनों के कलश शोभा यात्रा के साथ भक्ति माहौल में जयकारा लगाकर जा रहे थे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सकरीगली से हजारी बाबा पधारे, शोभापुर मठिया भट्ठा से लाल बाबा महाराज, श्री श्री 108 राम जानकी मंदिर भारत बाबा, मठिया से सुखराम दासजी महाराज, कथा वाचक धनंजय वैष्णव महाराज, शांति कुटिया अयोध्या जजमान के रूप में अन्य आदि ने पूजा पाठ करते हुए भक्ति का आनंद लेते हुए कथा स्थल पर अपना सेवा दान दे रहे हैं। वही आज से कथा संध्या 6:00 बजे रात्रि से 10:00 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा।इस कथा में विशेष रूप से वृंदावन से आए हुए झांकी मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई जाएगी और भजन मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर गीत संगीत और भजनों का आनंद कथा के साथ-साथ दिया जाएगा।

## बिना आरक्षण रोस्टर क्लीयर किए हो रही होमगार्ड की बहाली : डॉ लंबोदर



**रांची**: आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षण रोस्टर क्लियर किए बगैर होमगार्ड बहाली पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने झारखंड होमगार्ड नियमावली-2014 में संशोधन करने के बाद बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया अपनाई जा रही है उससे झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोग बहाली से बाहर रह जाएंगे। उन्होंने इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि होमगार्ड बहाली में जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह राज्यहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि नियमावली में संशोधन करने के बाद ही बहाली की प्रक्रिया शुरू किया जाना श्रेयस्कर रहेगा। डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि पूरे राज्य में अलग-अलग जिलों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में होमगार्ड के रिक्त करीब 36 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यह बहाली प्रक्रिया होम गार्ड नियमावली जो बिहार होमगार्ड एक्ट 1953 के आधार पर बनाई नियमावली के आधार पर की जा रही है। इससे राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। पूरे राज्य में बिना रोस्टर क्लियर कराए हुर होमगार्ड की बहाली की जा रही है। इससे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को बहाली में लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है।

# बिहार में आंधी-तूफान का कहर, सीवान में 7 की मौत

## पूर्णिया-सहरसा समेत कई जिलों में गिरे पेड़; आज 6 जिलों में हेवी रेन का अलर्ट

**पटना।** उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में सोमवार रात तेज आंधी-बारिश हुई। सीवान में तेज आंधी-बारिश के कारण दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग थाना इलाकों में 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं हैं। वहीं, पूर्णिया में आंधी-बारिश से पेड़ के उखड़ जाने के कारण देर रात स्टेट हाई-वे पर लंबा जाम लगा गया। बांका और लखीसराय में भी बारिश हुई है। आज यानी मंगलवार को 6 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पटना समेत कुछ जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तेज हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में कई जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। 15 जून से बिहार में मानसून की एंट्री हो सकती है। मानसून पूर्णिया, किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश करेगा।सीवान में सोमवार को तेज आंधी के कारण 3 महिलाओं समेत कुल 7 लोगों की मौत हो गई। बरहड़िया थाना क्षेत्र के बहादुर गांव में शाहिद अख्तर (30) की मौत छत से गिरने के कारण हुई। शाहिद छत पर मजदूरी का काम कर रहा था, तभी तेज आंधी के कारण वह नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसांव गांव में नंदकिशोर सिंह (55) की मौत एक पेड़ के गिरने से हुई। आंधी शुरू होने पर वो घर के पास एक पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी पेड़ गिर गया और उसके नीचे दबने से उनकी मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में अलीमुन बेगम (40) बकरी चराने गई थीं।



आंधी-बारिश से बचने के लिए वह महुआ के पेड़ के नीचे छिपीं, लेकिन पेड़ गिरने से उनकी भी मौत हो गई। लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के बाजितपुर में यूसुफ अली (35) की कार पर बरगद का पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं लखनौरा गांव में आंधी में गिरी छत की दीवार के नीचे दबकर प्रभु मांझी की पत्नी कलपती देवी(52) की मौत हो गई। माधोपुर गांव में भी पेड़ गिरने से विजय प्रसाद की पत्नी चंद्रवंती देवी की जान चली गई। जीबी नगर थाना क्षेत्र के सतवार में श्री राम प्रसाद (75) की मौत झोपड़ी ढहने से हो गई।पिछले 24 घंटे के दौरान 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रोहतास सबसे गर्म जिला रहा। 39.8 डिग्री के साथ पटना दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। पटना में सोमवार को अधिकतम तापमान रविवार से एक डिग्री कम रहा। राजधानी में सुबह और दोपहर तेज धूप, उमस के बाद शाम को बादल छाए, हल्की हवा भी चली, लेकिन बारिश नहीं हुई।

इसके अलावा गया का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री रहा, नालंदा का 39.1 डिग्री और बांका का 37.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।मौसम विज्ञानियों के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। बीते कुछ दिनों की तुलना में तापमान में तेजी से इजाफा दर्ज किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि पछुआ हवा के सक्रिय रहने के कारण हो रही है, जिससे मानसून की प्रगति को भी प्रभावित किया है। 15 जून तक मानसून के आने की संभावना बिहार में गर्मी बढ़ने का कारण पछुआ हवा है, जो न केवल गर्म और शुष्क है, बल्कि इसने मानसून के समय से पहले आगमन की संभावनाओं पर भी विराम लगा दिया है।दरअसल, मानसून ने इस बार केरल में निर्धारित डेट से आठ दिन पहले 26 मई को दस्तक दे दी थी। शुरुआत में प्रभाव काफी तेज भी था। यही कारण था कि मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि बिहार में भी मानसून समय से पहले प्रवेश कर सकता है। हालांकि, अभी तक मौसम विभाग ने मानसून को लेकर कोई आधिकारिक पूर्वानुमान जारी नहीं किया है। फिलहाल, मानसून पश्चिम बंगाल और सिक्किम के उत्तरी हिस्सों तक पहुंचने के बाद स्थिर हो गया है। अगले एक सप्ताह तक इसके आगे बढ़ने की संभावना नहीं जताई गई है। बिहार में आमतौर पर मानसून 13 से 15 जून के बीच प्रवेश करता है। लेकिन इस बार समय से पहले मानसून आने की उम्मीद की जा रही थी। फिर भी पछुआ हवा की सक्रियता ने मानसून की रफ्तार पर विराम लगा दिया है, जिससे राज्य को फिलहाल और गर्मी झेलनी पड़ रही है।


# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी शुरू



**कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कटिहार जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया। अर्धसैनिक बलों के लिए आवास स्थल चयन पर चर्चा हुई। खर्च संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान के निर्देश दिए गए। उप-निर्वाचन पदाधिकारी को सभी चुनावी कार्यक्रम समय पर पूरा करने के निर्देश मिले। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सभी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों को चुनाव की तैयारियों में कोई कमी नहीं रखने के निर्देश दिए गए।

# टीचर से एकतरफा प्यार में मौलवी ने करवाया मर्डर

**दरभंगा।** में प्रधान मौलवी ने अपने ही मदरसे में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका के पिता की हत्या करवा दी। मृतक उर्दू के शिक्षक थे। उनकी बेटी बुसरा खातून (21) मदरसे में 4 साल से पढ़ा रही थी। इसी दौरान प्रधान मौलवी मुफ्ती साहब अनवर (40) उसे पसंद करने लगे थे। दोनों के बीच बातचीत होती थी, पर बुसरा के मन में उसके लिए कोई फिलिंग नहीं थी। मौलाना लड़की से शादी करना चाहता था। इसके लिए वो बुसरा के पिता मंसूर आलम से मुलाकात भी कर चुका था, लेकिन बुसरा ने शादी से इनकार कर दिया था। इस बीच पिता ने 25 मई को अपनी बेटी की शादी कहीं और तय कर दी। जिसके बाद मौलाना ने लड़की के पिता



की हत्या की प्लानिंग की। इस काम के लिए मौलाना ने सीतामढ़ी के 2 शूटर्स को हायर किए। शूटर 2 लाख रुपए मांग रहे थे, पर 1 लाख में डील फाइनल हुई। 28 मई की सुबह उर्दू शिक्षक साइकिल से अपने स्कूल जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार शूटर्स ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। फायरिंग में उनको तीन गोलियां लगी थीं। 1 मई को आरोपी मौलवी को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि 'बुसरा के पिता की हत्या करने के लिए उसने सुपारी दी थी। सोमवार 2 मई को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया।

घटना भरवाड़ा कमतौल रोड पर नासिरगंज तिनरता के पास हुई थी। SSP जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की जानकारी दी।SSP जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि, 'पुलिस की हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी मौलवी ने कहा था कि उसे हार्ट अटैक आया है। जिसके बाद उसे पुलिस की कस्टडी में DMCH ले जाया गया। जहां अभी भी उसका इलाज चल रहा है। आरोपी शादीशुदा है। उसके 4 बच्चे हैं। 2 बेटे और 2 बेटियां।'वहीं, मृतक मधुबनी के बलिया थाना बेनीपट्टी निवासी मंसूर आलम हैं। जो दरभंगा में किराए के कमरे में रहते थे। प्राथमिक विद्यालय निसारगंज में उनकी पोस्टिंग थी। किराए के घर से उनका स्कूल 2KM की दूरी पर है। घटना वाले दिन वे स्कूल पहुंचने वाले थे, 500 मीटर और सफर करना था। इसी दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। वारदात के बाद अपराधियों के भागने का CCTV फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि बदमाश पल्सर बाइक से फरार हो रहे हैं। मृतक की पत्नी खैरून निशा ने सिंहवाड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# अपनी दुल्हनिया के साथ दिखे खान सर

**पटना।** अपने अलग अंदाज से पढ़ाने के लिए मशहूर खान सर ने शादी कर ली है। आज यानी 2 जून को उन्होंने रिसेप्शन की पार्टी दी। इस दौरान खान सर अपनी दुल्हनिया के साथ दिखे। खान सर अपनी पत्नी का हाथ पकड़ कर स्टेज तक लाए। खान सर और उनकी पत्नी का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें खान सर की पत्नी लाल रंग के लहंगे में दिख रही हैं। शगुना मोड़ पर बने एक बैंक्वेट हॉल में रिसेप्शन की पार्टी चल रही है। पूरे कैम्पस को रंग बिरंगी लाइट और खूबसूरत फूलों से सजाया गया है। रिसेप्शन में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री सुनील सिंह, मंत्री सुमित सिंह समेत कई राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। खान सर ने मेहमानों के स्वागत में खाने-पीने की भी



विशेष व्यवस्था की थी। स्टार्टर में गोलगप्पे सहित कई व्यंजन शामिल किए गए। मेन कोर्स में वेज और नॉन-वेज दोनों प्रकार के कुल 245 से अधिक आइटम मेहमानों के लिए परोसे गए। रिसेप्शन पार्टी में चार चांद लगाने के लिए बॉलीवुड के मशहूर सिंगर साबरी ब्रदर्स भी पहुंचे। पीडब्ल्यू वाले अलख पांडे, हिमांशी, एसके झा समेत कई नामी शिक्षक खान सर की रिसेप्शन में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, खान सर 6 जून को अपने छात्रों के लिए भोज का आयोजन करेंगे। छात्राओं के लिए अलग दिन भोज की तैयारी की गई है ताकि ज्यादा भीड़ न हो। इस तरह जून का यह सप्ताह खान सर के लिए जश्न और मेहमान नवाजी से भरा रहने वाला है। लाइव क्लास के दौरान बताई थी शादी की बात खान सर ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बीते दिन बड़ा बयान दिया था। उन्होंने एक लाइव क्लास के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वो शादी कर चुके हैं। हालांकि, वीडियो में वे मजाकिए लहजे में दिखे। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि- 'आप मेरे सबसे करीब हैं, मेरा वजूद आप से है, इसलिए सबसे पहले आपको ये बता रहा हूं।'यह सुनते ही उनके छात्र पहले तो चौंक गए, लेकिन इसके बाद पूरे सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था।

अर खान नाम की लड़की से की है शादी सूत्रों के अनुसार, उन्होंने 'अ र खान' नाम की एक युवती से निकाह किया है। हालांकि इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही खान सर ने अपनी पत्नी का नाम सार्वजनिक रूप से बताया है। खान सर की रिसेप्शन कार्ड भी बेहद साधारण और निजी रखा गया है, जिसमें न तो उन्होंने अपना असली नाम बताया और न ही अपनी पत्नी का पूरा नाम। पटना में GS रिसर्च सेंटर चलाते हैं खान सर

# लापता छात्रा का शव मिला, हाथ रस्सी से बंधे थे

**भागलपुर।** में 4 दिन से लापता एक 19 साल की छात्रा का शव मिला है। छात्रा का शव क्षत-विक्षत हालत में मकई के खेत से बरामद हुआ है। उसके हाथ रस्सी से बंधे थे। वहीं, झाड़ियों से छात्रा का आधार कार्ड, साइकिल और कुछ एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। परिजनों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के सधुवा ढाला के पास की है। परिजनों के मुताबिक, छात्रा 30 मई को दोपहर एक बजे के करीब घर से निकली थी। बिहार पुलिस का ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए कैफे गई थी। उसके बाद घर लौटकर नहीं आई। घरवालों को छात्रा की मौत की सूचना तब मिली जब 3 जून यानी मंगलवार की सुबह ग्रामीणों को मकई के खेत से दुर्गंध आने लगी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके से लडकी का शव बरामद किया। पुलिस ने भी आशंका जताई है कि रेप के बाद छात्रा की हत्या की गई है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। FSL की टीम भी जांच कर रही है।मृतका के पिता ने कहा, 'मैं अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए हमेशा आगे रहता था। जब भी पढ़ाई के सिलसिले में बाहर जाने के लिए पूछती तो मैं परमिशन दे देता था। पढ़ा-लिखाकर उसे अफसर बनाने का सपना था।' 'पता नहीं किसकी नजर लग गई। आज उसकी लाश खेत में मिली है। हाथ बंधे हुए थे। कागज बिखरे थे। साफ है कि उसके साथ कुछ दरिंदों ने पहले दरिंदगी की। फिर उसे मार डाला।' वहीं, रंगरा थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया, '30 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। हम तलाश कर रहे थे। आज सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक खेत से तेज दुर्गंध आ रही। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पुहंची।'

# 'पाकिस्तान से उतनी ही नफरत करते हैं, जिनती RSS से

## दरभंगा की डिप्टी मेयर के बयान पर भड़के संजय सरावगी, बोले- ऐसी मानसिकता बदलनी होगी

**दरभंगा ।** की डिप्टी मेयर ने 6 दिन पहले आरएसएस की तुलना पाकिस्तान से की। इसके बाद नाजिया हसन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। उनके पुतले जताए गए। उनके दफ्तर में प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की। फिर पुलिस को मामला शांत करना पड़ा। आज बुधवार को प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने नाजिया हसन के बयान को शर्मनाक बताया है। मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि जो व्यक्ति भ्रभ को पाकिस्तान से जोड़ता है, उसकी सोच भी पाकिस्तान जैसी होगी। यह बयान निंदनीय और शर्मनाक है। ऐसी मानसिकता बदलनी होगी। भ्रभ देश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। यह



देशभक्ति के लिए जाना जाता है।आपदा में स्वयंसेवक सबसे पहले मदद करतेआजादी से पहले से ही संघ देश के लिए काम कर रहा है। जब भी देश में आपदा आती है, संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचते हैं। चाहे भूकम्प हो या कोई और आपदा हो, संघ के स्वयंसेवक हमेशा खुले रूप में आम जनता की मदद में लगे रहते हैं। इसके खिलाफ अगर कोई बोलता है, तो उसकी सोच भी पाकिस्तानी जैसी होगी।ऐसे संगठन की तुलना पाकिस्तान से करना गलत सोच का नतीजा है। इससे पहले भी





मेयर की ओर से ऐसा बयान आया था, जिसके बाद माफी मांगनी पड़ी थी।मंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाला कोई भी व्यक्ति अगर भ्रभ की तुलना पाकिस्तान से करता है, तो इससे बड़ा अपमान कुछ नहीं हो सकता। यह सोच बदलनी जरूरी है। नाजिया हसन की ये मानसिकता गलत है।पोस्ट के बाद शहर में मचा बवालदरअसल, 6 दिन पहले नाजिया हसन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था- ‘हम लोग हिंदू भाई से उतनी ही स्नेह रखते हैं जितनी मुस्लिम भाई से। हम लोग पाकिस्तान से उतनी ही नफरत करते हैं, जितनी आरएसएस से। क्योंकि दोनों दो नेशन थ्योरी के समर्थक रहे हैं। इस पोस्ट के बाद शहर में बवाल मच गया था।भाजपा और विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य संगठनों ने नगर निगम कार्यालय के सामने पुतला फूंका। कार्यालय में घुसने की कोशिश की। दरवाजा बंद मिला तो गेट पर लात-घूंसे चलाए। नेम प्लेट और पर्दा उखाड़ दिया। नारेबाजी की गई। नाजिया हसन से माफी की मांग की गई।प्रदर्शन के समय नाजिया हसन कार्यालय में ही थीं। प्रदर्शनकारियों ने जबरन अंदर घुसने की कोशिश की। दरवाजा बंद होने के कारण अंदर नहीं जा सके। इसके बाद गुस्सा और बढ़ गया। महिला और पुरुष प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ की। पुलिस ने रोकने की कोशिश की।

## संक्षिप्त डायरी

### स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर; विधवा महिला की मौत

**शिवहर।** में सोमवार रात 10:30 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में विधवा महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि 4 अन्य लोग घायल है। घटना नगर थाना क्षेत्र के रसीदपुर की है। मृतक की पहचान फूलो खातून(40) के रूप में हुई है। मोहम्मद वैस अपनी मां शहनाज खातून का इलाज कराकर परिवार के साथ ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को टक्कर



मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि फूलो खातून की मौके पर मौत हो गई। शहनाज खातून और मोहम्मद वैस की स्थिति अभी गंभीर है। ई-रिक्शा चालक भी इस हादसे में घायल हुआ है। अस्पताल पहुंचाकर स्कॉर्पियो चालक फरार घायल मोहम्मद मंसूर ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक घायलों को सदर अस्पताल ले गया। उसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नगर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दरभंगा के नए जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार



**दरभंगा।** के नए डीएम कौशल कुमार ने मंगलवार को कार्यभार संभाला। इस मौके पर कलेक्ट्रेट भवन में समारोह का आयोजन किया गया। इससे पहले सुपौल के डीएम थे। 2012 बैच के IPS अधिकारी हैं। डीएम कौशल कुमार ने कहा, 'पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था को सामान्य बनाए रखना है। सरकारी योजनाओं को जमीन तक पहुंचाना उनका लक्ष्य रहेगा। आम जनता के सुख-दुख में साथ रहेंगे। जनसहभागिता से काम करने की कोशिश करेंगे।'वहीं, पूर्व डीएम राजीव रौशन ने कहा कि दरभंगा में उनका कार्यकाल यादगार रहा। विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने में जनता और अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला। दरभंगा एयरपोर्ट, एम्स, हाईवे जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट उनके कार्यकाल में आगे बढ़े। राजीव रौशन 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग में प्रमोट करके सारण प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। दरभंगा में उन्होंने तीन साल से अधिक समय तक जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। समारोह में डीडीसी चित्रगुप्त कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राकेश रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येन्द्र प्रसाद, एसडीओ विकास कुमार, अपर समाहर्ता आपदा सलीम अख्तर, एडीएम लोक शिकायत अनिल कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रशांत कुमार और डीसीएलआर संजीत कुमार मौजूद रहे।

### बैंक-ज्वेलरी शॉप लूट की साजिश रचते 3 बदमाश अरेस्ट,2 फरार

**गया।** शहर में बैंक और ज्वेलरी शॉप लूट की साजिश रच रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। जबकि, दो फरार हो गया। पकड़े गए अपराधियों के पास से हथियार, कारतूस, दो बाइक और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस को इनपुट मिली थी कि कुछ अपराधी शहर और आसपास के इलाकों में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे हैं। डीआईयू को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध युवक सीताकुंड फोरलेन पुल के



नीचे जुटे हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घेरा बंदी की। पुलिस को देखते ही पांच युवक भागने लगे। पीछा कर दो युवकों को दबोच लिया गया। इनकी पहचान मनीष कुमार (22) पिता स्व. कमलेश पासवान और नवीन कुमार (20) पिता उदय प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों निवासी नवडिहा खुर्द, थाना वजीरगंज, के रहने वाले है। पूछताछ में दोनों ने तीसरे साथी चंदन कुमार का नाम बताया, जिसे बाद में गया कचहरी के पास से पकड़ा गया। चंदन कुमार (25) कजूर, थाना अतरी, गया का रहने वाला है। सीट के नीचे से मिले देसी कट्टा-कारतूस तीनों के पास से एक-एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया। मनीष की पल्सर बाइक के सीट के नीचे से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले। नवीन की स्प्लेंडर बाइक से भी एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए सभी अपराधियों के खिलाफ कई केस दर्ज विभिन्न थानों में दर्ज हैं। मनीष के खिलाफ अकेले दस केस दर्ज हैं। तीनों अपराधी एक से डेढ़ महीने पहले ही जेल से छूट कर आए थे। सभी कुख्यात लुटेरा गैंग राधा गिरोह के सदस्य है। गैंग मुख्य रूप से बैंक, ज्वेलरी, रोड होल्डअप और चैन स्नैचिंग सरीखे वारदात को अंजाम देता रहा है। मुफस्सिल थाना में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### कैनाल मैन 71 साल की उम्र में करेंगे दूसरी शादी

**गया।** के कैनाल मैन लौंगी भुइयां 71 साल की उम्र में दूसरी शादी करने का विचार कर रहे हैं। पहली पत्नी रामरती देवी की मौत के बाद उनकी याद में जंगल के बीचों बीच 2 बड़े तालाब खोद रहे हैं। उनका मानना है कि जीवन के आखिरी पड़ाव में एक हमसफर की जरूरत है। जो मेरा हाल-चाल पूछे, खाना-पानी दे और मेरा ख्याल रखे। लौंगी भुइयां ने बताया, 'बुढ़ापे में सेवा करने वाला कोई नहीं है। इसलिए दूसरी शादी का विचार किया है। अगुवा (मीडिएटर) एक रिश्ता भी लेकर आया है। रानीगंज की एक महिला तैयार भी है। इसके लिए अपने 'गार्जियन' केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से परमिशन लेंगे। परमिशन मिलने के बाद ही शादी करेंगे। हम मांझी जी से कहेंगे कि शादी के लिए 60-70 हजार की मदद करें।'कैनाल मैन का पहला मिशन गांव को पानी देना था। 30 साल की मेहनत से अकेले ही 3 किलोमीटर लंबी नहर खोद डाली। दूसरा मिशन बरसाती पानी को संरक्षित करने के लिए पहाड़ी के नीचे तालाब बनाना था। अब तीसरा मिशन है पत्नी की याद में तालाब और खुद के लिए जीवन संगिनी की तलाश करना। पत्नी के नाम पर बनेगा 'पानी वाला स्मारक'गया के खजरहा जंगल में लौंगी भुइयां लगभग 100 फीट चौड़े और 12 फीट ऊंचे दो तालाब की खुदाई कर रहे हैं। इसमें मछली पालन की योजना है। यहां बसाती पानी को संरक्षित किया जाएगा। पानी की निकासी के लिए सिस्टम भी तैयार किया है। ताकि पानी पहाड़ के नीचे पहले से बनी पइन (नहर) में पहुंच सके। आज भी मिट्टी के घर में रहते हैं। बिजली का बल्ब घर में जलता है। लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनता है। घर में एक हैंडपंप लगा है। उज्ज्वला योजना, नलजल योजना और इंदिरा आवास योजना का लाभ अब तक नहीं मिला है।



# क्या आप भी जल्दी जल्दी नौकरी बदलते हैं ? ये हैं फायदे एवं नुकसान

**एक तो लोगों को नौकरी मिलना आज के समय में बेहद मुश्किल का कार्य है, वहीं कई लोग भाग्यशाली होते हैं, जिन्हें एक नौकरी छोड़ने से पहले ही दूसरी नौकरी मिल जाए! ऐसे में थोड़ी ग्रोथ के लिए लोगबाग जल्दी-जल्दी नौकरी चेंज करने लगते हैं। शायद आप भी उनमें से हों, किन्तु अगर आप भी जल्दी जल्दी नौकरी चेंज करते हैं तो यह जान लें कि शार्ट टर्म में बेशक इसके कुछ फायदे दिखें, किन्तु दीर्घावधि में इसका काफी नुकसान होता है।**

हालांकि अभी के समय में हालात यह हैं कि अब पहले की तरह लोग एक ही नौकरी पर बहुत दिन तक कार्य नहीं करते हैं, बल्कि नौकरी चेंज करने में वह अपनी ग्रोथ देखते हैं, और उसी अनुरूप डिसीजन भी लेते हैं।

किंतु जॉब बदलने का फैसला कुछ मामलों में बेशक ठीक लगता है, किंतु कुछ मामलों में यह कहीं ना कहीं नुकसान देता है। आइये जानते हैं.अगर फायदे की बात करें तो आप यह जान लीजिए कि जॉब बदलने में सबसे पहले तो कुछ परसेंट ही सही, मगर आपकी सैलरी बढ़ जाती है। निश्चित रूप से हर व्यक्ति चाहता है कि उसे उसके काम के अधिक से अधिक पैसे मिलें, और एक नौकरी में अगर उस अनुरूप ग्रोथ नहीं होती है, तो वह जॉब बदलना चाहता है, और ऐसे में उसे तुरंत ही ग्रोथ मिल जाती है।

वहीं अगर दूसरे फायदे की बात करें तो इससे पर्टिकुलर इंडस्ट्री में आपका नेटवर्क बेहतर होता है। अगर एक कंपनी में आप जॉब करते हैं, फिर दूसरी कंपनी में जाते हैं, और इस तरीके से अलग-अलग कंपनी में आपका बेस तैयार होता चला जाता है।

इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि एक ही कंपनी में काम करने पर आप कंफर्ट जोन में आ जाते हैं। आपकी स्किल कहीं ना कहीं सैचुरेट हो जाती है, तो दूसरी कंपनी में जब आप जाते हैं, तो वहां कुछ ना कुछ नया सीखने को अवश्य मिलता है। चाहे वहां आपका नया सीनियर हो, चाहे वहां का इनवायरमेंट हो, आप उस कंपनी से नई चीजें जरूर सीखते हैं, और यह वह चीज है जो आपको आने वाले दिनों में मजबूती करती है। इसके अलावा कई भारत लोग एक जगह पर कार्य करने से बोर भी हो जाते हैं, ऐसे में नयी जॉब में उन्हें नयापन भी मिलता है।

हालांकि यह इसका पॉजिटिव पक्ष है, किंतु कुछ निगेटिव पक्ष भी हैं, जिन्हें आपको अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

नुकसान की बात करें तो बार बार जॉब चेंज करने से पोजीशन के मामले में आपके आगे बढ़ने पर असर पड़ सकता है। जी हाँ! एक ही कंपनी में जब आप काम करते हैं, तो वहां आपकी कांस्टेंट ग्रोथ होती है। वहां आपको प्रमोशन मिलता रहता है, किंतु जब आप दूसरी कंपनी में जाते हैं, तो सीनियर पोजिशन पर आपको पहुंचने में कहीं ना कहीं दिक्कत होती है।

इससे आपकी लॉयल्टी भी चेक की जाती है। अगर आप कुछ ज्यादा ही जॉब चेंज करते हैं, तब आपको किसी हायर पोजिशन पर जॉब देने से एचआर मैनेजर निश्चित ही कई बार सोचेगा।

कंपनी अगर किसी जिम्मेदारी वाली पोस्ट पर आप की हायरिंग कर भी लेती है, तो भी कंपनी श्योर नहीं हो पाती है कि आप आखिर कितने दिन जॉब करेंगे? कहीं आप बीच में ही जॉब छोड़ कर कहीं और तो नहीं चले जाएंगे? ऐसे में आप शक के घेरे में आ जाते हैं!

यह कार्य सिर्फ पोजीशन के मामले में ही नहीं है, बल्कि प्रोजेक्ट अलॉटमेंट के मामले में भी है, तो क्लाइंट इंटरेक्शन के मामले में भी है। जब तक आप किसी कंपनी के लम्बे समय तक वफादार नहीं होते हैं, तब तक किसी बड़े प्रोजेक्ट की कमांड आपके हाथ में देने से निश्चित रूप से वह कंपनी हिचकिचाएगी। इसी प्रकार से बड़े क्लाइंट हैंडलिंग में भी कंपनी आपको तब तक इंवॉल्व नहीं करेगी, जब तक आप उसके प्रति लॉयल साबित न हो जाएँ! ऐसे में कहीं ना कहीं बड़ी संभावनाओं से आपके दूर रहने की शुरुआत हो जाती है।

कंपनी बार-बार चेंज करने का आपके फाइनेंसियल पोजीशन पर भी खासा असर पड़ता है। चाहे आप क्रेडिट कार्ड एप्लीकेशन के लिए अप्लाई करें, चाहे आप होम लोन या दूसरे लोन के लिए अप्लाई करें,आपकी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी जरूर चेक की जाती है। आप किस कंपनी में कितने लंबे समय तक रहे हैं, यह आपके लिए एक प्लस प्वाइंट साबित होता है। वहीं अगर आप बार-बार अपनी जॉब चेंज करते हैं, तो कहीं ना कहीं आप की फाइनेंसियल स्टेबिलिटी पर एक सवाल खड़ा होता है।

## मैनेजेरियल स्किल डेवलपमेंट पर पड़ता है फर्क

जी हां! ऊपर से आपको बेशक लगे कि आप कुछ चीजें ऊपर ऊपर समझ गए हैं, किंतु प्रबंधन के गुणों को आप तब तक नहीं समझ सकते, जब तक आप किसी कंपनी में देर तक नहीं टिकेंगे! कहीं टिक कर काम करने के बाद ही कंपनी पॉलिटिक्स, प्रबंधन टेक्निक आप समझ पाते हैं। कंपनी अपने इन्वेस्टमेंट डिसीजंस किस प्रकार लेती है, वास्तव में उसकी रुचि और भविष्य की योजनायें क्या हैं, यह आप गहराई से एक समय के बाद ही समझ पाते हैं। अगर बाद में आप कभी अपना उद्यम शुरू करना चाहें, तो इसलिए जरूरी है कि किसी कंपनी में आप देर तक टिक कर काम करें, अन्यथा आप उसकी गहराई को नहीं समझ पाएंगे।






# पॉलीमर साइंस में बीटेक करने के बाद है शानदार करियर संभावनाएं

**विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं।**

मौजूदा तकनीकी दौर में पॉलीमर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इनमें प्लास्टिक, मोल्डेड सामग्री, सिंथेटिक फाइबर, रबर आदि शामिल हैं। ईको-फ्रेंडली और रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के साथ इन सभी पॉलीमर प्रोडक्ट्स के उचित प्रबंधन की आवश्यकता भी समय के साथ बढ़ रही है। यह काम पॉलिमर इंजीनियर्स करते हैं। वे प्लांट डिजाइन, प्रोसेस डिजाइन और थर्मोडाइनेमिक्स के सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको पॉलीमर साइंस में बीटेक के बाद करियर अवसर के बारे में जानकारी देंगे-

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के अवसर

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आप सरकारी फर्मों जैसे सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला और सेंट्रल साल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च इंस्टीट्यूट आदि में बतौर जूनियर रिसर्च फेलो काम कर सकते हैं। इन फेलोशिप कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर कम से कम 55% अंकों के साथ एम ।टेक डिग्री प्राप्त करने के बाद कोई भी नेट के लिए बैठ सकता है। जिन उम्मीदवारों ने अपनी बी टेक डिग्री में 60% अंक प्राप्त किए हैं, वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक या इंजीनियर के रूप में 40,000/- रुपये के मासिक वेतन के साथ काम कर सकते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन भी वैज्ञानिक बी पद की भूमिका में पॉलिमर इंजीनियरिंग स्नातकों की भर्ती करता है। इनके अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) जैसे संगठन भी पॉलिमर इंजीनियरिंग में बी टेक स्नातकों को नियुक्त करते हैं। इनके अलावा स्नातक डिग्री धारक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, ऑयल इंडिया लेबोरेटरीज, पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग प्लांट्स और ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) आदि विभागों में भी रोजगार पा सकते हैं। उम्मीदवार विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में लेक्चरर पद का विकल्प भी चुन सकते हैं।

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद निजी क्षेत्र के अवसर

जर्मन आधारित कंपनी विंडमोलर एंड होल्शर, अक्सर अपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग में संचालन करने के लिए पॉलिमर इंजीनियरों की भर्ती करती है। 7 से 8 साल के कार्य अनुभव वाले लोग एलाइड सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स/बिजनेस डेवलपमेंट सेक्शन में जा सकते हैं। यहाँ आप 35,000/- से रु ।50,000/- प्रति माह तक की सैलरी पा सकते हैं। अपोलो टायर्स लिमिटेड, सिएट लिमिटेड आदि जैसी टायर कंपनियों को भी पॉलिमर इंजीनियर्स की जरूरत है। पॉलीमर इंजीनियरिंग में स्नातकों के लिए क्वालिटी इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर्स/ टेक्नोलॉजिस्ट, पॉलीमर स्पेशलिस्ट आदि सामान्य जॉब प्रोफाइल हैं।



# प्रतिभावान विद्यार्थियों को तराशती योजना

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा

**नेशनल टेलेंट सर्च यानी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज एनसीईआरटी की एक प्रमुख योजना है। इसका उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना और उनकी प्रतिभा को बढ़ाना है। इसके तहत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और विधि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह योजना प्रतिभावान विद्यार्थियों को मासिक स्कॉलरशिप के रूप में आर्थिक मदद दे कर सहयोग देती है। इस योजना में बेसिक साइंस, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के पाठ्यक्रमों के लिए पीएचडी स्तर तक सहायता प्रदान की जाती है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन एवं विधि के लिए पीजी स्तर तक सहायता दी जाती है। एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कक्षा 8 स्तर पर किया जाता है।**

### स्कॉलरशिप

परीक्षा आयोजन के आधार पर कक्षा 8 की परीक्षाओं के लिए बैठे छात्रों के प्रत्येक समूह के लिए 1000 स्कॉलरशिप दी जाती हैं।

स्कॉलरशिप की राशि प्रत्येक माह 500 रुपए होती है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 7.5 प्रतिशत और विकलांग छात्रों के लिए 3 प्रतिशत स्कॉलरशिप आरक्षित होती है। स्कॉलरशिप का भुगतान सीधे प्राप्तकर्ता को न देकर संबद्ध संस्थान के प्रमुख के माध्यम से दिया जाता है।

### चयन प्रक्रिया

प्रतिभाओं की पहचान दो स्तरीय लिखित परीक्षा के आधार पर की जाती है। प्रथम स्तर का चयन अलग-अलग राज्य/यूनियन टेरेटरीज द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। प्रथम स्तर की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही एनसीईआरटी द्वारा संचालित द्वितीय स्तर की परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र माने जाते हैं। राज्य और यूनियन टेरेटरीज राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना की प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा के साथ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना की भी परीक्षा आयोजित करते हैं।

### पात्रता

मान्यताप्राप्त विद्यालयों के 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी उस राज्य/यूनियन टेरेटरी द्वारा संचालित प्रथम स्तर की परीक्षा में बैठने के पात्र होते हैं, जिस राज्य में विद्यालय स्थित है।

### आवेदन प्रपत्र

आवेदन-प्रपत्र प्राप्त करने के लिये राज्य संपर्क अधिकारी से संपर्क करें। आवेदन-प्रपत्र एनसीईआरटी की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन प्रपत्र विद्यालय के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि तथा प्रपत्र कहां जमा कराया जायेगा, इस संबंध में संबंधित राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र के संपर्क अधिकारी से पता किया जा सकता है। विभिन्न राज्यों की आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथियां भिन्न हो सकती हैं।

### शुल्क

एनसीईआरटी द्वारा द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। राज्य और यूनियन टेरेटरी प्रथम परीक्षा के लिए अपेक्षित शुल्क के भुगतान के लिए अधिसूचना जारी कर सकते हैं। इसलिये आवेदन प्रपत्र जमा करने से पहले कितनी और कैसे फीस दी जायेगी, इसका पता अपने राज्य संपर्क अधिकारी से लगा लेना चाहिए।

### परीक्षा माध्यम

परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी के साथ असमी, बंगला, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू में संचालित की जाएगी। अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र में जिस भाषा में परीक्षा देना चाहते हैं, उस विकल्प का उल्लेख करें। इसके आधार पर ही अभ्यर्थी को उस भाषा में प्रश्न पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी।

### परीक्षा-विधि

8वीं के लिए लिखित परीक्षा की विधि इस प्रकार है :- प्रथम स्तर की राज्य/ यूनियन टेरेटरी स्तर पर संचालित परीक्षा में दो भाग होंगे (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी)। इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे। द्वितीय स्तर की राष्ट्रीय स्तर पर संचालित परीक्षा में (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी) शामिल होंगे। इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे। (स) इंटरव्यू - इंटरव्यू के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर संचालित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

### लिखित परीक्षा

लिखित परीक्षा में प्रथम भाग एमएटी और द्वितीय भाग एसएटी शामिल होंगे। दोनों परीक्षाएं एक छोटे से अंतराल पर अलग-अलग ली जाएंगी। मानसिक योग्यता परीक्षा-एमएटी - चार विकल्पों सहित इसमें 90 मल्टीच्वॉइस प्रश्न होंगे, जिनमें से केवल एक सही उत्तर होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। समय 90 मिनट होगा।

### स्कॉलरशिप पाने की सामान्य शर्ते

स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार अनुमोदित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हो। वह अच्छा आचरण बनाए रखता हो (संस्थान प्रमुख द्वारा प्रमाणित) और अपना अध्ययन एक नियमित विद्यार्थी के रूप में कर रहा हो। बिना उचित अवकाश के अनुपस्थित न होता हो। पूर्णकालिक आधार पर अध्ययन करता हो। कोई रोजगार नहीं करता हो। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना पीएचडी कोर्स को छोड़ कर छात्रवृत्ति प्राप्तकत्ताओं को कोई अन्य स्कॉलरशिप स्वीकार करने से वंचित नहीं करती, अलबत्ता किसी भी पाठ्यक्रम के लिए विदेश में अध्ययन के लिए कोई स्कॉलरशिप उपलब्ध नहीं होगी। यदि कोई प्राप्तकर्ता पंजीकरण/प्रवेश के एक माह के अंदर अपने पाठ्यक्रम का अध्ययन छोड़ता है तो उसे कोई स्कॉलरशिप नहीं दी जाएगी।




# विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

**विजुअल मर्चेंडाइजिंग शब्द भले ही कुछ लोगों के लिए नया हो, लेकिन सेल्स और एडवरटाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोग इससे भली-भांति वाकिफ हैं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग वास्तव में एक आर्ट है, जिसमें एक व्यक्ति किसी प्रॉडक्ट या सर्विस को क्लाइंट्स के सामने कुछ इस तरह पेश करता है ताकि वह सेल्स को बढ़ावा दे सके। अब इस कॉन्सेप्ट को रिटेल सेक्टर में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में वह सभी गतिविधियां शामिल हैं, जो रिटेल स्टोर्स में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में मदद करती है। उदाहरण के तौर पर, प्रॉडक्ट के संभावित ग्राहकों के माइंड को समझना और उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में शिक्षित करना व प्रॉडक्ट को बेहद इफेक्ट व क्रिएटिव तरीके से पेश करना आदि। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस करियर के बारे में**

## क्या है विजुअल मर्चेंडाइजिंग

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है। विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं। वे ऑनलाइन शॉपर्स और रिटेल स्टोर दोनों के लिए विंडो और स्टोर डिस्प्ले में अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं। वे स्टोर थीम की योजना बनाते हैं, डिस्प्ले के लिए प्रॉपर की व्यवस्था करते हैं, डिस्प्ले फिक्स्चर और लाइटिंग की व्यवस्था करते हैं, ओपनिंग से पहले स्टोर सेट करते हैं, फ्लोर प्लान के साथ काम करते हैं और डिस्प्ले को बनाने के लिए सेल्स फ्लोर पर स्टोर कर्मियों को प्रशिक्षित करते हैं। एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य उद्देश्य स्टोर की छवि के अनुरूप डिस्प्ले बनाना और अधिक ग्राहकों को स्टोर में लाना है।

## शैक्षणिक योग्यता

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है। हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है।

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, विजुअल मर्चेंडाइजिंग के कोर्स में छात्रों को विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है जैसे कि रिटेल स्टोर का लेआउट और डिजाइन, इंटीरियर डेकोरेशन, स्टोर के अंदर फर्नीचर और फिक्स्चर की स्थापना, स्टोर डिस्प्ले और उत्पादों की प्रस्तुति, विभिन्न संचार साधनों के उपयोग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करना।

## व्यक्तिगत गुण

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी के गुण का होना बेहद आवश्यक है। एक विजुअल मर्चेंडाइजर में बेहतरीन आर्गेनाइजिंग स्किल्स होने के साथ-साथ प्लानिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट आदि विशेषताएं भी होनी चाहिए। इसके अलावा उनमें संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स, समस्या सुलझाने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी जरूरी है। कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजर को उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को जानना आना चाहिए और उसे रूझानों का भी पूर्वानमान लगा लेना चाहिए।

## संभावनाएं

शॉपिंग मॉल, फाइव स्टार होटल, बुटीक व रिटेल आउटलेट्स की संख्या बढ़ने के साथ ही विजुअल मर्चेंडाइजर्स की मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। विजुअल मर्चेंडाइजर फैशन बुटीक, शॉपिंग मॉल, एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म, थीम पार्टी ऑर्गनाइजिंग कंपनी आदि में जॉब कर सकते हैं। वे प्रदर्शनियों, मेलों, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, अवार्ड सेरेमनी, मॉल, रिटेल में विंडो डिस्प्ले के लिए अनुबंध के आधार पर फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर भी दस से पंद्रह हजार आसानी से कमा सकता है। वहीं कुछ समय के अनुभव के बाद आप किसी बड़े ब्रांड के रिटेल आउटलिट में काम कर सकते हैं और एक आकर्षक पैकेज पा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
- द सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन, मुम्बई
- स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज, कोच्चि
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा



# आईपीएल फाइनल से पहले भारतीय आर्मी को सलामी, शंकर महादेवन ने थामी स्टेज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल मुकाबले से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक भावपूर्ण और देशभक्ति से भरा समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मशहूर गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने भारतीय सशस्त्र बलों को एक शानदार संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। यह समारोह 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित था, जो हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा की गई एक निर्णायक सैन्य कार्रवाई थी। इस प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को भी व्यक्त किया।




### 'ऑपरेशन सिंदूर' को श्रद्धांजलि

समापन समारोह, जो शाम 6ः00 बजे शुरू हुआ, भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' 7 मई को शुरू हुआ था, जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 नागरिकों की जान गई थी। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया था। इस सैन्य कार्रवाई ने देश की सुरक्षा और एकता को मजबूत किया, और बीसीसीआई ने इस समारोह के माध्यम से सैनिकों के साहस को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

### शंकर महादेवन का भावपूर्ण प्रदर्शन

शंकर महादेवन, जो शंकर-एहसान-लॉय तिकड़ी का हिस्सा हैं, ने अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ मंच पर एक यादगार प्रस्तुति दी। उन्होंने 'ऐ वतन', 'लहरा दो', 'मां तुझे सलाम', 'कंधों से मिलते हैं कंधे' और 'वंदे मातरम' जैसे लोकप्रिय देशभक्ति गीत गाए, जिन्होंने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में जोश और देशभक्ति की भावना भर दी। उनके प्रदर्शन को सैन्य बैंड और नर्तकियों ने और भी प्रभावशाली बनाया, जिन्होंने तिरंगे के रंगों में सजी कोरियोग्राफी के साथ मंच को जीवंत कर दिया। स्टेडियम में तिरंगे की रोशनी और देशभक्ति के प्रतीकों ने माहौल को और भी प्रेरणादायक बनाया

# आईएसएसएफ निशानेबाज विश्व कप आठ जून से



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले अगले माह आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण में भारत की ओर से पदक के प्रबल दावेदार रहेंगे। भाकर और कुसाले को 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने भाकर को दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में शामिल किया है। वहीं पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह को भी जगह मिली है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार किसी स्पर्धा में खेलते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप में बेहत प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस इस टीम के कुल 13 सदस्यों को म्यूनिख जाने वाली इस विश्वकप टीम में भी शामिल किया गया है। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चयनित टीम में तीन नए खिलाड़ी भी रहेंगे। राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुष वर्ग में एयर पिस्टल में दो नये निशानेबाजों को शामिल किया गया है। हाल ही में कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक टूर्नामेंट में मिश्रित टीम का खिताब जीतने वाली जोड़ी का हिस्सा रहे हरियाणा के आदित्य मालरा और सेना के निशानेबाज निशांत रावत भी इसमें शामिल हैं।

# इंग्लैंड लायंस के दूसरे मैच में उपलब्ध नहीं रहेंगे शुभमन गिल और साई सुदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच 6 जून से नॉर्थम्प्टन में शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे। हालांकि बीसीसीआई ने पहले घोषणा की थी कि गिल और उनके गुजरात टाइटन्स के सलामी जोड़ीदार बी साई सुदर्शन मैच से पहले भारत ए टीम में शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार दोनों खिलाड़ी अब सीधे सीनियर टेस्ट टीम के साथ यात्रा करेंगे, जो 6 जून को इंग्लैंड पहुंचेगी।



इसके विपरीत, केएल राहुल के मंगलवार को टीम से जुड़ने के बाद भारत ए के लिए खेलने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होने वाला है। इंग्लैंड लायंस, जिसने कैंटरबरी में शुरुआती मैच में केवल छह टेस्ट कैप वाली अपेक्षाकृत कम अनुभव वाली टीम उतारी थी, नॉर्थम्प्टन मैच के लिए ऑलराउंडर क्रिस वोक्स को शामिल करने से मजबूत होने की उम्मीद है।

भारत ए के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इस साल की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद लगी पीठ की चोट से उबर रहे थे, लेकिन अप्रैल में उन्हें फिट घोषित कर दिया गया और इसके बाद वे लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2025 में खेले। हालांकि वे पहले अनौपचारिक टेस्ट के दौरान टीम के साथ मौजूद थे, लेकिन आकाश ने ज्यादातर समय मैदान के बाहर अभ्यास किया और चार दिनों के अंतराल में थोड़े-थोड़े अंतराल पर गेंदबाजी की। कैंटरबरी में सपाट और धीमी सतह पर भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा, जिससे गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिली। भारत ए के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में करुण नायर शामिल थे, जिन्होंने दोहरा शतक लगाया, ध्रुव जुरेल ने दो अर्धशतक लगाए और यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और नीतीश कुमार रेड्डी ने दूसरी पारी में तेज अर्धशतक जड़े।

# इंडिया / इंग्लैंड : यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में किया कमाल, पूरे किए 3800 रन

**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्सन काफी अच्छा रहा। भारत ने पहली पारी में 557 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में 2 विकेट पर 241 रन बनाए। इस मैच में यशस्वी जायसवाल का प्रदर्सन बहुत अच्छा तो नहीं रहा, लेकिन उसे संतोष जनक जरूर कहा जा सकता है।

यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करेंगे और प्रैक्टिस के लिहाज से उनके लि पहला टेस्ट अच्छा रहा। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में उन्होंने शुरुआत तो अच्छी की थी, लेकिन वो बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अपने अप्रोच में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन रन बनाने में सफल रहे। पहली पारी में यशस्वी ने 55 गेंदों पर एक छक्का और 3 चौकों की मदद की मदद से 24 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाया और इस इनिंग में टी20 की तरह से बैटिंग करते हुए 60 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेल डाली। इस पारी में उन्होंने जिस इंटेंट के साथ खेला उससे ये साफ हो गया कि उनका इरादा क्या है और वो आगे किस तरह से इंग्लैंड की धरती पर बल्लेबाजी करने वाले हैं। यशस्वी की कोशिश थी कि वो शुरू से ही गेंदबाजों पर हावी रहें और उसमें वो सफल भी रहे।




इंग्लैंड की धरती पर यशस्वी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच का पहला अर्धशतक अपने करियर के 36 मैचों के बाद लगाया। यशस्वी ने अब तक अपने करियर में 37 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेले पहले टेस्ट मैच में कुल 88 रन बनाए और इसकी मदद से उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 3800 रन भी पूरे किए। यशस्वी ने इस फॉर्मेट में अब तक 60.31 की औसत इतने रन बनाए हैं जिसमें 13 शतक और 13 ही अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 265 रन रहा है।


# 30 सितंबर से खेला जाएगा महिला टी20 विश्वकप : आईसीसी

## भारत के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे मैच

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि महिला टी20 विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी के अनुसार इसमें कोलंबो को अतिरिक्त तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले अकेले ही इसकी मेजबानी करने जा रहा था पर अब इसके मैच बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापतनम के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए शामिल किया गया है ताकि यहां पाकिस्तान के मुकाबले हो सकें। इस साल की शुरूआत में ही चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई मे खेले थे जबकि अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा कि यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। गौरतलब है कि भारत मे 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो मे खेला जाएगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में होगा। वहीं फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारतीय टीम के अलावा गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें इसमें भाग लेंगी।

# पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे मयंक यादव

मुम्बई। पिछले काफी समय से पीठ की समस्या से जूझ रहे युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव अब सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। होगी। मयंक उसी डॉक्टर से अपनी सर्जरी कराएंगे जिसने जसप्रीत बुमराह की सर्जरी की थी। यह सर्जरी न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में स्थित प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जन डॉ. रोवन शाउटेन करेंगे। डॉ. शाउटेन ने ही साल 2023 में जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की सर्जरी की थी, साथ ही ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों जेसन बेहरेनडॉर्फ और जेम्स पैटिनसन का भी इलाज किया था। पिछले साल, शाउटेन और ग्राहम इंगलिस ने स्ट्रेस फैक्चर से परेशान ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की पीठ की सर्जरी भी की थी। माना जा रहा है कि मयंक बार-बार हो रही पीठ की समस्या को पूरी तरह से ठीक करने अब सर्जरी कराना चाहते हैं। ऐसे में बुमराह ने जिस प्रक्रिया से गुजरे थे, वही प्रक्रिया मयंक के लिए भी अपनाई जाएगी। माना जा रहा है कि यह कदम मयंक के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह उनकी तेज गेंदबाज के रूप में लंबी उम्र को बढ़ाएगा। मयंक को इस बारे में बता दिया गया है और वह कुछ दिनों में न्यूजीलैंड रवाना होंगे। सर्जरी के बाद, वह 22 से 25 दिनों तक वहां रहेंगे ताकि रिहैबिलिटेशन और रिकवरी प्रक्रिया को सही से पूरा किया जा सके।




# पीवी सिंधू दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, 'पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।'

सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया।

पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता।




भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाए। दूसरे गेम में सिंधू ने शुरुआत में दो अंकों की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे थीं। उन्होंने वापसी की और जोरदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट हासिल किए। लेकिन सिंधू ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गईं। जापानी खिलाड़ी ने आखिरकार दूसरा गेम 23-21 से जीत लिया।

निर्णायक गेम में ब्रेक तक सिंधू 11-9 से आगे थीं और फिर उन्होंने लगातार विनर्स लगाते हुए आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और पांचवें मैच प्वाइंट को भुनाकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा। मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गईं और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# सचिन, धोनी की तरह विराट की जर्सी भी होगी रिटायर !

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को सम्मानित करने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी जर्सी नंबर 18 को रिटायर कर सकती है। इससे भारतीय टेस्ट टीम में आने वाले समय में किसी भी खिलाड़ी को ये जर्सी नंबर नही मिलेगा। जर्सी नंबर 18 नंबर कीपिछले 14 साल से विराट के पास रही है। कोहली ने अभी एकदिवसीय से संन्यास नहीं लिया है ऐसे में वह फिलहाल इस जर्सी मे खेलते हुए देखेंगे पर यह माना जा रहा है कि जिस प्रकार सचिन तेंदुलकर (जर्सी नंबर 10) और महेंद्र सिंह धोनी (जर्सी नंबर 7) की जर्सी किसी अन्य खिलाड़ी को नही मिली। उसी प्रकार किसी भी नये खिलाड़ी को 18 नंबर की जर्सी नही मिलेगी। वही युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के इंडिया ए की ओर से 18 नंबर की जर्सी पहनने को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि मुकेश कुमार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले 'टेस्ट मैच में 18 नंबर की जर्सी पहनी जरुर थी पर इससे फर्क नही पड़ता क्योंकि भारत ए टीम में कोई निश्चित नंबर के साथ ही जर्सी पर नाम नही होता है।कोई भी खिलाड़ी कोई भी नंबर चुन सकता है। जर्सी नंबर केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ही मान्य है। भारतीय टेस्ट टीम में दो नए सदस्य बी साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं लेकिन उन्हें जो जर्सी नंबर दिए गए हैं, वे अलग हैं। भारतीय टीम में किसी विशेष जर्सी नंबर को आधिकारिक रूप से 'रिटायर करने प्रथा नही है लेकिन कुछ मशहूर नंबर बाद में टीम में शामिल हुए खिलाड़ियों ने नही पहने हैं।



# भारत के कारण क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में वापसी हुई: ऋषि सुनक

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, ''यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से।''

क्रिकेट के मुरीद सुनक ने पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल से आये बदलावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। मुझे लगता है कि कोई भी क्रिकेटर चाहे कहीं का भी हो, वो अपने करियर के किसी भी पड़ाव मेंआईपीएल में खेलना चाहता है। महिलाओं के क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं।''

उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर की बात करते हुए जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, ''इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था। जैकब बेथेल ने शानदार पारी खेली। आईपीएल ने क्रिकेटर के तौर पर उनमें सुधार किया है।''

आईपीएल में आरसीबी के लिए खेलने वाले बेथेल ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले वनडे में इंग्लैंड की 238 रन की बड़ी जीत में 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। पैंतालिस वर्षीय राजनेता आरसीबी के दिग्गज विराट कोहली और फेंचाइजी के प्रति अपने लगाव को नहीं छिपा सके। वह चाहते हैं कि आरसीबी का आईपीएल ट्रॉफी का 18 साल का इंतजार खत्म हो जाए। उन्होंने कहा, ''मैं आपको एक संकेत देता हूं 'ई साला कप नामदे', उम्मीद है कि 16 साल पहले जब मैंने अक्षता को कन्नड़ में 'प्रोपोज' किया था तब से मेरा उच्चारण बेहतर हो गया है। हालांकि सच कहूं तो पता नहीं, जो मैंने कहा था, वह इसे समझ गई थी।''

सुनक ने कहा, ''लेकिन मेरी शादी बेंगलुरु के एक परिवार में हुई है इसलिए मैं आरसीबी का समर्थन कर रहा हूं। हम बहुत समय पहले एक साथ मैच देखने गए थे। अक्षता की मां और पिता ने शादी के बाद मुझे यह शर्ट दी थी जो बहुत बढ़िया है।'' सुनक का बेंगलुरु से जुड़ाव उनकी पत्नी अक्षता की वजह से है जो इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति और उद्यमी सुधा मूर्ति की बेटी हैं।

उन्होंने अपने पसंदीदा खिलाड़ी की बात करते हुए कहा, '' मैं विराट कोहली का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वह महान खिलाड़ी हैं। मेरे पास उनके हस्ताक्षर वाला एक बल्ला है जो भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुझे तब डाउनिंग स्ट्रीट में दीवाली के उपहार के रूप में दिया था जब मैं प्रधानमंत्री था। यह शानदार है। '' सुनक ने कहा, ''क्रिकेट बहुत मददगार कूटनीतिक हथियार है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और मेरे बीच हमेशा ही क्रिकेट पर बहुत अच्छी बातचीत होती रही है, विशेषकर एशेज श्रृंखला दौरान, एक दफा तो यह बहस थोड़ी तीखी हो गई थी लेकिन मैत्रीपूर्ण रही थी।''



उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा, ''भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मेरे बीच हमेशा से ही काम शुरू करने से पहले क्रिकेट पर बहुत अच्छी बातचीत होती थी। भारतीय टीम इस सत्र में इंग्लैंड खेलने आ रही है। यह शानदार दौरा होने जा रहा है। मुझे लगता है कि इससे दोनों देशों के बीच साझेदारी और दोस्ती मजबूत होगी।

# 4 जून से खेला जाएगा छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप : टीसीएआई

पानीपत। हरियाणा के पानीपत में छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप बुधवार 4 जून से शुरु होगा। ये 6 जून शुक्रवार को समाप्त होगा। फेडरेशन कप का आयोजन भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) द्वारा किया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट महासंघ (आईटीसीएफ) का सदस्य निकाय है। फेडरेशन कप में देश भर की 12 टीमें भाग लेंगी। इसे ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का साथ मिला हुआ है। रूस और पोलैंड के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट सीरीज में भाग लेने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन कप से ही किया जाएगा। भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर ने कहा, हम अपने टूर्नामेंट को प्रायोजित करने और हमारा समर्थन करने के लिए ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के आभारी हैं। टेनिस क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनका समर्थन सबसे अहम होगा। उनके समर्थन से हमारा लक्ष्य इस रोमांचक प्रारूप में और अधिक व्यावसायिकता और मान्यता जोड़ना है, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अवसर और अनुभव मिल सके। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, बिहार, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विदर्भ, हरियाणा, राजस्थान, मुंबई और मध्य प्रदेश से हैं। डीएलआई के मुख्य रणनीतिकार चेतन्य नंदा ने कहा, हम फेडरेशन कप को प्रायोजित करके खुश हैं और सामने आने वाली प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम टेनिस क्रिकेट के भविष्य में विश्वास करते हैं, और यह फेडरेशन कप अगली पीढ़ी के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा, हम भविष्य में भी छोटे जिलों के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए इस तरह के जमीनी स्तर के टूर्नामेंट प्रायोजित करते रहेंगे। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल विश्व कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया जूनियर (13-18) और सीनियर (18) दोनों के लिए होगी, जिसमें दोनों श्रेणियों में छह फेंचाइजी भाग लेंगी। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के लिए 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को नीलामी के लिए चुना जाएगा, जहां प्रत्येक श्रेणी में छह फेंचाइजी अपनी टीमों का चयन करेंगी।

## जमुई स्टेशन पर जसीडीह ईएमयू ट्रेन में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

जमुई (एजेंसी)। बिहार के जमुई रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया जब प्लेटफॉर्म पर खड़ी जसीडीह ईएमयू पैसेंजर ट्रेन के दो कोचों को जोड़ने वाली कनेक्शन पाइप से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यात्री इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, स्टेशन पर रखे पांच अग्निशमन सिलेंडर जल्द ही खत्म हो गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। इससे पहले प्लेटफॉर्म पर ट्रेन रुकते ही यात्रियों ने जब धुआं देखा तो भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, रेलवे अधिकारियों और पुलिस द्वारा समय पर माइकिंग कर यात्रियों को शांत किया गया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में यह तकनीकी खामी प्रतीत हो रही है, हालांकि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण का खुलासा होगा।

## यूपी पुलिस और पीएसी में अग्निवीरों को 20प्रतिशत आरक्षण, उम्र में छूट भी

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सेना से रिटायर होने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही अग्निवीरों को उम्र सीमा में भी छूट दी जाएगी। इससे संबंधित प्रस्ताव मंगलवार को होने वाली योगी कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। माना जा रहा है कि प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल जाएगी। योगी सरकार का यह फैसला बहुत बड़ा माना जा रहा है। यूपी की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा और कांग्रेस लगातार अग्निवीरों का मुद्दा उठाती रही हैं और अपनी सरकार बनने पर अग्निवीर योजना खत्म कर सेना में नौजवानों को स्थाई नौकरी की बातें बार-बार कर रही हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक का एजेंडा सोमवार को जारी किया। गृह विभाग की तरफ से रिटायर अग्निवीरों को पुलिस और पीएसी में आरक्षण का प्रस्ताव आया है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2022 में अग्निवीर योजना लॉन्च की थी। इसके तहत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में चार साल के लिए नौजवानों को कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती किया जाता है। इन चार सालों में छह महीने की ट्रेनिंग होती है। चार साल बाद जवानों को उनकी कार्यक्षमता के आधार पर रेटिंग दी जाती है। इसी रेटिंग और मेरिट के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई किया जाता है और अन्य को रिटायर होना पड़ता है। इसी रिटायरमेंट का विपक्षी पार्टियां विरोध करती रही हैं। उनका कहना है कि हथियारों की ट्रेनिंग देने के बाद नौजवानों को इस तरह से बेरोजगार छोड़ दिया जाता है। माना जा रहा है कि सबसे पहले भर्ती किए गए अग्निवीर अगले साल से रिटायर होने लगेंगे।

## एक और जासूस गिरफ्तार, आतंकी हाफिज सईद के साथ तस्वीरें होने का दावा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक सख्श को गिरफ्तार किया है। दावा किया जा रहा है कि आरोपी की तस्वीरें आतंकी हाफिज सईद के साथ हैं हालांकि, इसे लेकर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर हुई है। वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ खालिस्तानी आतंकवादी गोपाल सिंह चावला के भी संपर्क में था। खबर है कि वह लंबे समय से सीमा पर होने वाली सेना की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दे रहा था। उसने ऑपरेशन सिंदूर के समय भी संवेदनशील जानकारी साझा की थी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि गगनदीप ने सेना की तैनाती, अहम स्थानों समेत कई संवेदनशील जानकारियां साझा की थीं। पुलिस के अनुसार काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब की सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया था जिसमें गगनदीप सिंह उर्फ गगन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव का कहना था कि गगनदीप ने पीआईओ के माध्यम से पैसे भी लिए थे। एक मोबाइल फोन के जरिए उसने पीआईए के साथ खुफिया जानकारी साझा और इसके साथ ही उसका 20 से ज्यादा आईएसआई के कार्यकर्ताओं से भी संपर्क था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इसका विवरण बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन तरनतारन में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी गई है।

## उत्तराखंड में 170 मदरसे सील, प्रशासन ने कहा- ऊपर से आदेश, हुआ विरोध

देहरादून( एजेंसी)। उत्तराखंड में मदरसों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सरकार की ओर से जहां इसे अवैध और बिना मान्यता वाले मदरसों के खिलाफ अभियान बताया जा रहा है, वहीं मुस्लिम संगठनों का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। मई 2025 तक राज्य सरकार द्वारा 170 से अधिक मदरसे सील किए जा चुके हैं। देहरादून के दारुल उलूम मुहम्मदिया मदरसा के प्रबंधक मोहम्मद मोहतशिम बताते हैं कि उनके मदरसे में करीब 70 से 80 बच्चे पढ़ते थे, सभी के पास जमीन के दस्तावेज और शिक्षा बोर्ड की मान्यता है। फिर भी प्रशासन ने कोई सुनवाई नही की और सिर्फ इतना कहा, मदरसा सील होकर रहेगा, ऊपर से ऑर्डर है। इस मामले में प्रशासन और उत्तराखंड मदरसा बोर्ड का कहना है कि केवल उन मदरसों पर कार्रवाई की गई है जो बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे थे। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, 27 फरवरी 2025 को मान्यता समिति की बैठक के बाद ही कुछ मदरसों की पुरानी और नई एप्लिकेशनों की समीक्षा की गई थी।

## खुर्शीद ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की...

# कांग्रेस का एक खेमा भड़का



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर पर पूरी दुनिया को ब्रीफ करने और आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरने के लिए विदेश गए भारत के सर्वदलीय डेलिगेशन में कांग्रेस सांसद सरकार की तारीफ कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इस पर कहा कि उन नेताओं पर पार्टी को कार्रवाई करनी चाहिए।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद के भारत सरकार की तारीफ करने पर राशिद अल्वी ने कहा, जो लोग डेलिगेशन में गए हैं, वे देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, वे किसी पार्टी को रिप्रेजेंट नहीं कर रहे हैं। लेकिन, कोई भी कांग्रेस नेता कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी की तारीफ करता है, तो पार्टी के अंदर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, कांग्रेस से जो लोग भाजपा में गए हैं, मैं उन लोगों से यह भी कहना चाहता हूं कि बीजेपी ने चंद लोगों को छोड़कर किसी की इज्जत नहीं की है। उन सबको गुलाम बना कर रख रखा है। इसलिए ऐसे तमाम हमारे नेता, मैं किसी का नाम नहीं ले रहा, जो भाजपा और पीएम मोदी की तारीफों में लगे हैं, उनको एहसास होना चाहिए कि अगर कांग्रेस कमजोर होगी तो देश कमजोर होगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद के पीएम मोदी की तारीफ करने पर कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर राशिद अल्वी ने कहा, खुर्शीद के बयान पर अगर कोई स्टैंड लेना है तो कांग्रेस पार्टी के हाईकमान को लेना चाहिए। उनके बयान से मैं सहमत नहीं हूं। मैं कोई कार्रवाई की मांग नहीं कर रहा, अगर उनका बयान आया है तो कांग्रेस के सारे नेताओं ने सुना होगा। अगर वह कांग्रेस की नीति के खिलाफ है तो वह फैसला भी उन्हीं का होगा।

उन्होंने कहा, मैं उनकी बात से इत्तेफाक नहीं रखता हूं, वह डेलिगेशन में गए हैं तो वह पाकिस्तान को एक्सपोज करने और भारत का स्टैंड क्लियर करने के लिए गए थे। वह इसलिए नहीं गए थे कि भाजपा की नीतियों को वहां जाकर समझाएं। कश्मीर के अंदर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकवाद बढ़ा है। पुलवामा हुआ तो सारे देश ने देखा। अब पहलगाम हुआ है, जिसके बाद पाकिस्तान के अंदर भारत सरकार को हमला करना पड़ा है। यह 370 हटाने के बाद हुआ है। 370 हटाने के बाद विकास तो छोड़िए हमारे कितने फौजी मारे गए? कितने सिविलियन मारे गए हैं? वहां पर कितना विकास हुआ? कितने फाइव स्टार बन गए, कितनी फैक्ट्रियां लग गईं? न वहां पर विकास हुआ और न ही हालात ठीक हुए हैं।

## एलन मस्क के पिता एरोल मस्क आज करेंगे रामलला के दर्शन, राम मंदिर ट्रस्ट स्वागत के लिए तैयार

अहमदाबाद । अयोध्या (ईएमएस)। अमेरिकी अरबपति और टेस्ला व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क कल चार जून को अयोध्या आएंगे। यहां पर वह रामलला के दर्शन करेंगे। मस्क दिल्ली से विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से राम मंदिर तक आएंगे। रामलला के दर्शन करने की इच्छा उन्होंने खुद जताई है। एरोल मस्क ने अपने एक बयान में कहा है कि वह राम मंदिर आने के लिए बेहद उत्सुक हैं। भारत पहुंचे मस्क ने भारतीय संस्कृति की तारीफ की है। उन्होंने खुद कहा कि राम मंदिर का दौरा करने के लिए वह बेहद उत्सुक हैं। वह भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अद्भुत मानते हैं। राम मंदिर जाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास अनुभव होगा। मस्क का अयोध्या आगमन उनकी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति जुड़ाव को भी दर्शाता है। इतना ही नहीं अपने एक बयान में मस्क भगवान शिव की महिमा का भी बखान कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि यदि पूरी दुनिया शिव को फॉलो कर ले तो सभी तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। मस्क ने सनातन धर्म की भी खूब तारीफ की है। वहीं, दूसरी ओर राम मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि यदि एलन मस्क के पिता अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत राम मंदिर आते हैं, तो उन्हें रामलला का दर्शन पूजन कराया जाएगा। इस वक्त राम मंदिर में दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हो चुका है। मस्क बुधवार को जब यहां पहुंचेंगे तो श्रीराम जन्मभूमि में राजा राम और सात अन्य देव विग्रहों का प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी चल रहा होगा। एरोल मस्क इसका भी हिस्सा बन सकते हैं।

## आप सरकार ने दलितों के लिए की कर्जमाफी, हजारों परिवारों को मिलेगी राहत



चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब की मान सरकार ने मंगलवार को करीब 68 करोड़ रुपए की कर्जमाफी का ऐलान किया है। एससी लैंड डिवेलपमेंट ऐंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन से कर्ज लेने वाले करीब 4727 दलित परिवारों को इसका फायदा होगा। जानकारी के मुताबिक दलित परिवारों का यह कर्ज डिफाल्ट हो चुका था। कुल माफ किए गए 68 करोड़ रुपए में 30 करोड़ मूलधान, 22 करोड़ ब्याज और 15 करोड़ रुपए पीनल ब्याज है। आप सरकार ने मार्च 2020 तक के कर्ज को माफ करने का ऐलान किया है।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के मुताबिक 2025-26 के बजट में ही इस कर्जमाफी के लिए बजट का आवंटन किया गया था। उन्होंने कहा कि 2020 के बाद कर्ज लेने वालों के साथ भी संवेदनशीलता से डील किया जाएगा। चीमा ने कहा कि इन दलित परिवारों की वास्तविक परेशानी की वजह से वे कर्ज अदा नहीं कर पाए। वहीं इस कर्ज की रिकवरी रेट 84 फीसदी थी।

बता दें जनवरी में विधानसभा में मामला उठा था कि पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर डिवेलपमेंट बैंक के पास किसानों को नया कर्ज देने के लिए पैसा नहीं है। बताया जा रहा है कि राज्य में 55574 किसानों का करीब 1444 करोड़ रुपया बकाया है। वहीं मात्र तीन सौ करोड़ रुपए की रिकवरी पर ही नाबार्ड की किश्त और कर्मचारियों के वेतन का काम चल रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नदियों के मुद्दे पर भी जवाब देते हुए कहा कि सतलज, रावी और ब्यास नदियों में पानी कम हो गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ नदी में पानी कम हो गया है दूसरी तरफ दूसरे राज्यों की मांग में इजाफा हुआ है।

वहीं भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड तब से वहीं है। पंजाब में भी पानी की मांग बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि आप सरकार ने नहरों की खुदाई करवाई है और अब पानी राज्य के हर कोने में पहुंच रहा है।

## अमेरिका में भारत-पाकिस्तान होंगे आमने-सामने, थरूर-बिलावल में होगी टक्कर

### दोनों देश थिंक टैंकों से मुलाकात कर अपने-अपने देश का रखेंगे पक्ष



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में इस हफ्ते भारत और पाकिस्तान के राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल एक ही समय पर मौजूद रहेंगे। भारत की ओर से ऑल-पार्टी डेलिगेशन की अगुवाई कर रहे हैं कांग्रेस सांसद शशि थरूर मौजूद रहेंगे। वहीं पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी मौजूद रहेंगे। दोनों ही पक्ष अमेरिकी सांसदों, नीति-निर्माताओं और थिंक टैंकों से मुलाकात कर अपने-अपने देश का पक्ष रखने की कोशिश करेंगे। भारत का प्रतिनिधिमंडल ब्राजील, पनामा, कोलंबिया और गयाना की यात्रा के बाद मंगलवार 3 जून को वाशिंगटन पहुंच रहा है। इसमें बीजेपी सांसद भुवनेश्वर कलिता, शिवसेना नेता मिलिंद देवड़ा और पूर्व अमेरिकी राजदूत तरणजीत सिंह संधू शामिल हैं। यह टीम न्यूयॉर्क से अपनी अमेरिकी यात्रा की शुरुआत पहले ही कर चुकी है।

वहीं पाकिस्तान का 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 2 जून से न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। इसमें हिना रब्बानी खार, शेरी रहमान, खुर्रम दस्तगीर और पूर्व विदेश सचिव जैसे अनुभवी चेहरे हैं। यह डेलिगेशन लंदन और ब्रसेल्स भी जाएगा। भारत का उद्देश्य है ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की आतंक से जुड़ी छवि को उजागर करना और भारत की जवाबी कार्रवाई को जरूरी ठहराना। थरूर ने पहले ही न्यूयॉर्क में कहा था कि पाकिस्तान को अब आतंकवाद के समर्थन की भारी कीमत चुकानी होगी।

पाकिस्तान भारत की इस राजनयिक रणनीति को काटने के लिए दुनिया में सहानुभूति जुटाने का प्रयास कर रहा है। उसकी यह कूटनीतिक दौड़ भारत के सात प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा की प्रतिक्रिया मानी जा रही है। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों प्रतिनिधिमंडल एक ही शहर में आमने-सामने आएंगे या नहीं, लेकिन थरूर और बिलावल जैसे नेता जहां भी होंगे वहां भारत-पाक टकराव का माहौल जरूर बनेगा। यह 'कूटनीतिक रणभूमि' एक बार फिर दिखा सकती है कि आतंकवाद और कूटनीति के बीच भारत और पाकिस्तान के रास्ते कितने अलग हैं।

## खुद ही कम हो जाएगी जनसंख्या : दुनिया में रह जाएंगे मात्र 10 करोड़ लोग

नई दिल्ली। दुनिया की जनसंख्या तेजी से बढ़ती गई और फिर ठहराव आया। इसे लेकर कई शोध प्रकाशित होते रहे हैं, लेकिन अब एक्सपर्ट ने जो दावा किया है, वह चौंकाने वाला है। फिलहाल दुनिया की आबादी 8 अरब है और वर्ष 2300 में यह संख्या तेजी से कम होते हुए महज 10 करोड़ ही रह जाएगी। उनसे इतर भी कई शोधों में यह कहा जा चुका है कि वर्ष 2100 तक दुनिया की आबादी में तेज गिरावट देखने को मिलेगी। वर्ष 2050 के बाद से स्थिरता की स्थिति होगी और फिर अगले 50 सालों में इसमें कमी आने लगेगी। अब टेक एक्सपर्ट सुभाष काक का कहना है कि दुनिया की आबादी में यह गिरावट कहीं ज्यादा तेजी से होगी और वर्ष 2300 तक तो महज 10 करोड़ लोग ही रह जाएंगे। इसकी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी बनेगा। इसकी मदद से लोग बहुत से काम निपटाएंगे और अंत में बच्चे पैदा करने की दर में भी इसके चलते गिरावट आएगी। ओकलाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस पढ़ाने वाले सुभाष काक का कहना है कि जनसंख्या में यह गिरावट किसी न्यूक्लियर अटैक से नहीं आएगी। इसकी वजह यह होगी कि हमारी नौकरियों में कोई एआई रिप्लेस कर देगा। काक ने कहा कि यह समाज और दुनिया के लिए बेहद खतरनाक होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अभी तो लोगों को शायद यह भी पता नहीं है कि आगे का रास्ता क्या है। हमें किस दिशा में बढ़ना है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर और रोबोट भले ही संवेदनशील नहीं होंगे, लेकिन यह भी सही है कि हम जो कुछ भी काम आज कर रहे हैं। उसकी जगह एआई ले सकता है। ऐज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पुस्तक के लेखक ने कहा कि भविष्य में जन्म दर कम होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दे पर कांग्रेस गंभीरता दिखाए: मुख्यमंत्री डॉ.यादव



पटना (एजेंसी)। कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र की मोदी सरकार से जो सवाल पूछ रही है। उसको लेकर राजनीति भी हो रही है। इसी बीच बिहार दौरे पर पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस तरह के गंभीर मुद्दे पर उन्हें परिपक्वता दिखानी चाहिए।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा, कांग्रेस हमेशा एक ही बात कहती है और यह उनके स्वभाव में है। उन्हें विपक्ष की तरह व्यवहार करना चाहिए, लेकिन ऐसे गंभीर मुद्दे पर मेरा मानना है कि उन्हें परिपक्वता दिखानी चाहिए। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के बहुत वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी अध्यक्ष भी हैं। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और जिस तरह से हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की, हमने सर्वदलीय टीम भी भेजी है। इसलिए स्वाभाविक रूप से हम उम्मीद करते हैं कि वह इस तरह से बोलें, जिससे हमारे देश की गरिमा बनी रहे। मोहन यादव ने बिहार सरकार के काम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जिस तरह से बिहार में काम कर रही है, हमें उम्मीद है कि बिहार में दोबारा सरकार बनेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास का मॉडल खड़ा किया है, वह सब के लिए सीखने लायक है और कई सारी चीजें मैं भी सीखूंगा। मैं अपनी ओर से नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बधाई देता हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव और संघर्ष विराम के बाद, सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के इंटरव्यू से कई गंभीर सवाल उठे हैं। इन सवालों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाना चाहिए। मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है। युद्ध की धुंध अब छट रही है।

## कांग्रेस सरकार में हुई नौ सर्जिकल स्ट्राइक, पार्टी ने नहीं किया राजनीतिकरण: सुरजेवाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के मोदी सरकार की एयरस्ट्राइक की तारीफ करने वाली टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के बीच कांग्रेस ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व ने हमेशा सशस्त्र बलों को आतंकी शिविरों या आतंकवादियों को बेअसर करने की स्वतंत्रता दी है। इन शक्तियों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के कार्यकाल में कम से कम नौ ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक का दस्तावेजीकरण किया गया है।

कांग्रेस का मानना है कि सत्ताधारी पार्टी या किसी और के लिए राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में सशस्त्र बलों का इस्तेमाल करना अपवित्र है। हाल ही में पनामा में प्रवासी समुदाय के कार्यक्रम में शशि थरूर ने विवाद को हवा दे दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत के सैन्य रुख में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2016 के उरी हमले के बाद पहली बार भारत ने एलओसी पार करके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। यहां तक कि कारगिल युद्ध के दौरान भी हमने एलओसी पार नहीं की थी।

थरूर की टिप्पणियों पर उनकी ही पार्टी के सहयोगियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी पिछले दो दशकों में कई सर्जिकल स्ट्राइक पर सच्चाई सामने लाने के लिए सामने आई है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी तरह से समझौता किए बिना, हमारे बलों की परिचालन स्वतंत्रता और सीमा पार संचालन को स्पष्ट करने का मामला है। कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक को सूचीबद्ध करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि पिछले दो दशकों में अलग-अलग समय पर सटीकता और प्रभावी पैठ के साथ रणनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक करना सशस्त्र बलों के धैर्य और दृढ़ संकल्प की विशेषता रही है।

## 1901 के बाद सबसे ज्यादा बारिश: तपने वाले मई के महीने में भी ठंडी रही, दिल्ली-मुंबई

नई दिल्ली (एजेंसी)। भीषण गर्मी के महीने में असामान्य रूप से तापमान में गिरावट। ये छोटे स्तर पर भले ही लोगों को राहत दे रहे हो, लेकिन मौसम का इस तरह मिजाज बदलना, जलवायु परिवर्तन का बड़ा संकेत दे रहा है। इस कड़ी में हाल ही में भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी ने मई महीने में मौसम को लेकर विस्तृत रिकॉर्ड पेश किया है। इस साल मई का महीना असामान्य रूप से ठंडा रहा। आईएमडी की रिपोर्ट में कहा गया है, पूरे भारत में औसत अधिकतम तापमान 35.08 डिग्री सेल्सियस रहा जो 1901 के बाद से 7वां सबसे कम और औसत न्यूनतम तापमान 24.07 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत तापमान महज 29.57 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक 1917 में मई का महीना सबसे ज्यादा ठंडा रहा था। उस साल देश भर में औसत अधिकतम तापमान 33.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मई के महीने में दिन का तापमान बेहद कम रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले चार सालों में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि मई में देश भर में औसत बारिश 126.7 मिमी दर्ज की गई है। 1901 के बाद से इस महीने में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। मई में भारी बारिश यानी 64.5 से 115.5 मिमी बारिश की सबसे ज्यादा घटनाएं दर्ज की गई हैं। वहीं बहुत भारी यानी 115.6 से 204.5 मिमी बारिश की भी कई घटनाएं दर्ज की गई हैं। इसके अलावा अत्यधिक भारी बारिश (204.5 मिमी से अधिक) की बारिश की घटनाएं पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा रहीं।

आईएमडी के महानिदेशक एम मोहपात्रा ने पिछले सप्ताह बताया था कि इस साल ऐसी परिस्थितियां प्रबल हैं। उन्होंने कहा था, पश्चिमी विक्षोभ इस साल गर्मियों तक बने रहेंगे। मानसून अभी उत्तर-पश्चिम भारत की ओर आगे नहीं बढ़ा है और इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि यह इन पश्चिमी विक्षोभों से संपर्क करेगा या नहीं। उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक, तीव्र आंधी-तूफान की गतिविधि का एक मुख्य कारण इन पश्चिमी विक्षोभों का असामान्य रूप से बने रहना है। मॉनसून की बात करे तो दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी, सैंडहेड द्वीप से होकर गुजर रही है। आईएमडी ने कहा है कि पिछले सप्ताह से मॉनसून आगे नहीं बढ़ा है।

आईएमडी के वैज्ञानिक ओपी श्रीजीत ने इस साल मई में असामान्य ठंड महीने के पीछे बादल छाए रहने और बारिश की लंबी अवधि को कारण बताया है। उनके मुताबिक ऐसी असामान्य बारिश के पीछे तीन मुख्य कारण हैं। पहला, मानसून का जल्दी भारत आना। दूसरा अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रेशर बनना और तीसरा पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तरी भारत को इस बार ज्यादा प्रभावित किया। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सामान्यतः दिसंबर, जनवरी और फरवरी के दौरान महसूस किया जाता है लेकिन इस साल यह मई के अंत तक सक्रिय रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का बने रहना सामान्यतः मानसून के लिए प्रतिकूल माना जाता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**